फाल्गुन कृष्ण पक्ष, षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 1 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -190, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत ने कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को फटकारा 16

तेरा क्या होगा लवली में इलियाना और रणदीप 15

घाटमपुर के बरौली गांव में ईंट भट्ठे में श्रमिकों की नाबालिग बेटियों के साथ वारदात

## गैंगरेप के बाद चचेरी बहनों के शव पेड़ से लटके मिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर/घाटमपुर

- ठेकेदार और साथियों ने गैंगरेप कर बनाया अश्लील वीडियो, जबरन शराब पिलाकर की मारपीट
- गैंगरेप, पॉक्सो समेत कई गंभीर धाराओं में दर्ज की गई रिपोर्ट, तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार :** घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के बरौली गांव में गैंगरेप के बाद बुधवार रात नाबालिग चचेरी बहनों (16 और 14 वर्षीय) के शव पेड़ पर फांसी के फंदे से लटके मिले। दोनों के साथ मंगलवार रात नशे में धुत ईंट भट्ठे के ठेकेदार ने साथियों के साथ मिलकर गैंगरेप किया था। दोनों किशोरियों के अश्लील वीडियो बनाकर जबरन शराब और बीड़ी पिलाकर पीटा भी था। उस दौरान ईंट-भट्ठे में काम करने वाले लोग बाजार करने गए थे। 16 वर्षीय मृतका किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने ठेकेदार रामस्वरूप, रज्जू, संजय, अन्य के विरुद्ध गैंगरेप, पॉक्सो, आत्महत्या के लिए उकसाने, मारपीट, धमकी, आपत्तिजनक वीडियो, फोटो खींचने की एफआईआर दर्ज की है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

घाटमपुर के बरौली गांव में श्रीबालाजी भट्ठे में जिला हमीरपुर के थाना सिसौलर निवासी दो श्रमिक काम करते हैं। वह दोनों फुफेरे भाई हैं। दोनों ने पुलिस को बताया कि भट्ठे में रामस्वरूप ठेकेदारी करता है। मंगलवार शाम को हफ्ते भर का हिसाब हुआ तो पैसे मिलने पर वह और भट्ठे के अधिकतर श्रमिक परिवार बाजार चले गए थे। अपनी-अपनी झोपड़ी में 16 वर्षीय और 14 वर्षीय चचेरी बहनें अकेली थीं। इसी दौरान नशे में धुत ठेकेदार रामस्वरूप, उसका बेटा रज्जू, संजू और एक अन्य झोपड़ी में घुस गए और चचेरी बहनों के साथ गैंगरेप किया। दोनों को मारापीटा, जबरन शराब और बीड़ी पिलाई। अश्लील वीडियो भी बनाया। किशोरियों के पिता ने बताया कि वे लोग बाजार से लौटे तो लड़कियां रो रही थीं। पूछने पर उन्होंने हकीकत बताई।

श्रमिक जब विरोध जताने आरोपियों के पास पहुंचे तो अभद्रता करते हुए भगा दिया। बुधवार को दिन भर सभी पुलिस के पास जाने की सोचते रहे लेकिन डर से नहीं गए। बुधवार शाम दोनों किशोरियां खेलने निकलीं लेकिन लौटीं नहीं। रात 10 बज गया, दोनों नहीं लौटीं तो खोजबीन शुरू हुई। रात में करीब 11 बजे भट्ठे से कुछ दूर एक पेड़ से दोनों के शव लटके मिले। सूचना पर थाने की पुलिस पहुंची। गुरुवार सुबह संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) हरीश चन्दर, डीसीपी रविंद्र कुमार, एसीपी रंजीत कुमार भट्ठे पर पहुंचे। ठेकेदार रामस्वरूप, रज्जू व संजय को गिरफ्तार कर लिया गया है। भट्ठे के मुनीम, भट्ठा मालिक को नजरबंद कर दिया गया है। गुरुवार रात दोनों किशोरियों का पोस्टमार्टम तीन डॉक्टरों के पैनल ने किया। गांव में पुलिस-पीएसी तैनात कर दी गई है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद अन्य कार्रवाई होगी।

## अक्टूबर-दिसंबर में आर्थिक वृद्धि दर 8.4%

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनएसओ ने जारी किए आंकड़े, समूचे वित्त वर्ष में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान

देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष (2023-24) की तीसरी अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में तेजी से बढ़कर 8.4 प्रतिशत हो गई, जिसमें विनिर्माण, खनन और निर्माण क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन की अहम भूमिका रही है। आर्थिक वृद्धि का यह अनुमान जताए गए विभिन्न अनुमानों से कहीं अधिक है। आरबीआई ने तीसरी तिमाही में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत और पूरे वित्त वर्ष के लिए सात प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत रही है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 4.3 प्रतिशत रही थी। जीडीपी वृद्धि एक निश्चित अवधि में वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य में वृद्धि को दर्शाती है। इसके साथ ही एनएसओ ने राष्ट्रीय खातों के अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए देश की वृद्धि दर के बढ़कर 7.6 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है। इस साल जनवरी में जारी पहले अग्रिम अनुमान में जीडीपी वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था।

एनएसओ ने पिछले वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को भी संशोधित कर सात प्रतिशत कर दिया है। पहले इसके 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सकल मूल्य-वर्धन (जीवीए) के हिसाब से विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 11.6 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में इसमें 4.8 प्रतिशत की गिरावट आई थी।




केंद्रीय कैबिनेट ने दी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी

## देश में 1 करोड़ घरों को मिलेगी 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली

### छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 78,000 रुपये तक मिलेगी सब्सिडी

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दे दी। इस पर 75,021 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। योजना के तहत एक करोड़ घरों को छतों पर सौर संयंत्र लगाने के लिए 78,000 रुपये तक सब्सिडी और 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि छत पर सौर संयंत्र लगाने और एक करोड़ परिवारों को हर महीने प्रति परिवार 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त देने की योजना को मंजूरी दी गई है। प्रधानमंत्री ने 13 फरवरी, 2024 को यह योजना शुरू की थी। योजना के तहत दो किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए लागत का 60 प्रतिशत और दो किलोवाट से तीन किलोवाट क्षमता के बीच प्रणाली के लिए अतिरिक्त लागत के 40 प्रतिशत की केंद्रीय वित्तीय सहायता मिलेगी। यह सहायता तीन किलोवाट तक के लिए है।

मौजूदा मानक कीमतों पर देखा जाए तो एक किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए 30,000 रुपये, दो किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए 60,000 रुपये और तीन किलोवाट क्षमता या उससे अधिक के लिए सब्सिडी 78,000 रुपये होगी। योजना के तहत प्रत्येक जिले के एक गांव को 'मॉडल सोलर' गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। यह ग्रामीण क्षेत्रों में छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 'रोल मॉडल' के रूप में कार्य करेगा। इसके अलावा, स्थानीय शहरी निकायों और पंचायती राज संस्थानों को भी अपने क्षेत्रों में छतों पर सौर संयंत्र लगाने को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

### पीएम सूर्य घर पोर्टल पर करवा सकते हैं पंजीकरण

परिवार राष्ट्रीय पोर्टल पीएम सूर्य घर डॉट गॉव डॉट इन (https://pmsuryaghar.gov.in) के माध्यम से सब्सिडी के लिए आवेदन करेंगे और छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करने के लिए एक उपयुक्त विक्रेता का चयन कर सकेंगे। राष्ट्रीय पोर्टल के जरिए उपयुक्त सौर प्रणाली, लाभ आकलन, विक्रेता रेटिंग आदि जैसी जरूरी जानकारी उपलब्ध होगी। परिवार रिहायशी मकानों में छतों पर तीन किलोवाट तक की क्षमता के सौर संयंत्र लगाने के लिए करीब सात प्रति ब्याज पर बिना किसी गारंटी के कर्ज ले सकेंगे।

### अधिशेष बिजली की बिक्री से कर सकेंगे कमाई

इस योजना के माध्यम से, परिवार बिजली बिल बचाने के साथ-साथ वितरण कंपनियों को अधिशेष बिजली की बिक्री के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। घर में अगर तीन किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली लगाई जाती है, तो इससे प्रतिमाह औसतन 300 से अधिक यूनिट बिजली पैदा की जा सकेगी। अनुमान है कि इस योजना से प्रत्यक्ष रूप से लगभग 17 लाख नौकरियां सृजित होंगी।

### अन्य फैसले...

- बाघों के संरक्षण को इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस का होगा गठन
- तीन सेमीकंडक्टर इकाइयां स्थापित किए जाने पर भी लगी मुहर
- 12 महत्वपूर्ण एवं सामरिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय की गई
- राष्ट्रीय एक स्वास्थ्य संस्थान, नागपुर में निदेशक पद सृजन को मंजूरी

**पीएंडके उर्वरकों पर 24,420 करोड़ रुपये सब्सिडी :** सरकार ने आगामी खरीफ सत्र के लिए फॉस्फेटिक एवं पोटाश (पीएंडके) उर्वरकों पर 24,420 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने की घोषणा की। कहा है कि किसानों को प्रमुख पोषक तत्व डीएपी 1,350 रुपये प्रति क्विंटल के दाम पर मिलती रहेगी। कैबिनेट बैठक में पीएंडके उर्वरकों पर 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक के खरीफ सत्र के लिए पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी दरें तय करने के लिए उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आगामी खरीफ सत्र के लिए नाइट्रोजन पर सब्सिडी 47.02 रुपये, फॉस्फेटिक पर 28.72 रुपये, पोटाश पर 2.38 रुपये और सल्फर पर 1.89 रुपये प्रति किलोग्राम तय की गई है।

### एक नजर

**चालक रहित ट्रेन मामले में लोको पायलट बर्खास्त**

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने जम्मू के कठुआ से पंजाब के उच्ची बस्सी तक लगभग 78 किलोमीटर तक बिना चालक के चलने वाली एक मालगाड़ी के लोको पायलट को सेवा से हटा दिया है। उन्होंने कहा कि उसकी लापरवाही के कारण एक बड़ा हादसा हो सकता था।

**ओपीएस लागू नहीं होने पर हड़ताल की दी धमकी**

**नई दिल्ली।** ज्वाइंट फोरम फॉर रिस्टोरेशन ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम (जेएफआरओपीएस) के तहत एकजुट हुईं रेलवे कर्मचारियों व श्रमिक यूनियनों ने धमकी दी है कि अगर पुरानी पेंशन योजना लागू करने की उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे एक मई से देश भर में सभी ट्रेन सेवाओं का संचालन बंद कर देंगी, हड़ताल किया जाएगा।

## सीरियल बम विस्फोट केस में करीम टुंडा बरी

जयपुर, एजेंसी



- 1993 में देशभर में पांच ट्रेनों में हुए थे सिलसिलेवार धमाके
- अजमेर की टाडा कोर्ट ने दो अन्य आरोपियों को दी उम्रकैद

अजमेर की एक विशेष अदालत ने 1993 में कई ट्रेनों में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोटों के मामले में मुख्य आरोपी अब्दुल करीम टुंडा को गुरुवार को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत पेश नहीं कर सका।

न्यायाधीश महावीर प्रसाद गुप्ता की टाडा अदालत ने दो अन्य आरोपियों-इरफान और हमीदुद्दीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। भारत में वांछित आतंकवादी दाऊद इब्राहिम के घनिष्ठ सहयोगी टुंडा (81) पर दिसंबर 1993 में बाबरी मस्जिद विध्वंस की पहली बरसी पर विभिन्न शहरों में पांच ट्रेनों में विस्फोट करने का आरोप है। इन बम धमाकों में दो लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। टुंडा के वकील शफकतुल्लाह सुल्तानी ने अजमेर में संवाददाताओं से कहा कि अदालत ने अब्दुल करीम टुंडा को उसके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से बरी कर दिया। टाडा अदालत ने 5-6 दिसंबर 1993 की रात लखनऊ, कानपुर, हैदराबाद, सूरत और मुंबई में यात्री ट्रेनों में हुए विस्फोटों के मामले में मुख्य आरोपी टुंडा और सह आरोपियों इरफान उर्फ पप्पू और हमीदुद्दीन- के खिलाफ 30 सितंबर 2021 की आरोप तय किए थे।

### धमाकों में हुई थीं दो मौतें, 22 लोग हुए थे घायल

नई दिल्ली और हावड़ा जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनों, नई दिल्ली-मुंबई राजधानी एक्सप्रेस, सूरत-बड़ौदा फ्लाइंग क्वीन एक्सप्रेस और हैदराबाद-नई दिल्ली एपी एक्सप्रेस में हुए विस्फोटों में दो लोग मारे गए थे और कम से कम 22 घायल हो गए थे। आरोपियों के खिलाफ आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के साथ ही विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की रोकथाम अधिनियम और भारतीय रेलवे अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे।

## भाजपा के प्रकोष्ठ के तौर पर काम करती है सीबीआई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- सीबीआई के समन पर अखिलेश यादव का भाजपा पर पलटवार
- बोले-पांच साल तक क्यों नहीं भेजा समन, चुनाव के करीब ही क्यों

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव अवैध खनन मामले में गुरुवार को पूछताछ के लिए सीबीआई के सामने हाजिर नहीं हुए, लेकिन जवाब जरूर दिया है। सपा प्रमुख ने सीबीआई से जांच दिल्ली की जगह लखनऊ में कराने की मांग की है। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ने का भी प्रस्ताव रखा है।

सूत्रों के मुताबिक, अखिलेश यादव ने समन के जवाब में कहा कि जांच में सहयोग के लिए तैयार हूं, लखनऊ में जांच हो या फिर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भी जुड़ सकता हूं। साथ ही सवाल भी उठाया कि चुनाव से पहले ही नोटिस क्यों भेजा है? 2019 के बाद यानी पिछले 5 सालों में कोई जानकारी क्यों नहीं मांगी गई? अखिलेश ने गुरुवार को लखनऊ में पार्टी कार्यालय पर पीडीए की बैठक को संबोधित किया। बैठक में उन्होंने कहा, भाजपा इस समय सबसे कमजोर स्थिति में है। वह संवैधानिक संस्थाओं को अपने प्रकोष्ठ की तरह प्रयोग कर रही है। अखिलेश की पत्नी और सपा सांसद डिंपल यादव ने भी कहा, वे ऐसे पहले नेता प्रतिपक्ष नहीं हैं जिन्हें समन भेजा गया है। लगातार नेताओं, उद्योगपतियों, व्यापारियों, छोटे व्यापारियों पर दबाव बनाया जा रहा है।

## अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य सलाहकार सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी का कार्यकाल शासन ने एक साल के लिए बढ़ा दिया है। गुरुवार को जारी नए आदेश के बाद अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक मार्च 2024 से 28 फरवरी 2025 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। उप्र. कैडर के 1987 बैच के आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी का कार्यकाल दूसरी बार बढ़ाया गया है। इससे पहले उनका कार्यकाल 1 मार्च 2023 से 29 फरवरी 2024 तक बढ़ा था।

## संदेशखालि : शाहजहां शेख गिरफ्तार टीएमसी से 6 साल के लिए निलंबित

- ईडी टीम पर हमले के मामले में फरार था बाहुबली नेता
- हाईकोर्ट की सख्ती पर की गई गिरफ्तारी की कार्रवाई



**बशीरहाट, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के नेतृत्व में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन और कई दिनों तक चले सियासी संग्राम के बाद गुरुवार तड़के 55 दिनों से फरार तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख को गिरफ्तार कर लिया गया। शेख पर यौन उत्पीड़न एवं जमीन हड़पने का आरोप है। हालांकि उसकी गिरफ्तारी ईडी की टीम पर हमला करने के मामले में हुई है। इस बीच तृणमूल कांग्रेस ने शेख को पार्टी से छह साल के लिए निलंबित कर दिया है।

पार्टी नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोपी शाहजहां शेख को छह वर्ष के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया। संदेशखालि विधानसभा क्षेत्र का पार्टी संयोजक शेख उत्तर 24 परगना जिला परिषद के सदस्य भी था।

एडीजी (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने कहा कि शेख को उत्तर 24 परगना जिले के सुंदरवन के बाहरी इलाके में संदेशखालि से लगभग 30 किमी दूर मिनाखान थाना क्षेत्र में एक घर से गिरफ्तार किया गया। शेख कुछ साथियों के साथ उस घर में छिपा था। गिरफ्तारी के बाद उसे बशीर हाट कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। सफेद कुर्ता-पायजामा पहने शेख सुबह करीब 10 बजकर 40 बजे हवालात से बाहर आया और अदालत कक्ष की ओर गया। उसने वहां इंतजार कर रहे मीडियाकर्मियों की तरफ हाथ हिलाया। मुश्किल से दो मिनट तक चली अदालती सुनवाई के बाद उसे कोलकाता के भवानी भवन ले जाया गया, जो पुलिस मुख्यालय है।

## पहली मार्च से शुरू होगी गेहूं की सरकारी खरीद

- 2275 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है समर्थन मूल्य

**लखनऊ।** पहली मार्च यानी आज से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होगी, जो 15 जून तक चलेगी। सरकार ने 2275 रुपये प्रति कुंतल गेहूं का समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। राज्य सरकार ने निर्देश दिया है कि इस दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने चाहिए। गेहूं की बिक्री हेतु किसानों को खाद्य व रसद विभाग के पोर्टल पर विभाग के मोबाइल एप पर पंजीकरण-नवीनीकरण कराना अनिवार्य है।

वहीं, विभाग की ओर से किसानों से अनुरोध किया गया है कि गेहूं को ओसाकर, मिट्टी, कंकड़, धूल आदि को साफकर अच्छी तरह से सुखाकर ही क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए लेकर जाएं। इस वर्ष बटाईदार किसानों द्वारा भी पंजीकरण कराते हुए गेहूं की बिक्री की जा सकेगी। खाद्य एवं रसद विभाग के पोर्टल पर अब तक 1,09,709 किसान पंजीयन करा चुके हैं। किसी भी विषम परिस्थितियों के लिए खाद्य व रसद विभाग ने टोल फ्री नंबर 18001800150 जारी किया है।

## हिमाचल में कांग्रेस के छह विधायक अयोग्य करार, जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

शिमला, एजेंसी

- विधानसभा अध्यक्ष ने दल बदल कानून के तहत की कार्रवाई
- राज्यसभा के लिए वोटिंग में भाजपा प्रत्याशी को दिया था वोट

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने राज्य की एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए हाल ही में हुए चुनाव में 'क्रॉस वोटिंग' करने के लिए गुरुवार को छह कांग्रेस विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया। बागी विधायकों ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का निर्णय लिया है। बागी विधायकों ने वित्त विधेयक पर सरकार के पक्ष में मतदान करने के पार्टी व्हिप की अवहेलना करते हुए विधानसभा में बजट पर मतदान से भी परहेज किया था।

### पार्टी में सभी मतभेद दूर, संकट खत्म : शिवकुमार



**शिमला।** कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक डीके शिवकुमार ने गुरुवार को घोषणा की कि सभी मतभेद दूर हो गए हैं। सभी आंतरिक मामलों को सुलझाने के लिए एक समन्वय समिति बनाने का निर्णय लिया गया है। दावा किया कि राज्य की कांग्रेस सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। शिवकुमार ने ये बातें संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहीं, जिसमें दो अन्य केंद्रीय पर्यवेक्षक भूपेंद्र सिंह हुड्डा और भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और हिमाचल कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी शामिल थीं।

अयोग्य घोषित किए गए विधायकों में राजेंद्र राणा, सुधीर शर्मा, इंद्रदत्त लखनपाल, देवेंद्र कुमार भुट्टो, रवि ठाकुर और चैतन्य शर्मा शामिल हैं। बागी विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद सदन में कुल विधायकों की संख्या 68 से घटकर 62 रह गई है। इससे कांग्रेस विधायकों की संख्या 40 से घटकर 34 हो गई है।

## पाकिस्तान भाजपा के लिए दुश्मन, हमारे लिए पड़ोसी देश

**बेंगलुरु।** कर्नाटक राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत के बाद पाकिस्तान समर्थक नारे लगने का मामला बढ़ता जा रहा है। इस मामले पर विधानसभा में भाजपा नेताओं ने हंगामा भी किया। इस बीच कांग्रेस नेता बीके हरिप्रसाद ने पाकिस्तान को लेकर एक ऐसा बयान दिया, जिसने मामले को और बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भाजपा के लिए दुश्मन हो सकता है, लेकिन कांग्रेस के लिए एक पड़ोसी देश है। हरिप्रसाद के इस बयान पर भाजपा ने कांग्रेस पर देश विरोधी भावनाएं उकसाने का आरोप लगाया है।

## 'प्रतिभा' से ग्रामीण क्षेत्रों में लाएंगे नवाचार

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ



- ग्रामीण विकास मंत्रालय का विकसित किया गया पोर्टल जल्द होगा लागू
- फ्लैगशिप कार्यक्रमों को मिलेगा बढ़ावा, सभी जिलाधिकारियों को पत्र

**अमृत विचार :** प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में विकास के लिए अनुसंधान और नवाचार अपनाया जाएगा। इसके प्रोत्साहन के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रोग्राम फॉर एक्शन थ्रू इंटर्नशिप भारत (प्रतिभा) पोर्टल विकसित किया है।

ये पोर्टल जल्द ग्रामीण इलाकों में लागू होगा। इससे माध्यम से विकास मंत्रालय के फ्लैगशिप यानी महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों को बढ़ावा मिलेगा। संचालन के लिए ग्राम पंचायतों में प्रशिक्षित युवक (इंटर्न्स) रखे जाएंगे। इन्हें ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय से जुड़े सभी कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह ग्रामीणों को प्रेरित करेंगे और विकास के क्षेत्र में नवाचार पर काम करेंगे। गांव की बेहतरी के लिए क्या जरूरी है, इसकी खोज कर क्रियान्वयन भी करेंगे। शासन ने सभी जिलाधिकारी को पोर्टल के क्रियान्वयन के लिए पत्र जारी किया है। लखनऊ में इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है।

### हर ग्राम पंचायत पर रखे जाएंगे दो युवक

हर ग्राम पंचायत पर दो युवक रखे जाएंगे। इनका चयन दो माह के अंदर जिले स्तर पर होना है। विभाग युवाओं को कौशल उन्नयन के लिए प्रशिक्षित करेगा। इसके बाद राज्य, जिला, ब्लॉक, उत्पादक, उद्यम, क्लस्टर, ग्राम पंचायत या फिर ग्रामीण विकास मंत्रालय की किसी योजना में तैनात किए जाएंगे। जो विकास के क्षेत्र में काम करेंगे। जिला स्तर पर इंटर्नशिप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिलाधिकारी बनाए गए हैं।

> ग्रामीण विकास मंत्रालय की यह पहल है। नवाचार से गांव के विकास में और बेहतरी आएगी। योजनाओं का क्रियान्वयन होगा और ग्रामीणों को उसका लाभ मिलेगा। इस पर काम करेंगे। – **हिमांशू शेखर ठाकुर,** जिला पंचायत राज अधिकारी, लखनऊ

## एक नजर

### जेल में कैदी की मौत

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र के लोकेंद्र विहार निवासी 63 वर्षीय जागेंद्र सिंह की जेल में मौत हो गई। बेटे महेंद्र ने बताया कि बीती 31 जनवरी को उन्हें एनडीपीएस के मामले में दस वर्ष की सजा हुई थी। तब से वह जेल में बंद थे। इस बीच उनका स्वास्थ्य काफी खराब हो गया था। पैर में गैंगरीन भी हो गया था। जिसका ऑपरेशन भी कराया गया था।

### कमिश्नर ने किया निरीक्षण

**कानपुर।** पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने जाजमऊ थानाक्षेत्र में निरीक्षण किया। इस दौरान ओवरसीज टेनरी, पुराना बीमा अस्पताल वाली गली, 150 फिट रोड पर अधिष्ठापित सीसीटीवी को चेक कर संबंधित को दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने इसके बाद जाजमऊ थाने का निरीक्षण कर उपस्थित स्टॉफ को थाना क्षेत्र के सभी प्रमुख स्थानों और चौराहो पर ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरे लगाने और उनकी मैपिंग करने के सम्बन्ध में निर्देश दिए।

# सभी अवैध विज्ञापनों को 24 घंटे में हटवा दें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर निगम ने सभी जोनल अभियंताओं को दिए निर्देश



**अमृत विचार।** शहर में अवैध होर्डिंग-बैनर और वाल पेंटिंग को अगले 24 घंटे में हटाना होगा। अपर नगर आयुक्त ने अपने सभी जोनल अभियंताओं को अभियान चलाकर अवैध विज्ञापनों की सफाई कराने को कहा है। इसको लेकर वार्ड वार टीमें भी गठित कर दी हैं।

लोकसभा चुनाव की अधिसूचना कभी भी जारी हो सकती है। शहर में राजनीतिक व गैर राजनीतिक विज्ञापन बिना शुल्क जमा कराये ही लगाए जा रहे हैं। डीएम ने भी इसे शहर की सुंदरता में बाधक बताते हुये कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। नगर निगम ने पिछले दो सप्ताह में कई बड़ी कंपनियों और नेताओं को जुर्माने का नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही हर जोन में कार्रवाई की है। अब चुनाव की तिथियां कभी भी जारी हो सकती हैं इसको लेकर नगर निगम सख्त हो गया है। अपर नगर आयुक्त मो. आवेश ने जोनल अभियंताओं को निर्देश दिये हैं कि 24 घंटे के अंदर सभी अवैध विज्ञापनों को पूर्ण रूप से साफ कर दिया जाये।

# बोर्ड परीक्षा क्यों होती, जीवनी याद करने से क्या होगा

**यूपी बोर्ड**

- मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र में बच्चे पूछ रहे रोचक सवाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र में परीक्षार्थियों की ओर से तमाम प्रश्न पूछे जा रहे हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही मोड से परीक्षार्थी जुड़ रहे हैं। परीक्षा का डर, भूल जाने की प्रवृत्ति और तनाव के बीच बच्चे कुछ ऐसे रोचक प्रश्न भी पूछ रहे हैं जो मनोवैज्ञानिकों के लिए भी चुनौती बन रहे हैं। ऐसे प्रश्नों को मनोवैज्ञानिक 'भ्रम' और 'डर' से उपजे प्रश्न मान कर काउंसिलिंग कर रहे हैं।

यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए जनवरी महीने से जिले में काउंसिलिंग सेल की सुविधा दी गई है। शिक्षा विभाग की ओर से इसे ऑनलाइन मोड से भी जोड़ दिया गया है।

चुन्नीगंज स्थित मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र में 300 से अधिक कॉल आ चुकी हैं। मंडलीय मनोवैज्ञानिक डॉ. नरेश चंद्र ने बताया कि गंभीर काउंसिलिंग के बीच कई फोन ऐसे आए जिन्हें सुन काउंसिलिंग केंद्र का माहौल आनंद से भर गया।

### कटिंग बहुत हो गई, मैं फेल हो जाऊंगा क्या

निराला नगर से इंटर की एक छात्रा ने फोन कर पूछा कि 'सर, आंसर देते हुए पेपर में कटिंग बहुत हो गई है, कोचिंग में कहा जा रहा है कि नंबर कम आएंगे ऐसा है क्या' इसके जवाब में काउंसलर ने छात्रा को बताया कि सुलेख का महत्व तो पड़ता है, लेकिन कटिंग के बाद भी सही उत्तर के नंबर मिलते हैं।

**02** महीने से चल रहा है काउंसिलिंग सेल

**300** कॉल अब तक दो महीने में आईं

**43** बच्चों ने किया फोन 22 फरवरी के बाद



### ऐसे प्रश्नों की भरमार है

मनोविज्ञान केंद्र की सहायक मनोवैज्ञानिक संध्या शुक्ला ने बताया कि ऐसे भी प्रश्नों की भरमार है जिनमें बच्चों के भीतर परीक्षा का डर साफ झलकता है। काउंसिलिंग से उस डर को दूर किया जाता है।

सर, पूरे साल पढ़ाई की थी, अब सब भूल गया हूं

पेपर में सब अच्छा लिखा अब लगता है गलत उत्तर दिए

मै स्पोर्ट्स में अपना भविष्य बनाना चाहता हूं, घर वाले नहीं मान रहे

पेपर देते जाते समय बहुत डर लगता है क्या करूं

सर, पेपर के एक दिन पहले नींद नहीं आती है

सर, डर लगता है कि यदि मैं फेल हो गया तो क्या होगा

### जीवनी को कोर्स में क्यों रखा जाता

पनकी इलाके से हाईस्कूल के एक छात्र ने प्रश्न पूछा कि 'सर यह जीवनी याद करने से आगे क्या फायदा होगा, बहुत प्रयास के बाद भी याद नहीं हो रही है, इसे कोर्स में क्यों रखा जाता है'।

### बोर्ड परीक्षा भी स्कूल में कराई जाए

आजाद नगर के हाई स्कूल के एक छात्र ने प्रश्न किया कि 'सर बोर्ड परीक्षा क्यों ली जाती है, जब हर क्लास में हम लोग परीक्षा देते हैं तो इस परीक्षा को भी स्कूल में ही कराया जाए'।



चुन्नीगंज में पड़े मलबे को उठवाते नगर निगम के अधिकारी। अमृत विचार



एक-दो जगह लोगों ने विरोध किया। अमृत विचार

# नगर निगम ने शुरू किया मलबा उठवाना, अब चलेगा अभियान

- अमृत विचार के खुलासे के बाद कार्रवाई
- चुन्नीगंज से उठाये गए ईंट पत्थर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एलआईयू ने कहा था ईंट-पत्थर बन सकते खतरा
- चुन्नीगंज समेत कई क्षेत्रों में नगर निगम का अभियान



सावधान! कहीं मलबा न तोड़ दे 'मोहब्बत का मकान'

**अमृत विचार।** अमृत विचार के खुलासे के बाद नगर निगम ने गुरुवार से शहर की सड़कों किनारे पड़े मलबे को हटाना शुरू कर दिया। एलआईयू की रिपोर्ट के आधार पर जिला प्रशासन की ओर से भेजे गये पत्र के बाद नगर निगम जोनवार अभियान चलाकर चिह्नित स्थानों से मलबा हटाएगा।

पहले दिन गुरुवार को चुन्नीगंज क्षेत्र में बस अड्डे के बगल में पड़े मलबे को हटाया गया। अधिकारियों ने यहां बड़ी मात्रा में मलबे को जब्त किया। दूसरे स्थानों पर भी अधिकारी दस्ते के साथ पहुंचे और मलबे को उठवाया।

शहर के अति-संवेदनशील इलाकों की सड़कों पर पड़े ईंट-पत्थर (मलबा) हटाने के लिये एलआईयू ने डीएम को पत्र लिखा है। शहर के 18 अति संवेदनशील क्षेत्रों में 21 स्थानों पर बड़ी मात्रा में मलबा मिला है। जिसपर एलआईयू ने आशंका जताई थी कि यदि किसी कारण से माहौल बिगड़ा तो दंगाई इस मलबे, ईंट-पत्थर का दुष्प्रयोग कर सकते हैं जो शहर की शांति व्यवस्था, प्रेम-सौहार्द्र, एकता के लिये बड़ी चुनौती बन सकता है। इसके अलावा लोकसभा चुनाव भी आ रहा है। माहौल बिगाड़ने में ईंट-पत्थरों का इस्तेमाल हो सकता है। अमृत विचार ने गुरुवार के अंक में इसका खुलासा किया था। अपर पुलिस उपायुक्त अभिसूचना राजेश कुमार श्रीवास्तव की ओर से डीएम के साथ ही नगर आयुक्त नगर निगम को भी पत्र भेजा गया है। कहा गया है कि जहां-जहां मलबा पड़ा है उसे हटाया जाये। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि जिला प्रशासन से मिली सूची के तहत अभियान चलाकर हम सड़कों से मलबा हटवा रहे हैं।

### इन स्थानों पर पड़ा है मलबा

शिवाला तिराहा से संगम लाल तिराहा जाने वाले मार्ग पर, राम मोहन हाता गेट के सामने, मेस्टन रोड बीच वाले मंदिर के सामने, नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रतिमा के पास, मेस्टन रोड मरकज मस्जिद के सामने लगे बड़े वाले ट्रांसफार्मर के पास, दयानंद विधि विद्यालय गेट के पास दीवार के किनारे, महमूदिया मस्जिद अजीतगंज थाना क्षेत्र बाबूपुरवा के निकट, बगाही ईदगाह बेगमपुरवा मस्जिद के मुख्य गेट के सामने, शीबा इलेक्ट्रानिक के सामने, बगाही ईदगाह की बाउंड्री के निकट, मारफूल इस्लाम मस्जितद खटिकाना के सामने वाली गली के अंदर, वारसी चिकन दरबार बाकरगंज रोड, हमदर्द दवाखाना के सामने नई सड़क बेकनगंज, एहसान हॉल के सामने पानी की टंकी के पास, चीना पार्क के पास, राधा कृष्ण मंदिर के पास कार्यस्थाना रोड, अकरम मस्जिद के पास, प्राइमरी स्कूल के पीछे दलेलपुरवा, बड़ा शिव मंदिर मसवानपुर दिक्षिणी दिशा के पास, खुशालेश्वर मंदिर के सामने निर्माणाधीन पुलिया के पास, सैय्यद बाबा मजार मोड़ सैय्यद नगर, शिवकुमारी इंटर कॉलेज के सामने खाली पड़े मैदान में मलबा पड़ा है।

# गुंडों का साथ, व्हाट्सएप ग्रुप 307

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लूट, हत्या का प्रयास, दुष्कर्म, कुकर्म, रंगदारी, आर्म्स एक्ट समेत अन्य संगीन मामलों के आरोपी एक लाख के इनामी हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर को गुरुवार को पुलिस ने जेल भेजा। 28 जनवरी को अपना दल एस की रैली पर पथराव करने पर हिस्ट्रीशीटर और उसके साथियों के खिलाफ हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके बाद हिस्ट्रीशीटर ने हत्या के प्रयास की धारा के अनुसार 307 के नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया था जिसमें हिस्ट्रीशीटर समेत नामजद आठ आरोपी मेंबर थे। पुलिस की सारी एक्टिविटी व अखबारों में प्रकाशित होने वाली खबरें ग्रुप में शेयर की जाती थीं। सभी आरोपी एक दूसरे से सरेंडर करने पर भी चर्चा करते थे।

बर्रा के जरौली में 28 जनवरी को अपना दल एस की रैली पर हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर, गुर्गे शिवांश ठाकुर, अभय भदौरिया, आकाश द्विवेदी, शिवम सोनकर, साहिल सोनकर उर्फ शेरा व गौतम मोगा ने मारपीट व पथराव किया था। जिसमें चार लोग घायल हो गए थे और एक दर्जन से अधिक गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं थीं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। जिसके बाद से हिस्ट्रीशीटर समेत उसके साथी फरार चल रहे थे। फरार आरोपियों पर 25-25 हजार व हिस्ट्रीशीटर पर एक लाख का इनाम घोषित किया था। पुलिस मामले को दो आरोपियों को जेल भेज चुकी थी। वहीं एक लाख के इनामी अजय ठाकुर को पुलिस ने दिल्ली के रोहिणी जिले से गिरफ्तार किया था। गुरुवार को डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार में प्रेस कांफ्रेस में बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी सबसे पहले कानपुर देहात, रूरा गया था। इसके बाद घाटमपुर और फिर पंजाब पहुंचा। पंजाब में पुलिस टीम पहुंची तब तक अजय ठाकुर फरार हो गया था। पंजाब के बाद अजय दिल्ली के रोहिणी जिला निवासी अपने रिश्तेदार के घर में छिपा हुआ था। जिसे पकड़ा गया।



पुलिस हिरासत में हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर। अमृत विचार

### 25 साल की उम्र में 26 मुकदमे

हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ वर्ष 2016 में बर्रा थाने में बंधक बनाकर रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज किया गया था। पहला मुकदमा दर्ज होने के दौरान हिस्ट्रीशीटर की उम्र महज 17 साल की थी। इसके बाद दूसरा मुकदमा आर्म्स एक्ट का दर्ज किया गया। इसके बाद आरोपी के खिलाफ बर्रा, नौबस्ता, गोविंद नगर, किदवई नगर में रेप, कुकर्म, पॉक्सो एक्ट, हत्या का प्रयास, घर में घुसकर मारपीट, लूट समेत तमाम धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। अपना दल एस की रैली पर हमला करने के बाद हिस्ट्रीशीटर ने बर्रा थाना क्षेत्र निवासी किशोरी का अश्लील वीडियो वायरल करने के नाम पर उसके भाई से रंगदारी मांगी थी। जिसके बाद पुलिस ने 26वां मुकदमा हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ दर्ज किया। डीसीपी ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ 25 साल की उम्र में 26 मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

- अजय ठाकुर ने बनाया था ग्रुप, आरोपी थे सदस्य
- पुलिस की एक्टिविटी पर आपस में होती थी चर्चा

# रोगों की रोकथाम के लिए दिए गए टिप्स

**कानपुर।** सभी आशा कार्यकर्ताओं को संचारी रोगों की रोकथाम, नियंत्रण और क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। आशा गंदगी वाले स्थानों को चिन्हित करने, घर-घर स्टीकर चस्पा करने और बीमार लोगों को सूची बनाने काम करेंगी। उनको प्रशिक्षण भी दिया गया।

जिला मलेरिया अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि जिन स्थानों पर बड़ी संख्या में लोग डेंगू, मलेरिया या चिकनगुनिया जैसे बुखार से प्रभावित होते हैं, उन स्थानों पर मच्छरों की पहचान करना जरूरी है ताकि पता चल सके कि किन मच्छरों की वजह से बीमारियां फैल रही हैं। समय रहते इन मच्छरों को पनपने से रोक कर बीमारी पर नियंत्रण किया जा सकता है। प्रशिक्षण में डेंगू और मलेरिया बुखार के मच्छरों की सही पहचान के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ उनको कुछ दवाएं भी वितरित की गई। सहयोगी संस्था गोदरेज, पाथ-सीएचआरआई से मुख्य प्रशिक्षक आईवीएम समन्वयक सीताराम चौधरी ने बताया कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए सर्वे और सोर्स रिडक्शन (मच्छर जनित स्रोत का नष्टीकरण) बहुत ही महत्वपूर्ण होता है।

# बुजुर्ग ने फंदा लगाकर दी जान

**कानपुर देहात।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य के दादा ने संदिग्ध हालत में घर के सामने मंदिर के पास पेड़ से फंदा लगाकर जान दे दी।

बारा जिला पंचायत सीट से सदस्य रहे देवराज सिंह के दादा मान सिंह (65) निवासी ग्राम पंचायत मटियामऊ के मजरा गौरन बिलई ने गुरुवार की दोपहर में घर के सामने बने मंदिर परिसर में खड़े नीम के पेड़ पर रस्सी के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी।

जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। हालांकि परिजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी और शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने कहा कि मामले की जानकारी की जाएगी।

# विवाहिता की हुई मौत ससुरालियों पर आरोप

संवाददाता सिकंदरा

**अमृत विचार।** शादी के एक वर्ष बाद ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर नवविवाहिता को मारपीट कर घायल कर दिया। हालत गंभीर होने पर ससुरालीजन उसे अकबरपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराकर फरार हो गए। अस्पताल में इलाज के दौरान नवविवाहिता ने दम तोड़ दिया।

गुरुवार को बदनपुर थाना गोहन जिला जालौन निवासी ताजुद्दीन ने सिकंदरा थाना पुलिस को बताया कि उसकी बहन सबीना का निकाह करीब एक वर्ष पूर्व सिकंदरा कस्बे के गांधीनगर निवासी सद्दाम पुत्र कल्लन के साथ विवाह हुआ था।

शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुराली बहन के साथ आए दिन मारपीट व प्रताड़ित करते और अतिरिक्त दहेज की मांग करते। करीब 25 दिन पूर्व बहन के साथ बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया और हालत गंभीर होने पर अकबरपुर के रूरा रोड स्थित अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बुधवार को उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी सिकंदरा महेश कुमार ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# आज व कल बारिश के साथ ओलावृष्टि की संभावना

**कानपुर देहात।** जिले में पिछले कई दिनों से बदले मौसम के चलते तापमान में तेजी से इजाफा हो रहा है। गुरुवार को तेज धूप हुई तो घर से जैकेट, स्वेटर पहनकर निकले लोगों को परेशान होना पड़ा। जब गर्मी बर्दाश्त नहीं हुई तो उन्होंने गर्म कपड़े उतारकर रख लिए। हालांकि शुक्रवार से दो दिन फिर मौसम में बदलाव होने का अनुमान है। जिससे तेज हवाओं के साथ बारिश व ओलावृष्टि होने का अनुमान है।

गुरुवार सुबह आसमान साफ होने के कारण सुबह से ही खिली धूप निकल आई। दोपहर में धूप ऐसी हो गई थी कि लोग ज्यादा देर तक धूप में नहीं रह पा रहे थे। दोपहर बाद धूप हल्की हुई तो लोगों को हल्की ठंड का फिर से अहसास हुआ। गुरुवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा। जोकि सामान्य से 0.8 डिग्री सेल्सियस अधिक था। वहीं न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# चाचा कहकर पैर छुए और 30 हजार पार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अरे चाचा प्रणाम हैलट में कैसे आए आप। बैठो आप बाइक पर कुछ बात करनी है। यह बातें बोलकर टप्पेबाजों ने बुजुर्ग को हैलट के वाहन स्टैंड के पास से बाइक पर बैठाया और मोर्च्यूरी तक ले गए। रास्ते में उनकी जेब काटकर युवकों ने 30 हजार रुपये पार कर दिए।



राम खिलावन।

कन्नौज में तिर्वा क्रॉसिंग हौदापुर निवासी राम खिलावन अपनी पत्नी माया का इलाज कराने शुक्रवार को हैलट अस्पताल आए थे। डॉक्टरों ने महिला को नाक-कान व गला विभाग के वार्ड 21 में भर्ती किया। गुरुवार दोपहर वह किसी काम से वाहन स्टैंड के पास आए। इसी बीच बाइक सवार दो युवक आए, एक युवक पैर छूकर बोला, चाचा प्रणाम। हम राजेश और पप्पू के दोस्त हैं। आप कुछ परेशान लग रहे हैं, बाइक पर बैठिये कुछ बात करनी है। वह उनके झांसे में आकर बाइक पर बैठ गए। आरोप है कि वाहन स्टैंड से मोर्च्यूरी तक पहुंचने के बीच बाइक सवार युवक ने पैंट की जेब काटकर उसमे रखे 30 हजार रुपये निकाल लिए। उसके बाद वह उनको उतारकर स्वरूप थाने के सामने से भाग गए। बाद में जेब कटी देख पीड़ित ने मामले की सूचना हैलट में मौजूद गार्ड को दी। हैलट चौकी इंचार्ज पंकज कुमार भी आ गए। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज देखा, जिसमें बाइक सवार दो युवक कैद हैं जिनको पीड़ित ने पहचान लिया है। पीड़ित ने बताया कि वह राजेश, पप्पू को नहीं जानते, टप्पेबाजों के झांसे में आ गए। चौकी प्रभारी के मुताबिक 14 हजार की टप्पेबाजी की तहरीर दी है।

**चुनाव की तैयारी** — नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी, 1 से 15 मार्च तक चलाया जाएगा अभियान

# जनता के सुझावों से अपना घोषणा पत्र बनाएगी भाजपा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान के अंतर्गत आम जनता से अपने घोषणा पत्र के लिए सुझाव लेगी। पार्टी ने तय किया है कि हर लोकसभा में एलईडी वैन, डिजिटल तथा सुझाव पेटी के माध्यम से आम जनता से अपने चुनावी घोषणा पत्र के लिए सुझाव इकट्ठे किये जायेंगे। एलईडी वैन प्रत्येक लोकसभा में प्रमुख स्थानों पर जाएगी और वहां पर जनता से पत्र के माध्यम से सुझाव भरवा कर जमा किए जाएंगे।

क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने केशव नगर स्थित भाजपा के क्षेत्रीय मुख्यालय में क्षेत्रीय पदाधिकारियों, विभिन्न अभियान प्रमुखों के साथ बैठक में समीक्षा करते हुये कहा कि 1 से 15 मार्च तक चलेगा अभियान चलेगा। भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो घोषणा पत्र को संकल्प पत्र बोलती है। हमेशा हमने जो वायदे किये हैं जनता से, उनको पूरा किया है। उन्होंने बताया कि लोकसभा में एलईडी वैन के अलावा भाजपा सभी जिलों एवं विधानसभाओं में संवाद कार्यक्रम करेगी तथा कोहॉर्ट ग्रुप के माध्यम से विभिन्न व्यावसायिक, वाणिज्यिक एवं अपने-अपने क्षेत्र में प्रमुख लोगों से घोषणा पत्र के लिए सुझाव एकत्रित करेगी। उन्होंने बताया कि अपने सभी प्रकोष्ठों के माध्यम से भी विधानसभा और जिला स्तर पर कार्यक्रम और गोष्ठियां होंगी। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि भाजपा घर-घर जनसंपर्क कर रही है। इसमें भी नमो ऐप के माध्यम से सुझाव लिए जाएंगे। पार्टी ने इसके लिए डिजिटल माध्यम का भी प्रयोग सुनिश्चित किया है।

### नंबर पर भेज सकेंगे सुझाव

उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति 9090902024 नंबर पर कॉल करके अपने सुझाव रिकॉर्ड करके भी सीधे पार्टी को भेज सकता है। विभिन्न प्रमुख स्थानों जैसे बाजार, बस्ती, साप्ताहिक बाज़ार, मंडी, भाजपा जिला कार्यालय, लोकसभा कार्यालय, कचहरी, कॉलेज आदि जैसे भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर सुझाव पेटिकाएं लगाई जाएंगी। मार्च प्रथम सप्ताह से कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र में इस अभियान शुभारंभ होगा। 6 मार्च को प्रधानमंत्री लाइव संवाद करेंगे। नारी शक्ति वंदन अभियान के लाइव संवाद को पार्टी के लोग चयनित स्थानों पर जनता के साथ लाइव देखेंगे सुनेंगे।

### क्षेत्रीय अध्यक्ष ने जिम्मेदारी सौंपी

क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बूथ चलो- बूथ जीतो, गांव चलो अभियान, दीवार लेखन अभियान, विस्तारक योजना, नमो एप, युवा चौपाल, नारी शक्ति वंदन, प्रकोष्ठों के क्षेत्रीय सम्मेलन कार्यक्रमों की समीक्षा भी की। प्रकाश पाल ने विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान की जिम्मेदारी क्षेत्र स्तर पर अभियान प्रमुख बनाकर मोहित पांडेय, मुकेश मिश्र एवं अचल गुप्ता को दी है। बैठक में प्रमुख रूप से पूनम द्विवेदी, अनीता गुप्ता, सुनील तिवारी, पवन प्रताप सिंह, मोहित पाण्डेय, अखिलेश बाजपेयी, पुष्पा तिवारी, अचल गुप्ता, संदीप ठाकुर, आलोक शुक्ला, हर्ष द्विवेदी, आयुष्मान, सुमित, अभिषेक, पंकज, सौरभ थे।

### बूथ में जाकर उनके कार्यों पर चर्चा की

**कानपुर।** भाजपा कानपुर ग्रामीण के आगामी कार्यक्रम व अभियानों को लेकर गुरुवार को कानपुर ग्रामीण जिला सभागार में जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह कुशवाहा एवं जिला प्रभारी राधेश्याम पांडेय ने जिले के सभी मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रभारियों के साथ बैठक कर विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष ने आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए सभी पदाधिकारियों को 3-3 बूथ लगाकर संपर्क करने की बात कही इसके अलावा केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार में लाभ मिलने वाले लाभार्थियों के साथ बैठने पर भी जोर डाला। दिनेश कुशवाहा ने बताया प्रत्येक बूथ में जाकर उनके कार्यों की चर्चा करने की तैयारी की है। बैठक में जिला महामंत्री धीरेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष गया प्रसाद सिंह व बबलू पासवान, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संदीप बाजपेई, दीप्ति सिंह, कृष्णकान्त सविता, अतुल बाजपेई सहित मंडल अध्यक्ष व प्रभारी उपस्थित रहे।


## कानपुर नगर निगम
## कार्यालय मार्ग प्रकाश विभाग

### अति अल्पकालीन सामान्य निविदा सूचना

कानपुर नगर निगम मार्ग प्रकाश विभाग के अन्तर्गत कान्ट्रेक्ट से सम्बन्धित विद्युत कार्य हेतु विद्युत ठेकेदारों से नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति दिनांक 18.12.2023 एवं 27.02.2024 के अनुसार 02 कार्यो हेतु अति अल्पकालीन सामान्य निविदा निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी नगर निगम की वेबसाइट www://kmc.up.nic.in/ से प्राप्त कर सकते है।

| | |
|---|---|
| निविदा डाले जाने की तिथि व समय | 04.03.2024 अपरान्ह 2:00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र की बिक्री की अन्तिम तिथि व समय | 03.03.2024 दोपहर 1:30 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | 04.03.2024 सांय 4:00 बजे |

निविदा विवरण निर्धारित प्रारूप में उल्लिखित कार्य का विवरण, आगणन लागत, निविदा की अर्नेस्टमनी, निविदा मूल्य तथा समयावधि आदि का विवरण तथा निविदा की शर्ते उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

प्र0मु0अभियन्ता (मा0/प्र0)
नगर निगम कानपुर
Ro no.401

नगर आयुक्त
नगर निगम कानपुर
दिनांक: 29.02.2024

आज का मौसम
तेज धूप खिली रहेगी। बादल भी आ सकते

27.0° अधिकतम तापमान
13.6° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06 : 32
सूर्यास्त 06 : 10

# किशोरियों की आपत्तिजनक फोटो आरोपियों के मोबाइल में मिली

## घाटमपुर के ईंट भट्ठे में चचेरी बहनों से गैंगरेप, आरोपियों के मोबाइल जब्त किए गए

### शहर में आज

- **बैठक :** लोकसभा चुनाव संचालन समिति, कोर कमेटी व विधानसभा चुनाव संचालन समितियों की बैठक मर्चेंट चैंबर हॉल में 11 बजे।
- **कार्यशाला :** आईएमए सभागार में सीपीआर के संबंध में महत्वपूर्ण कार्यशाला दोपहर 12 :30 बजे से।
- **सम्मेलन :** केंद्रीय मंत्री द्वारा अकबरपुर लोकसभा प्रबुद्ध सम्मेलन विकास नगर जय नारायण स्कूल में दोपहर एक बजे से।
- **यात्रा :** भाजपा किसान मोर्चा कानपुर दक्षिण जिलाध्यक्ष द्वारा ग्राम किसान चौपाल महाराजपुर टीकेस्वर मंदिर में तीन बजे।
- **सम्मान :** छह देहदानियों की श्रद्धांजलि सभा व युग दधीचि द्वारा सम्मान कार्यक्रम जीएसवीएम में 3 :30 बजे।
- **ज्ञापन :** छह गंगा की अविरलता और निर्मलता की मांग को लेकर डीएम को ज्ञापन 12 बजे।

**हैवानियत**

संवाददाता, घाटमपुर (कानपुर)

- घटना को शासन ने संज्ञान लिया, कड़ी कार्रवाई के निर्देश
- बेटियों को अकेला छोड़ने पर परिजन खुद को कोसते रहे

**अमृत विचार।** घाटमपुर के ईंट भट्ठे में चचेरे बहनों की गैंगरेप के बाद मौत के मामले में पुलिस को दो आरोपियों के मोबाइल से किशोरियों के आपत्तिजनक फोटो मिले हैं। जिसकी जांच फोरेंसिक टीम कर रही है। इस घटना को लखनऊ शासन ने संज्ञान में लिया है। आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। 16 वर्षीय और 14 वर्षीय किशोरियों के पिता ने बताया कि वह लोग लंबे अरसे से ईंट भट्ठे में काम कर रहे हैं। मंगलवार का मनहूस दिन वह लोग कभी नहीं भूल सकते। वह लोग अपने को कोसते नजर आए। कहा कि बेटियों को अकेला छोड़कर बाजार क्यों चले गए।

पुलिस ने ठेकेदार रामस्वरूप, रज्जू और संजू को गिरफ्तार करने के बाद उनके मोबाइल फोनों को जब्त कर लिया है। रज्जू व संजू के मोबाइल में दोनों किशोरियों की आपत्तिजनक फोटो पाई गई हैं। उधर, किशोरियों के पिता का कहना था कि वह लोग जब बाजार से लौटे तो दोनों बेटियों के हाव भाव बदले हुए थे। उन लोगों को शक हुआ। पूछने पर फूट फूटकर रोने लगीं। बेटियों ने आपबीती बताई तो उन लोगों के पैरों तले जमीन खिसक गई। वह लोग आरोपियों के घर विरोध करने पहुंचे तो उन लोगों ने अभद्रता कर महिलाओं को मारापीटा और उन लोगों को गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया।

एक किशोरी के पिता ने बताया कि उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। एक किशोरी की मां का पहले निधन हो चुका है। जिसके बाद उसकी चाची देख-रेख करती थीं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इसी प्रकार दूसरी मृतक किशोरी के पिता ने बताया कि वह भी हमीरपुर के रहने वाले हैं। परिवार के साथ भट्ठे में रह रहे थे। पूरा परिवार मिलजुलकर मेहनत से काम कर रहा था। लेकिन घटना ने सब बर्बाद कर दिया। लोग कठोर दंड की मांग कर रहे हैं।


पुलिस की गिरफ्त में रामस्वरूप, रज्जू और संजू। अमृत विचार

### नहीं बताया गया मृत्यु का कारण

**कानपुर।** गैंगरेप की शिकार किशोरियों का पोस्टमार्टम पैनल और वीडियोग्राफी के बीच कराया गया। मामला शासन तक पहुंचने के बाद कोई भी अधिकारी रिस्क नहीं लेना चाहता है। यही कारण है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण नहीं खोला गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार किशोरियों के बाल सुरक्षित किए गए हैं। दुष्कर्म की आशंका को देखते हुए स्लाइड बनाई गई है। साथ ही स्वाब एकत्र किया गया है। बिसरा भी सुरक्षित किया गया है।

### एक दिन पहले किशोरी की चाची से विवाद हुआ था

परिजनों ने बताया कि ठेकेदार रामस्वरूप के बेटे से एक दिन पहले किशोरी की चाची से मारपीट व विवाद हुआ था। भट्ठा मालिक व मुनीम के दबाव से किशोरी की चाची कोई कार्रवाई नहीं कर पाई। बताया कि ठेकेदार रामस्वरूप की भट्ठे में काफी चलती थी। उसी के माध्यम से 20 से 30 परिवार के लोग श्रमिक का काम भट्ठे में कर रहे थे। कार्रवाई के लिए पुलिस के पास जाते तो भट्ठे का कारोबार और नौकरी बंद हो सकती थी।


भट्ठे के पास खेत में जांच करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# दुलराने पर खेलने गईं और नहीं लौटीं

संवाददाता, घाटमपुर (कानपुर)

**अमृत विचार।** घाटमपुर के बरौली ग्राम में आरोपियों ने फूल सी बेटियों के साथ हैवानियत का गंदा खेल खेला। परिजनों का कहना था कि मंगलवार रात वारदात के बाद दोनों इतनी दहशत में थीं कि कई घंटे उन दोनों को समझाने में लग गए। किसी तरह वह दोनों सो सकीं। अगले दिन बुधवार शाम खेलने के लिए भेजा तो वह वापस ही नहीं आईं। देर रात तक जब दोनों नहीं लौटीं तो ढूंढना शुरू किया गया। दोनों के शव ईंट भट्ठे के पास बेर के पेड़ में फांसी पर लटकते पाए गए।

परिजनों का कहना था कि दोनों एक साथ रहा करती थीं। बुधवार शाम को परिजनों को खाना देने के बाद दोनों बाहर निकल गईं। दोनों खेलने के लिए बताकर निकलीं थीं लेकिन इसके बाद रात तक उन्हें किसी ने नहीं देखा। जब खोजबीन शुरू हुई तो दोनों पेड़ से लटकी मिलीं। पोस्टमार्टम हाउस में दोनों किशोरियों के पिता बोले कि इस मासूमों ने कितना दर्द सहा होगा। पुलिस वही दर्द आरोपियों को दे।


गांव में तैनात पुलिस। अमृत विचार

### पुलिस के पैर छूकर बोले पिता, इंसाफ चाहिए

दोनों किशोरियों के पिता रोते हुए पुलिस कर्मियों के पैर छूते हुए बोले साहब हमें इंसाफ चाहिए। हमें धमकाया गया है कि अगर बेटियों के कारण बदनामी हुई तो कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं बचोगे। बेटियों से कोई शादी भी नहीं करेगा।


घंटाघर चौराहे पर गुरुवार दोपहर लगा भीषण जाम। अमृत विचार

# 13 चौराहों पर हाईटेक होगा ट्रैफिक मैनेजमेंट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के व्यस्ततम 13 चौराहों को हाईटेक करने का मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। इन चौराहों पर ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। यातायात संचालन के आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) लैस ऑटोमेटिक ट्रैफिक लाइट लगेंगी, जिनकी निगरानी नगर निगम के आईसीसी कक्ष से होगी। ट्रैफिक पुलिस ने सभी 13 चौराहों के संबंध में नगर निगम को सुझाव दिए हैं, जिनके आधार पर प्लान तैयार किया जा रहा है।

घंटाघर, मूलगंज, गुटैया क्रॉसिंग, जरीब चौकी समेत शहर के अतिव्यस्त चौराहों में शुमार 13 चौराहों की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने प्रवर्तन दल की तैनाती की थी। इसमें जोन के टीआई, दो कांस्टेबल व ट्रैफिक होमगार्डों लगाए गए थे। पुलिस कमिश्नर ने सभी जोन के एसीपी को भी प्रमुख चौराहों को गोद लेने के लिए निर्देशित किया था। चौराहों पर यातायात व्यवस्था का सुचारू संचालन करने के लिए प्रवर्तन दलों से सुझाव मांगे गए थे।

> शहर के 13 व्यस्त चौराहों के लिए ट्रैफिक पुलिस की ओर से नगर निगम को सुझाव दिए गए हैं, जिन पर नगर निगम ने सहमति प्रदान की है। मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। जल्द ही योजना धरातल पर उतारी जाएगी।
>
> -शिवा सिंह, एडीसीपी ट्रैफिक

### सीसीटीवी कैमरे, पुलिस बूथ साइनेज और जेब्रा क्रासिंग

ट्रैफिक पुलिस ने सभी चौराहों पर फ्री लेफ्ट लेन, ट्रैफिक पुलिस बूथ, साइनेज बोर्ड, जेब्रा क्रॉसिंग बनाने के भी सुझाव दिए है। सभी चौराहों पर आपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिसके संचालन के लिए निजी संस्थाओं से बात की जा रही है। इसके साथ ही चौराहों पर किसी प्रकार की अवैध होर्डिंग न लगाने का सुझाव दिया गया है। ट्रैफिक पुलिस के इन सुझावों को अमल में लाने के लिए नगर निगम ने मास्टर प्लान बनाना तैयार कर दिया है।

### इन चौराहों पर सुगम होगा यातायात

रामादेवी, टाटमिल, घंटाघर, चावला मार्केट, नंदलाल चौराहा, विजय नगर, फजलगंज, कल्याणपुर क्रॉसिंग, जरीबचौकी, मूलगंज चौराहा, सरसैयाघाट, बीओबी चौराहा, गुटैया क्रॉसिंग

### एआई से वाहन लोड पर बदलेगा सिग्नल

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार सभी 13 चौराहों पर सबसे प्रमुख मांग एआई टेक्नोलॉजी युक्त ऑटोमेटिक ट्रैफिक लाइट की है, ताकि लेन के आधार पर कैमरे ट्रैफिक का लोड परख कर ग्रीन और रेड सिग्नल दे सकें। इससे जाम की समस्या पर अंकुश लग सकेगा।

# डॉ. प्रियरंजन से चकेरी पुलिस ने की पूछताछ, होगी क्रॉस चेकिंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी के किसान बाबू सिंह यादव की मौत का मामला

**अमृत विचार।** चकेरी गांव के किसान बाबू सिंह यादव की आत्महत्या के मामले में मुख्य आरोपी एक लाख के इनामिया डॉ प्रियरंजन अंशु दिवाकर से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। हालांकि, डॉ प्रियरंजन को कोर्ट से चार अप्रैल तक राहत मिल गई है। मामले में चकेरी पुलिस उसके बचाव के तथ्यों पर जांच कर रही है। शुक्रवार को एक बार फिर उसे थाने बुलाया गया है।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि उसकी ओर से दिए गए तथ्यों के आधार पर पूछताछ की जा रही है। इसके बाद उसका क्रॉस चेक किया जाएगा। नौ सितंबर 2023 को बाबू सिंह यादव ने साढ़े छह करोड़ की जमीन धोखाधड़ी से हड़पने का मामले में मुख्यमंत्री के नाम सुसाइड नोट लिखकर रेलवे ट्रैक पर लेटकर ट्रेन से कटकर जान दे दी थी। मामले में बाबू सिंह की पत्नी बिटान ने डॉ प्रियरंजन, राहुल जैन, बबलू यादव, जितेंद्र यादव, मधुर पांडेय, शिवम सिंह चौहान पर मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में मुख्य आरोपी डॉ प्रियरंजन को पुलिस पांच महीने बाद भी गिरफ्तार नहीं कर सकी थी। एक दो और आरोपी अभी फरार हैं। किसान के परिवार ने एक दर्जन से ज्यादा बार सीपी और जेसीपी से मिलकर गिरफ्तारी की गुहार लगाई थी लेकिन पुलिस ने नहीं सुनी। आखिरकार उसे हाईकोर्ट से राहत मिल गई थी जिसमें उसने जांच में सहयोग करने का भरोसा दिया। इस क्रम में चकेरी पुलिस दो दिन से उससे पूछताछ कर रही है। वहीं चकेरी पुलिस की माने तो कुछ खास हाथ नहीं लगा है। अभी और पूछताछ की जाएगी।


प्रियरंजन।

# कानपुर के सिपाही ने अयोध्या में दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अयोध्या में यातायात विभाग में था तैनात

**अमृत विचार।** अयोध्या में यातायात विभाग में तैनात सिपाही अभय यादव ने सुसाइड नोट लिखकर फांसी लगाकर जान दे दी। सिपाही के चाचा सर्वेश यादव ने आरोप लगाया कि अभय के हाथ में दो दिन पूर्व बाइक से हुए हादसे में चोट आ गई थी। उसके हाथ में पट्टी बंधी थी। ऐसी स्थिति में फंदा लगाना कठिन प्रतीत होता है।

सिपाही अभय यादव पनकी थानाक्षेत्र के गंगागंज इलाके का रहने वाला था। छोटे भाई अखिलेश ने बताया कि अभय की शादी पिछले वर्ष 15 फरवरी को आवास विकास निवासी अपेक्षा के साथ हुई थी। परिजनों के अनुसार अभय की पत्नी से संबंध ठीक नहीं थे। तीन फरवरी को अभय गंगागज अपने घर आया था और उसी दिन पत्नी अपेक्षा को मायके छोड़कर वापस अयोध्या चला गया था। पुलिस के अनुसार अभय ने सुसाइड नोट में लिखा कि इस समय मेरा परिवार मेरे साथ नहीं है। इसका मुझे दुख है। सॉरी मम्मी पापा मैं अपने जीवन से ऊबकर यह कदम उठा रहा हूं। तीन युवक कमलेश, हेमंत और विमल के नाम का जिक्र कर उधार दिए गए रुपये वापस लेने की बात कही गई है। अयोध्या जिले की कोतवाली पुलिस ने सिपाही का पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों का बुरा हाल है।

# बार काउंसिल से कमेटी को क्लीन चिट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लायर्स चुनाव में अधिवक्ता ने जिला जज कोर्ट में वाद दाखिल किया, आज सुनवाई

**अमृत विचार।** लायर्स चुनाव में संयुक्त प्रकाशन मंत्री के परिणाम को लेकर विवाद में गुरुवार को यूपी बार काउंसिल सदस्य ने एल्डर्स कमेटी को क्लीनचिट सौंप दी। बार काउंसिल के सदस्य ने पत्र जारी कर लॉयर्स एसोसिएशन चुनाव को निष्पक्ष बताते हुए संयुक्त मंत्री पद पर विजयी प्रत्याशी की घोषणा को सही ठहराया। इसके बाद एल्डर्स कमेटी ने बैठक में नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण की तिथि दो मार्च तय कर दी। इस बीच संयुक्त मंत्री पद के हारे प्रत्याशी ने एल्डर्स कमेटी व विजयी प्रत्याशी के खिलाफ जिला जज की कोर्ट में वाद दाखिल किया है, जिसमें शुक्रवार को सुनवाई होगी।

बीती 20 फरवरी को लॉयर्स एसोसिएशन के चुनाव में संयुक्त मंत्री प्रकाशन पद पर मनीष गौड़ को विजयी घोषित किया गया था। रनर रहे प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह ने गलत मतगणना का आरोप लगाकर दोबारा मतगणना की मांग की थी। रनर प्रत्याशी ने बार काउंसिल के को-चेयरमैन श्रीनाथ त्रिपाठी से मामले की शिकायत की थी। बार काउंसिल को चेयरमैन ने उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय व सदस्य अंकज मिश्रा की निगरानी में दोबारा मतगणना कराने को लेकर एल्डर्स कमेटी को पत्र लिखा था, लेकिन एल्डर्स कमेटी ने ऐसे किसी भी पत्र की जानकारी से इंकार कर मतपत्रों को जलाकर नष्ट किए जाने की बात कही थी। गुरुवार को बार कांउसिल के सदस्य अंकज मिश्रा ने पत्र जारी करते हुए कहा कि पुर्न मतगणना की जरूरत नहीं है, एल्डर्स कमेटी ने जिस प्रत्याशी को विजयी घोषित किया है वह सही है। उन्होंने कहा कि उनको पुर्नमतगणना का किसी भी प्रकार का पत्र नहीं मिला है। इसके बाद एल्डर्स कमेटी ने शपथ ग्रहण समारोह की घोषणा करते हुए दो मार्च की तिथि निर्धारित की। अब रनर प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह ने एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन विजय आचार्य, सह चेयरमैन गुलाम रब्बानी, मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश यादव व संयुक्त मंत्री प्रकाशन पद पर विजयी घोषित किए गए अधिवक्ता मनीष गौड़ के खिलाफ जिलाजज की कोर्ट में वाद दाखिल किया है।

**खुशखबरी** सीएंडडीएस ने एएसआई से मांगी एनओसी, गोरा कब्रिस्तान से 300 मीटर की परिधि से बाहर बनेगी पार्किंग

# मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण के लिए खोदाई शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** तहसील कैंपस में प्रस्तावित मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण से पहले यहां खोदाई का कार्य शुरू हो गया है। जल निगम की कंपनी कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (सीएंडडीएस) ने प्रस्तावित स्थल पर लेबलिंग के साथ ही मिट्टी का परीक्षण के लिये खोदाई कार्य शुरू किया है। इससे पहले विभाग ने नगर निगम को पत्र लिखकर यहां बने आरआई बंगला और पुराने आवासीय भवन को ध्वस्त करने या शिफ्ट करने के लिये पत्र लिखा था ताकि, सिविल कार्य शुरू हो सके। वहीं, सिविल वर्क शुरू करने के लिये एएसआई से एनओसी भी मांगी है।

पुरातत्व विभाग (एएसआई) की आपत्ति के बाद मल्टीलेवल पार्किंग के प्रस्तावित भवन को 10 मीटर पीछे हटाते हुये बनाने का फैसला लिया गया है। ताकि, पुरातत्व विभाग की आपत्ति से बचा जा सके। गोरा कब्रिस्तान से 300 मीटर की परिधि से बाहर पार्किंग को बनाये जाने के लिये संशोधित ले-आउट भी तैयार किया है। सीएंडडीएस के परियोजना प्रबंधक सर्वेश वर्मा ने बताया कि इससे पहले गोरा कब्रिस्तान से 290 मीटर दूरी पर प्रस्तावित मल्टीलेवल पार्किंग को लेकर एएसआई ने एनओसी देने से मना कर दिया था। अब हमने 10 मीटर दूरी तो बढ़ा दी लेकिन यहां जर्जर हो चुके आरआई बंगला और पुराने आवासीय भवन को ध्वस्त कर भूमि को खाली कराना जरूरी है। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन को पत्र लिखा है। इसके साथ ही एएसआई को एनओसी के लिये अनुमति मांगी गई है। परियोजना प्रबंधक ने कहा है कि अभी 15 मीटर ऊंची पार्किंग बनाने का प्रतिबंध है। जिससे प्रस्ताविक पार्किंग की क्षमता कम होने और उसकी उपयोगिता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।


सिविल लाइंस में तहसील के सामने मल्टीलेविल पार्किंग के लिए की जा रही खोदाई।

### 35.20 करोड़ रुपये का हुआ है टेंडर

स्मार्ट सिटी की मंशा के तहत वीआईपी रोड पर लगने वाले जाम से निजात पाने के लिये सात मंजिला मल्टीलेवल पार्किंग बनाई जानी है। इसमें 348 कारों के साथ ही 176 बाइकें आराम से खड़ी हो जाएंगी। इस योजना में 35 .20 करोड़ रुपये के टेंडर भी हुये थे। गंगा इंनफ्राबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड को ठेका दिया गया है। हालाकि अधिकारियों की माने तो मल्टीलेवल पार्किंग को और ऊंचा बनाने पर भी विचार चल रहा है। इस पर फैसला जल्द हो जाएगा।

# अवैध संबंध के शक में पत्नी पर फेंका तेजाब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस ने झुलसी महिला को अस्पताल में कराया भर्ती

**अमृत विचार।** बाबूपुरवा थानाक्षेत्र के नयापुरवा में अवैध संबंधों के शक में युवक ने पत्नी पर टॉयलेट क्लीनर (तेजाब) फेंक दिया। जिससे महिला झुलस गई। पुलिस ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया।

जूही थानाक्षेत्र निवासी महिला की शादी करीब 12 वर्ष पूर्व बगाही निवासी पेंटर से हुई थी। महिला ने बताया कि उसके दो बेटी व एक बेटा है। पति टीबी की बीमारी से ग्रसित था, साथ ही शराब का लती थी। जिस कारण पिछले करीब एक साल से महिला पति से अलग होकर बच्चों के साथ किराए पर रह रही थी। घरों में खाना बनाने का काम करती थी। बताया कि पति अवैध संबंध को लेकर उस पर शक करता था। आए दिन पति से विवाद होता रहता था। पीड़िता के मुताबिक गुरुवार शाम को पति नशे में धुत होकर उसके घर आया और गाली गलौज करने लगा। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी ने उस पर टॉयलेट क्लीनर फेंक दिया। जिससे पीड़िता झुलस गई। क्षेत्रीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया।

हेलो डाक्टर
महिलाओं से सम्बन्धित समस्याओं के लिए करें सवाल!
महिलाओं में महवारी से सम्बन्धित परेशानियाँ, वेजाइनल डिस्चार्ज (सफेद पानी का आना), गुप्तांग में खुजली एवं दर्द जैसी समस्याओं के हल के लिए नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर के स्त्री रोग विभाग के एसोसियेट प्रोफेसर डा. ज्योत्सना गुप्ता से करें सवाल।

दिनांक 01 मार्च दिन शुक्रवार समय दोपहर 12 से 02 बजे।
मो.नं: 9219805701

## एक नजर

### बीयर शॉप से आठ हजार की नकदी पार

**कानपुर।** नंदलाल चौराहे के पास चोर ने बीयर शॉप का ताला तोड़ कर हजारों की नकदी व बियर की बोतलें पार कर दी। सुबह आए सेल्समैन ने दुकान का ताला टूटा देख पुलिस को मामले की जानकारी दी। कार्यवाहक चौकी प्रभारी रेलवे कॉलोनी कुशलवीर राठी ने बताया कि नंदलाल चौराहे के पास चरनजीत कौर की बियर शॉप है। बुधवार देर रात दुकान बंद होने के बाद देर रात चोर ने दुकान का ताला तोड़ कर आठ हजार नकदी व चार बियर की बोतले पार कर दी। चमनगंज निवासी सेल्समैन आयुष राठौर ने सुबह शटर का ताला टूटा देख कर मामले की जानकारी पुलिस को दी। कार्यवाहक चौकी प्रभारी ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

### एरोमा किट का हुआ वितरण

**कानपुर।** सुगन्ध एवं सुरस विकास केन्द्र फजलगंज में गुरुवार को एरोमा किट वितरण समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान केंद्र के प्रभारी सहायक निदेशक डॉ भक्ति विजय शुक्ला ने सुगंध उद्योग में एरोमा का महत्व भी बताया। समारोह में मुख्य अतिथि सांसद सत्यदेव पचौरी ने युवाओं को उद्योग से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सुगंधि की 125 वर्ष पुरानी स्वीडिश कंपनी की किट प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवाओं को निशुल्क दी गई। कार्यक्रम में डॉ नागेन्द्र सिंह, अरमान अग्रवाल ,डॉ रविन्द्र नाथ सिंह, मृदुषि शुक्ला, तरुण चावला, पियूष चतुर्वेदी, लव गेरा, राम चन्द्र पाल, पार्षद डॉ अखिलेश कुमार बाजपेयी सहित अन्य मौजूद रहे।

### 4 से फतेहपुर में रुकेगी महाकाल एक्सप्रेस



**कानपुर।** इंदौर से वाराणसी के बीच चलने वाली 20415-20416 महाकाल एक्सप्रेस का फतेहपुर स्टेशन पर प्रयोग के तौर पर ठहराव देने का निर्णय हुआ है। एनसीआर की पीआरओ रागिनी सिंह ने बताया कि 20415 महाकाल एक्सप्रेस 4 मार्च को और 20416 महाकाल एक्सप्रेस 10 मार्च से फतेहपुर में दो-दो मिनट रुकेगी। फतेहपुर से सफर करने वाले 1 मार्च से रिजर्वेशन करा सकेंगे।

### गंगा की धारा को अविरल और निर्मल बनाएं

**कानपुर।** गंगा में बढ़ते प्रदूषण के विरोध में गंगा सेवा समिति के पदाधिकारियों की बैठक हुई। सरकार से गंगा की धारा को अविरल और निर्मल बनाने की मांग की गई। तय किया गया कि पदाधिकारी शुक्रवार को डीएम से मिलेंगे और उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन देंगे। बैठक में देवेंद्र , सतीश और अशोक पाल रहे।

367 करोड़ का **खंडहर**

# राज्य को पता, केंद्र सरकार को पता पर सुधार लापता

**अंधेरनगरी, चौपट नेता**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



परिसर में रखे उपकरण व जनरेटर कंडम हो गए। अमृत विचार



निर्माण कार्य बंद होने से बिल्डिंग में लगे कांच टूट रहे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पांडु नगर बीमा अस्पताल परिसर में निमार्णाधीन सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल के संकट के पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यालय तक भी पहुंचे थे, लेकिन कुछ न हुआ। केंद्रीय मंत्री तक भी मामला जा चुका है पर सब शांत बैठे हैं। ऐसा तब है जब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ.मनसुख मंडविया और प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक स्वास्थ्य सुविधाओं के बेहतर होने का दावा कर रहे हैं।

प्रदेश में बीमा अस्पतालों का संचालन राज्य सरकार कर्मचारी राज्य बीमा निगम के माध्यम से करती है, जिसके संचालन का पैसा केंद्र सरकार देती है। इस दोहरी व्यवस्था के कारण शहर के अधिकांश बीमा अस्पताल बदहाली का दंश झेल रहे हैं। वर्ष 2009 से पांडु नगर स्थित बीमा अस्पताल परिसर में 367 करोड़ से बन रही छह मंजिला इमारत का निर्माण कार्य भी अटका हुआ है। ऐसा तब है जब केंद्र में वर्ष 2014 में भाजपा सरकार बनने के बाद तत्कालीन केंद्रीय श्रम मंत्री दत्तात्रेय ने छह अक्टूबर 2016 में पांडु नगर में सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल की आधारशिला रखी थी। आधारशिला रखने के बाद यहां पर कुछ दिनों तक तो काम चला, लेकिन उसके बाद पैसों की कमी बताते हुए निर्माण एजेंसी ने काम बंद कर दिया। काम बंद होने के बाद कुछ दिनों बाद ईएसआईसी के मेडिकल उपायुक्त निरीक्षण करने भी आए थे। उपायुक्त ने रिपोर्ट तैयार कर केंद्रीय मंत्री को दी। वर्ष 2017 में केंद्रीय मंत्री ने यहां सुपर स्पेशिएलिटी मॉडल हॉस्पिटल बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा था। साथ ही यह प्रस्ताव भी दिया था कि पांडु नगर अस्पताल को राज्य सरकार से हैंडओवर कराया जाए। इसके बदले में राज्य सरकार चाहे तो जाजमऊ बीमा अस्पताल ले सकती है। लेकिन यह स्थानांतरण का मामला भी आज तक अटका हुआ है। हर बार अधिकारी व जनप्रतिनिधि निरीक्षण करने आते हैं और सिर्फ आश्वासन देकर चले जाते हैं। नतीजतन बीमित और श्रमिकों को इलाज कराने हैलट, उर्सला, डफरिन, कांशीराम संयुक्त या लखनऊ आदि अस्पतालों में जाना पड़ रहा है। आज भी यह बिल्डिंग अधूरी खड़ी है।

- मुख्यमंत्री को 2017 में भेजा था बीमा अस्पताल का प्रपोजल
- केंद्रीय मंत्री ने अस्पताल बनाने के लिए सीएम को लिखा था पत्र



डबल इंजन नेताओं को नहीं दिखता 367 करोड़ का खंडहर

29 फरवरी के अंक में छपी खबर। अमृत विचार

- **पांडु नगर अस्पताल को राज्य से हैंडओवर की हुई थी बात**

### ऐसे हुई धन की बर्बादी



- 367 करोड़ खर्च, पर अस्पताल अधूरा
- 5 .5 करोड़ रुपये से उपकरण खरीदे
- 18 टन सरिया बाहर पड़े गल रही
- 09 बड़े जनरेटर खुले में जंग खा रहे
- 4 .5 करोड़ लॉड्री सेटअप में खर्च हुए
- 40 फिट खुदे बेस में भरा रहता पानी।

- **बिल्डिंग बनाने के लिए खोदी नींव बनी तालाब :** सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल का स्ट्रक्चर बनने के साथ ही उसके बगल में दूसरी बिल्डिंग बनाने के लिए यहां पर नींव खोदी गई। कार्य अधूरा होने की वजह से नींव के लिए खोदे गए बड़े से गड्ढे में अब पानी भरा रहता है, जिसे अब तालाब कहा जाने लगा है। पास में रहने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों के बच्चे अगर गड्ढे में आसपास जाते खेलने जाते हैं तो उनके गिरने का डर रहता है। निर्माणाधीन बिल्डिंग में लगे कई ग्लास टूट चुके हैं और पानी में सरिया सड़ रही है।

# इमरान हत्याकांड में मुख्य आरोपी समेत दो गिरफ्तार

## आरोपियों ने शराब पीकर, नशीली गोलियां खाकर मारा था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



मो शोएब उर्फ सिजारो और शुभम जायसवाल। अमृत विचार

- **अफ्फान और एक अन्य आरोपी अभी हैं फरार**
- **पिंटू सेंगर की हत्या में शूटर रहे फैसल का भाई है अफ्फान**

**अमृत विचार।** रेलबाजार में हिंदू मुस्लिम एकता संगठन के महामंत्री मोहम्मद इमरान की पीट-पीटकर नृशंस हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य हत्यारोपी मो शोएब उर्फ सिजारो को एक अन्य आरोपी शुभम जायसवाल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। परिजनों के अनुसार पिंटू सेंगर की हत्या में शूटर रहे फैसल के भाई अफ्फान को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। वह इमरान से खुन्नस रखता था। कई बार विवाद भी हो चुका था।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने प्रेसवार्ता में बताया कि पूछताछ में अभियुक्त मो शोएब उर्फ सिजारो और शुभम जायसवाल ने बताया कि 28 फरवरी की रात वह लोग और अफ्फान व अंश सोनकर उर्फ आर्यन कार से निकले। सबसे पहले एक्सप्रेस रोड से शराब खरीदी। अफ्फान के पास रखी नशीली गोली खाकर शराब पी फिर उसके बाद नाला रोड फजलगंज के पास ढाबे पर शराब पी। फिर से एक-एक नशीली गोली सभी लोगों ने खायी। मोहम्मद इमरान से मो शोएब उर्फ सिजारो की लगातार किसी बात को लेकर गाली गलौज होती रही और बीच-बचाव होता रहा। रात तीन बजे के करीब जब रेलबाजार बाथम गली पहुंचे तो उन लोगों का सब्र जबाब दे गया। आवेश में आकर मो शोएब उर्फ सिजारो और शुभम ने ईंट से लगातार कई वार इमरान पर कर दिए। अफ्फान व अंश सोनकर ने इमरान को पकड़ रखा था। हत्या करने के बाद अफ्फान कार लेकर निकल गया और वह लोग गली गली भाग निकले। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में रेलबाजार थाना प्रभारी जितेन्द्र पाल सिंह, छावनी थाना प्रभारी कमलेश राय, उनि. पंकज जायसवाल, गजेन्द्र सिंह, कां. सर्विलांस गौरव, जनार्दन शामिल रहे।

## बंशीधर तंबाकू कंपनी में आयकर छापा



**कानपुर।** आयकर विभाग की टीम ने नयागंज स्थित बंशीधर तंबाकू प्राइवेट लिमिटेड के ठिकाने पर छापेमारी की। आयकर की टीमों ने दिल्ली, अहमदाबाद समेत कई ठिकानों और प्रतिष्ठानों पर भी छापेमारी कर जांच शुरू की है। जांच में क्या गड़बड़ी मिली है, इसका खुलासा नहीं किया गया है।

आर्यनगर निवासी कंपनी मालिक ने अब अपना कारोबार कानपुर से समेट लिया है और दिल्ली में रहने लगे हैं। कंपनी का कारखाना अहमदाबाद में है। कंपनी के खातों और रिटर्न की निगरानी आयकर विभाग की ओर से पिछले कई महीने से की जा रही थी। गुरुवार को आयकर की टीम ने कंपनी मालिक के दिल्ली स्थित आवास, अहमदाबाद स्थित फैक्ट्री, नयागंज स्थित ऑफिस में छापेमारी की। कंपनी और उसके मालिक की असेट्स और आय का मिलान किया। महत्वपूर्ण दस्तावेज, लैपटॉप अपने कब्जे में लिया है।

## आचार संहिता उल्लंघन में सुनवाई 6 को, फैसला संभव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



इरफान सोलंकी।

- **वर्ष 2017 में विधानसभा चुनाव में आचार संहिता उल्लंघन में फंसे थे इरफान सोलंकी**

**अमृत विचार।** 2017 में विधानसभा चुनाव में आचार संहिता लागू होने पर हैंडपंप लगवाने के आरोप में फंसे सपा विधायक इरफान सोलंकी की गुरुवार को एमपीएमएलए लोअर कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने अब छह मार्च की तिथि निर्धारित की। अगली सुनवाई में आचार संहिता मामले में फैसला आने की उम्मीद है।

2017 विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होने के बाद सपा विधायक की विधायक निधि से ईदगाह कॉलोनी में हैंडपंप लगवाने और उसका प्रचार करने के आरोप में कर्नलगंज पुलिस ने विधायक इरफान सोलंकी समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मामला एमपीएमएलए लोअर कोर्ट में विचाराधीन था। बचाव पक्ष के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने बताया कि मामले में बहस पूरी होने के बाद अभियोजन पक्ष की ओर से कोर्ट में एक गवाह पेश किया गया था, जिसके बयान कोर्ट ने खारिज कर दिए थे। जिसके बाद 11 जनवरी को मामले में फैसला आने की उम्मीद थी, लेकिन अभियोजन पक्ष की ओर से फैसले के खिलाफ सेशन कोर्ट में अपील की थी, जिस कारण सुनवाई नहीं हो सकी थी।

एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने अभियोजन पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया था। गुरुवार को मामले में एक बार फिर सुनवाई की। सुनवाई के बाद कोर्ट ने छह मार्च की तिथि निर्धारित की। मामले में डीजीसी दिलीप अवस्थी ने बताया कि फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की जाएगी।

## ट्रेन से किशोरी को जीआरपी ने किया बरामद

**कानपुर।** बिहार से गायब हुई किशोरी को गुरुवार को कानपुर सेंट्रल पर उतारा गया। किशोरी दूसरे समुदाय के अपने प्रेमी के साथ दिल्ली जा रही थी। किशोरी के परिजनों का आरोप है कि किशोरी को किशोर अगवा कर दिल्ली ले जा रहा था। सूचना पर बजरंग दल कार्यकर्ता भी जीआरपी थाने पहुंचे। जीआरपी प्रभारी अनिल शर्मा ने बताया बिहार स्थित अररिया थाने में मुकदमा दर्ज है।

बिहार पुलिस शुक्रवार को उसे कानपुर से ले जाएगी। युवक अल्पसंख्यक समुदाय का है। आरोप है कि अररिया, बिहार निवासी किशोर ने पास में रहने वाली किशोरी को भाइयों सहित तीन दिन पहले अगवा किया था। युवती के पिता ने अररिया थाने में बच्ची को अगवा करके ले जाने की रिपोर्ट 27 फरवरी को दर्ज करा दी थी। जीआरपी प्रभारी अनिल शर्मा ने बताया कि अररिया, बिहार थाने की पुलिस वहां से चल दी है। किशोरी को महिला पुलिस की कस्टडी में रखवाया गया है।

# नशा नाश की जननी है, के नारे गूंजे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



करौली धाम की यात्रा में नाचते-गाते चले भक्त। अमृत विचार

- **भाभानगर में दंडवत यात्रा का विश्राम, सुबह फिर शुरू होगी**

**अमृत विचार।** करौली शंकर महादेव आश्रम की ओर से सरसैया घाट से निकाली गई दंडवत यात्रा तीसरे दिन गुरुवार को यशोदानगर से शुरू होकर भाभानगर पहुंची और वहां विश्राम किया। इस दौरान नशा नाश की जननी है, धर्म के नाम पर बलि प्रथा बंद करें आदि नारे गूंजते रहे। भक्तों ने जगह- जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

करौली शंकर महादेव ने कहा कि नशा करने वाला व्यक्ति खुद के जीवन को तबाह तो करता ही है अपने परिवार को भी बर्बाद करता है। हमें यह संकल्प लेना है कि हम नशा नहीं करेंगे। उन्होंने बलि प्रथा के विरुद्ध देशव्यापी मुहिम शुरू करने की घोषणा की। कहाकि नशे के कारण घर टूट रहा है। रिश्ते टूट रहे हैं। अब इसके विरुद्ध हर घर मुहिम चलेगी।

उन्होंने अपने शिष्यों से कहा कि वे नशे से दूर रहें और दूसरों को भी प्रेरित करें। करौली शंकर महादेव ने कहा कि हम दुखी इसलिए हैं क्योंकि हम आज मोबाइल में व्यस्त हैं। रील बनाने में हमारा समय गुजर रहा है जबकि रीयल लाइफ को बनाने में हमें समय गुजारना चाहिए।

इस अवसर पर शंकर सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध चोपडा, महिला अध्यक्ष मीना द्विवेदी, विनय वर्मा, दुर्गेश मनी त्रिपाठी, आयुष द्विवेदी, मनोज तिवारी, पवन तिवारी, प्रकाश श्रीवास्तव, रमेश बाजपेई आदि मौजूद रहे।

## 21 बच्चों का हुआ यज्ञोपवित संस्कार

**कानपुर।** बिठूर स्थित मात्र छाया गुरुकुलम में गुरुवार को श्री ओमर वैश्य महिला संघ ने सामूहिक यज्ञोपवित संस्कार कराया। श्री ओमर वैश्य महिला संघ की अध्यक्ष रीता वंशी ने बताया कि 21 बच्चों का महिला संघ के द्वारा यज्ञोपवित संस्कार कराया गया है। महिला संघ समय-समय पर हर एक क्षेत्र पर सेवा का योगदान देता है। हिंदू धर्म में यज्ञोपवित संस्कार का एक विशेष महत्व है। सदस्यों ने 21 बच्चों को उपहार भी दिए। उपाध्यक्ष नीता गोरे के विशेष सहयोग से प्रसाद व भंडारे की व्यवस्था की। इस दौरान मंत्री अंजना गुप्ता, डायरेक्टर उमा ओमर, बीना गुप्ता, रजनी चौधरी, कोषाध्यक्ष रेखा गुप्ता व रश्मि गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

## इंटर्नशिप प्रदान करना एनईपी का जरूरी अंग: प्रो. बलराज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय व पहल-यूपी प्रोजेक्ट क्रिस्प की ओर से गुरुवार को एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। सेंटर फॉर एकेडमिक्स में हुई कार्यशाला में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए एनआईआरएफ और एनईपी-2020 विषय पर चर्चा हुई। बहुविषयक और इंटर्नशिप प्रदान करना एनईपी का अभिन्न अंग है।

मुख्य अतिथि क्रिप्स के स्टेट हेड प्रो. बलराज चौहान ने कहा कि बहुविषयक और इंटर्नशिप प्रदान करना एनईपी का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बीबीए लॉजिस्टिक्स, बीबीए हेल्थकेयर, बीबीए रिटेल और बीएससी टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी छात्रों को सीखने के साथ-साथ कमाने का अवसर प्रदान करते हैं। विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो.सुधीर कुमार अवस्थी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में विश्वविद्यालयों की अपरिहार्य भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों में सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय है जिसने एनईपी-2020 को पूरी तरह लागू किया और परिणाम भी घोषित किया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के डीन प्रशासन प्रो. सुधांशु पांडिया ने कहा विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य कैम्पस के साथ साथ संबद्ध कॉलेजों को भी आगे बढ़ाना है।

## सार-संक्षेप



महिलाओं के साथ भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

### समस्या सुन मौके पर किया निस्तारण

**कानपुर।** भाजपा महिला मोर्चा की जिला कोषाध्यक्ष शिखा कोरी की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक हुई। इस दौरान महिलाओं द्वारा बैठक सम्पन्न हूई जिसमें बहुत सी महिलाओं की समस्या सुनी गई और मौके पर ही समाधान किया गया। बैठक में रामप्यारी, लक्ष्मी वर्मा, शांति वर्मा, ममता सविता, अनीता वर्मा, पुष्पा साहू, प्रेमा गुप्ता, मीरा देवी, सीमा शर्मा, रेखा शर्मा, कुसुम, राम रती, राजकुमारी, शिव देवी रहीं।

### अतिक्रमण अभियान का किया विरोध

**कानपुर।** नगर निगम की टीम गुरुवार को बजरिया क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने पहुंची। इस दौरान कुछ दुकानदारों ने यूजर चार्ज वसूली का विरोध कर दिया। हंगामे के बीच नगर निगम के गोर्डों और पुलिस ने लोगों को शांत कराया। इसके बाद फुटपाथ तक हुये अतिक्रमण को हटा दिया।

**धर्म-अध्यात्म** श्री साईं धाम मंदिर जूही गौशाला में मना वार्षिकोत्सव, यात्रा में शामिल हुई 1100 महिलाएं

# शोभा यात्रा में भजनों पर झूमे भक्त, पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



शोभायात्रा में शामिल संत और श्रद्धालु। अमृत विचार



कलश लेकर चल रहीं महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्री साईं धाम मंदिर जूही गौशाला की ओर से गुरुवार को शोभा यात्रा निकाली गई। वार्षिकोत्सव के मौके पर निकली शोभा यात्रा का कई जगहों पर भक्तों ने फूल बरसाकर स्वागत किया। इस दौरान भजनों के बीच भक्तों ने नृत्य कर उत्साह जताया। शोभा यात्रा मे विशेष रंग के वस्त्रों को धारण कर 11 सौ महिलाएं यात्रा को भव्य बना रही थी।

मंदिर परिसर से शुरू हुई शोभा यात्रा किदवई नगर, जूही डिपो, सफेद कॉलोनी, बारादेवी मंदिर, गौशाला चौराहा होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंची। शोभा यात्रा में 21 फुट ऊंचे रथ पर सवार साईं नाथ प्रभु के दर्शन के लिए भक्तों में उत्साह रहा। इस दौरान यात्रा में शामिल लिल्ली घोड़ी सभी के आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा में मथुरा, अयोध्या सहित अन्य तीर्थ स्थानों से संत भी शामिल हुए। यात्रा के वापस मंदिर में आने के दौरान भक्तों की ओर से पीले रंग के फूलों से वर्षा की गई। यात्रा के बारे में मंदिर प्रबंधक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि वार्षिकोत्सव में मंदिर को लाइट से सजाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में लगे मेले में दूर-दूर से भक्तों की ओर से खरीदारी की गई। मंदिर में होने वाले विशेष प्रभु स्नान के दर्शन करने के लिए आस-पास के जिलों से भी भक्त मंदिर पहुंचे। समारोह में प्रवीण अरोड़ा, राजकुमार, ऋषि अरोड़ा, मनीष अरोड़ा, सतनाम अरोड़ा, राकेश अग्रवाल, विंदा प्रसाद त्रिपाठी, अरविंद त्रिवेदी, अभिनय तिवारी, जनक सिंह, अशोक मिश्रा व मनोहर लाल प्रमुख रूप से रहे।

## मोहम्मद सुफियान और नेहा नाज प्रतियोगिता में प्रथम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हलीम मुस्लिम पीजी कालेज में गुरुवार को वार्षिक कीड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर गुजम्मिल हुसैन सिददीकी ने किया। बीए प्रथम वर्ष के छात्र मोहम्मद सुफियान ने तीन प्रतियोगिताओं में प्रथम और छात्राओं में नेहा नाज ने दो प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल कर चैम्पियन की ट्राफी अपने नाम की।

गुजम्मिल हुसैन सिददीकी ने कहा कि खेल-कूद से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास भी होता है। कॉलेज में छात्रों की नौ और छात्राओं की सात प्रतियोगितएं होती है। उन्होनें छात्र व छात्राओं को अनुशासन और कर्तव्यपरायणता की शपथ दिलाई। कहा कि शिक्षित होने पर ही मुश्किल से मुश्किल कामयाबी तक पहुंचा जा सकता है। इस लिए पढ़ाई बेहद जरूरी है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए मोबाइल की जगह आउटडोर गेम खेलना चाहिए। स्पोर्टस बोर्ड के चेयरमैन डा.मो.वाहिद, संयोजक डा.अफरोज, सहसहयोजक सरफराज अली, आयोजन सचिव डा. बुशरा, डा.मो.नदीम,डा.तनवीर अख्तर, डा. एमएस अन्सारी, मेजर शाहिद हसन ज़फर प्रो. खान फारूक, डा. अफगान, डा. मो. फिरोज़, डा. मेराज राना, डा. एके पाण्डेय, डा. अब्दुल्लाह फैज़ डा. मोहम्मद अरशद, डा. मुस्तकीम, डा. इरशाद हुसैन रहे।

# 'इंडिया गेट' और गंगा का किनारा, सैर-सपाटे का नया ठिकाना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बंद पड़े पुराने शुक्लागंज गंगा पुल के प्रवेश द्वार को दिल्ली के इंडिया गेट जैसा लुक दिया जाएगा। गेट के पास लैंड स्केपिंग करके छोटे फव्वारे लगाए जाएंगे, जो मनमोहक सेल्फी प्वाइंट का आकर्षण बिखेरेंगे। इस स्था को सैर-सपाटे का नया केंद्र बनाने के लिए पुल मार्ग पर 30 फूड कोर्ट लगाए जाएंगे। नगर निगम अधिकारियों ने फूड कोर्ट के लिए गुमटियां रखने की शुरुआत कर दी है।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने कसंलटेंट कंपनी के अधिकारियों के साथ गुरुवार को पुराने गंगा पुल मार्ग और प्रवेश द्वार का सौन्दर्यीकरण करने के लिए निरीक्षण किया।



पुराने गंगा पुल के बंद प्रवेश द्वार पर निरीक्षण करते नगर आयुक्त व अधिकारी।

इस दौरान मुख्य अभियंता मनीष कुमार अवस्थी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित सिंह व थीम कंसलटेंट के पदाधिकारियों के साथ पुल के पास समस्याओं का जायजा लिया गया। नगर आयुक्त ने कंसलटेंट कंपनी के पदाधिकारियों से कहा कि गंगा पुल के पुराने गेट के आसपास की जगह पर लैंड-स्केपिंग, गेट का सौन्दर्यीकरण व वॉटर बाडी का निर्माण करने के लिए आगणन जल्द प्रस्तुत किया जाए।



फूड कोर्ट बनाने के लिए पुल मार्ग पर पहुंचाई गईं गुमटियां। अमृत विचार

नगर आयुक्त ने कंसलटेंट को यह भी निर्देश दिये गये कि पुराने गंगा पुल के मुख्य प्रवेश द्वार का सौन्दर्यीकरण इंडिया गेट की तर्ज पर किया जाए। मुख्य अभियन्ता को निर्देश दिए कि साइड पटरी के नीचे दबी इंटरलॉकिंग को ऊंचा करके ऊपर की मिट्टी को हटाया जाए।

जोनल अधिकारी एवं जोनल स्वच्छता अधिकारी को निर्देश दिए गए कि दो दिन के अन्दर पुराने गंगा पुल मार्ग से अतिक्रमण को पूरी तरह से हटा दिया जाए।

- बंद पड़े पुराने गंगा पुल के प्रवेश द्वार को जल्द दिया जाएगा इंडिया गेट जैसा लुक
- गेट के पास लैंड स्केपिंग और फव्वारे बिखेरेंगे सेल्फी प्वाइंट की आकर्षक छटा

### चुंगी से आगे नहीं जाएंगे वाहन, बैरीकेडिंग लगा बनाई जाएगी पार्किंग

- निरीक्षण के दौरान गंगा पुल पर सफाई व्यवस्था अच्छी मिलने पर नगर आयुक्त ने खुशी जताई और कहा कि गंगा घाट चौकी के आगे बैरीकेडिंग की जाए। इसके आगे वाहनों को नहीं जाने दिया जाए। इसी स्थल पर चुंगी के पास वाहन पार्किंग के लिए स्थल तैयार किया जाए।

## एक नजर

### सीएसजेएमयू के 137 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में प्लेसमेंट सेल की ओर से गुरुवार को 137 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। कार्यक्रम में कुलपति प्रो .विनय कुमार पाठक ने युवाओं से कहा कि शिक्षा पूरी करते ही रोजगार मिलना बहुत ही सराहनीय प्रयास है। प्रति कुलपति प्रो . सुधीर कुमार अवस्थी ने चयनित छात्र-छात्राओं को उनके कर्तव्य बताए। समारोह में प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ . प्रभात द्विवेदी ने बताया कि फरवरी में 24 प्लेसमेंट ड्राइव और विविध व्यक्तित्व विकास व टेक्निकल ट्रेनिंग से 137 छात्र-छात्राएं प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेस हुए हैं।

### नोटिस देकर दहशत का माहौल बना रही भाजपा

**कानपुर।** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सीबीआई का नोटिस दिए जाने पर जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि पार्टी का जनता में बढ़ता प्रभाव देख भाजपा परेशान है। नोटिस भिजवाकर भाजपा दहशत का माहौल बना रही है लेकिन सपा का पीडीए एकजुट होकर लोकसभा चुनाव में भाजपा के इरादों पर पानी फेरेगा। सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर संपर्क तेज रखें। प्रदेश सचिव केके शुक्ला, महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, महानगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, अनवर अली मौजूद रहे।

# गृहकर में 13.83 करोड़ की चेकें हुई बाउंस

## बड़े बकाएदारों की कारगुजारी से नगर निगम के खजाने को लगा चूना पर कार्रवाई से बच रहे अफसर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गृहकर वसूली के दौरान बड़े बकाएदारों से ली गईं 13.83 करोड़ रुपये की चेकें बाउंस हो गई हैं। इतनी बड़ी राशि की चेकें बाउंस होने के बावजूद नगर निगम अधिकारी बकाएदारों के खिलाफ किसी कार्रवाई से बच रहे हैं। लेखा विभाग की रिपोर्ट पर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने सभी जोनल अधिकारियों से चेक बाउंस होने के बाद फॉलोअप रिपोर्ट मांगी है। नगर आयुक्त ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

गृहकर बकाएदारी में कुर्की और बैंक खाता सीज होने की कार्यवाही के डर से लोगों ने नगर निगम अफसरों को चेकें थमा दी थीं, लेकिन ऐसी अधिकतर चेकें भुगतान तिथि में लगाए जाने पर बाउंस हो गईं। बड़े बकाएदारों की इस कारगुजारी से वित्तीय वर्ष 2023-24 में सभी छह जोनों में कुल मिलाकर 13,83,95,509 रुपये की नगर निगम खजाने को चोट पहुंची है। नगर निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार जोन-तीन में सबसे ज्यादा 3,96,65,800 रुपये की चेकें बाउंस हुई हैं। कर निर्धारण अधिकारी ने सभी जोनल अधिकारियों से इसे लेकर आपत्ति जताई है।



मोतीझील स्थित नगर निगम मुख्यालय।

### बाउंस हुईं चेकों के बदले वसूली का आंकड़ा मांगा

- मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी के चेकें बाउंस होने के पत्र का हवाला देते हुए मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने सभी जोनल अधिकारियों को पत्र जारी करते हुए इस बात की रिपोर्ट मांगी है कि जो चेक बाउंस हुई हैं, उनके बदले अब तक कितनी रकम बकाएदारों से वसूली गई है या क्या कार्यवाही की गई है?

### चेक बाउंस आंकड़ा (रुपये में)

| | |
|---|---|
| जोन 1 | 1,42,27,804 |
| जोन 2 | 2,52 46, 044 |
| जोन 3 | 3,96,65,800 |
| जोन 4 | 1,73,63,130 |
| जोन 5 | 2,57,54,493 |
| जोन 6 | 1,64,38,238 |

(नगर निगम से प्राप्त आंकड़े)



"चेकें बाउंस होने की बात संज्ञान में आयी है। आदेश जारी किया है कि 31 मार्च तक की तिथि के लिए प्राप्त सभी चेकों की जांच की जाए। सभी अपर नगर आयुक्त को जांच के लिए कहा है।
– शिवशरणप्पा जीएन, नगर आयुक्त

**414** करोड़ है इस वित्तीय वर्ष में गृहकर की वसूली का लक्ष्य

**294** करोड़ रुपये ही की जा सकी है अब तक वसूली

### होशियारी और मिलीभगत के चलते चल रहा खेल

- फैक्ट्री, मॉल, हॉस्पिटल, अपार्टमेंट जैसी बड़ी संपत्तियों के बकाएदारों ने कुर्की या खाता सीज होने की कार्यवाही से बचने के लिए अधिकतर मामलों में नगर निगम की टीम को मौके पर गृहकर बकाए की चेक देकर मौके पर कार्यवाही से बचाव कर लिया। लेकिन बाद में चेक वाले बैंक खाते में रकम कम कर दी, जिससे चेक बाउंस हो गईं। इसमें कहीं न कहीं आरआई भी मिलीभगत के दोषी हैं, जो चेक बाउंस होने वाले बकाएदारों पर कार्यवाही के लिए कड़ी पैरवी नहीं करते हैं।

### एक माह शेष, वसूली अभी लक्ष्य से 120 करोड़ दूर

- मौजूदा वित्तीय वर्ष 2023-24 में नगर निगम का गृहकर वसूली का लक्ष्य 414 करोड़ रुपये है। अब तक करीब 294 करोड़ रुपये वसूले जा चुके हैं। सरकारी विभागों पर लंबी-चौड़ी बकायेदारी है। शहर के आम बड़े बकायेदार और कारोबारी वसूली में 'सिफारिश' का सहारा ले रहे हैं। आरआई से लेकर कर अधीक्षक और जोनल अधिकारियों तक दिनभर फोन पहुंच रहे हैं।

### लेखा विभाग के कोआर्डिनेटर सेवानिवृत


**कानपुर।** गुरुवार को नगर निगम के लेखा विभाग के कोआर्डिनेटर प्रीतम श्रीवास्तव सेवानिवृत हो गये। इस दारान नगर निगम में फेयरवेल पार्टी रखी गई। जिसमें नगर आयुक्त शिव शरणप्पा जीएन ने प्रीतम श्रीवास्तव को शाल, प्रतीक चिन्ह व उनके सेवानिवृत्ति के देय को दिया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य वित्त लेखा अधिकारी कृपा शंकर शुक्ला व अन्य कर्मचारियों का उपस्थित रहे।

# नमो एप में नवीन पंडित का स्कोर पहुंचा 5.07 लाख

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चुनावी तैयारी तेज करने के लिए भाजपा ने ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं और समर्थकों को नमोएप से जोड़ने पर जोर दिया है। एप के स्कोर में सांसद सत्यदेव पचौरी के बाद भाजपा पार्षद दल नेता नवीन पंडित टॉप पर हैं। पंडित का कहना है कि वह सीसामऊ विधान सभा क्षेत्र के लिए राजनीतिक जमीन मजबूत कर रहे हैं।

नमो एप के स्कोर में सांसद सत्यदेव पचौरी देश के टॉप फाइव में हैं। कानपुर में वह नंबर वन हैं, उनके बाद भाजपा पार्षद दल नेता नवीन पंडित 5.07 लाख पर हैं। नवीन पंडित ने नमोएप से लोगों को जोड़कर सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र से दावेदारी की है। यहां से वर्तमान सपा विधायक इरफान सोलंकी जेल में हैं। भाजपा पार्षद दल नेता के मुताबिक नमोएप उनकी सक्रियता का प्रमाण है। इस एप के जरिये सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के हर घर में दस्तक दी जा रही है। मुस्लिम समाज के लोग भी भाजपा से जुड़ रहे हैं। यह एप सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का विवरण भी देता है।




- सीसामऊ विधान सभा क्षेत्र में सक्रिय भाजपा पार्षद दल नेता दे रहे घर-घर में दस्तक
- सांसद सत्यदेव पचौरी देश भर में टॉप फाइव में, एप में सरकार की कल्याण योजनाओं का ब्यौरा

# केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटिक आज लेंगे चुनाव पर बैठक

**कानपुर।** भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के केंद्रीय क्लस्टर प्रभारी एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र खटिक शुक्रवार को शहर में रहेंगे। वह मर्चेंट चैंबर हॉल में सुबह 11 बजे लोकसभा संचालन समिति की बैठक को संबोधित करेंगे। सह मीडिया प्रभारी अंकित बाजपेई ने बताया कि मंत्री अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत दोपहर दो बजे जय नारायण विद्या मंदिर विकास नगर में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे। शाम पांच बजे । आनंदेश्वर मंदिर, परमट में पूजन-दर्शन करेंगे। शाम 6 से 8 बजे तक सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से भेंट करेंगे।



वीरेंद्र खटिक।

# प्रश्न पत्र आउट होने की सूचना पर दिन भर दौड़ते रहे उड़नदस्ते

**बोर्ड परीक्षा**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान गुरुवार को शिक्षा अधिकारी अलर्ट मोड पर रहे। इसकी वजह आगरा में पेपर आउट होने की सूचना रही। शिक्षा अधिकारियों और उड़दस्तों ने परीक्षा केंद्रों पर जाकर सघन निगरानी की। ऑनलाइन कंट्रोल रूम में भी अधिकारियों के दौरे होते रहे। कंट्रोल रूम में ड्यूटी पर तैनात शिक्षकों व कर्मचारियों को विशेष निर्देश दिए गए।

बोर्ड परीक्षा में सुबह हाईस्कूल के परीक्षार्थियों ने विज्ञान और दूसरी पाली में इंटर के परीक्षार्थियों ने जीव विज्ञान और गणित का प्रश्न पत्र दिया। पहली पाली में हुई परीक्षा में 50,384 में 47,970 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 2,414 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।



बोर्ड परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

दूसरी पाली में इंटर जीव विज्ञान में 16,351 में 15,556 ने परीक्षा दी। इस परीक्षा में 786 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। गणित के प्रश्न पत्र में 17,518 परीक्षार्थियों में 16,695 ने परीक्षा दी। 823 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कठिन विषयों की परीक्षा होने से अधिकारियों ने केंद्रों पर दौरे किए। जिला विद्यालय निरीक्षक ने दोनों पालियों में जीबीएस इंटर कॉलेज, करचूलीपुर, बीआरआरडी इंटर कॉलेज, वरुई, दयानंद ज्वाला प्रसाद इंटर कॉलज, कुढ़नी, श्री पथिक शिक्षा परिषद इंटर कॉलज, साढ़ और पं. बेनी सिंह इंटर कॉलेज भीतरगांव समेत 17 केंद्रों का निरीक्षण किया।

**सराहनीय पहल** | केमिकल इंजीनियरिंग विभाग में नवाचार, उत्कृष्टता और शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ेगी

# आईआईटी को पूर्व छात्र ने ढाई लाख अमेरिकी डॉलर की मदद दी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र ने संस्थान को दो करोड़ रुपये से अधिक (ढाई लाख अमेरिकी डॉलर) का दान दिया है। इस रकम से संस्थान में केमिकल इंजीनियरिंग विभाग में एंडोवेड कार्यक्रम स्थापित करके नवाचार, उत्कृष्टता और शैक्षणिक विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। संस्थान में आयोजित समारोह में पूर्व छात्र डॉ. राजीव गौतम, आईआईटी कानपुर और आईआईटीके फाउंडेशन के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र डॉ. राजीव गौतम ने संस्थान के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग में तीन एंडोवेड कार्यक्रम स्थापित करने के लिए योगदान दिया है।



डॉ . राजीव गौतम के साथ आईआईटी के निदेशक प्रो एस गणेश, एचओडी केमिकल इंजीनियरिंग डॉ . जयंत के सिंह व डीन प्रो कंतेश बलानी। अमृत विचार

यह पहल आईआईटी कानपुर, आईआईटी कानपुर फाउंडेशन और डॉ. गौतम के बीच हस्ताक्षरित त्रिपक्षीय समझौते के तहत की गई है। इस राशि का उपयोग एक एंडोवेड फैकल्टी चेयर, एक फैकल्टी फैलोशिप और छात्रों के लिए ट्रैवल ग्रांट कार्यक्रम के लिए होगा। इन कार्यक्रमों में ओम प्रकाश गौतम एंडोवेड फैकल्टी चेयर, राजीव और जॉयस गौतम फैकल्टी फैलोशिप और राजीव और जॉयस गौतम ट्रैवल ग्रांट शामिल है। इस ग्रांट को केमिकल इंजीनियरिंग में अनुसंधान गतिविधियां बेहतर करने के लिए बड़ा प्रोत्साहन माना जा रहा है। आईआईटी के निदेशक प्रो. एस. गणेश ने कहा कि इस योगदान का इस्तेमाल संस्थान को अधिक मजबूत, अनुसंधान प्रयासों को सुविधाजनक, युवा फैकल्टी की प्रतिभा पहचानने और छात्रों को वैश्विक प्रदर्शन के अवसर प्रदान करने के लिए होगा। यह कार्यक्रम उभरते शोधकर्ताओं को सशक्त बनाकर केमिकल इंजीनियरिंग में शैक्षणिक और अनुसंधान गतिविधिया और मजबूत करेंगे।

### बदलाव लाने वाली नई पीढ़ी बनेगी सशक्त

- समारोह में डॉ . राजीव गौतम ने कहा कि अनुसंधान और शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए अपने अल्मा मेटर को हर संभव योगदान देने में सक्षम होना गर्व की बात है। केमिकल इंजीनियरिंग विभाग ने उनकी पेशेवर यात्रा और सफलता में मजबूत तकनीकी नींव स्थापित करने के संसाधन प्रदान किए। उम्मीद है कि ये एंडोवेड कार्यक्रम केमिकल इंजीनियरिंग क्षेत्र में बदलाव लाने वालों की अगली पीढ़ी को सशक्त बनाएंगे।

### 1974 बैच के हैं छात्र डॉ. राजीव गौतम

- 1974 में आईआईटी कानपुर से केमिकल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री लेने के बाद डॉ . गौतम ने उद्योग की मांगों को पूरा किया। उन्होंने रिफाइनिंग, पेट्रोकेमिकल और गैस प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए विभिन्न उत्प्रेरक और पृथक्करण अनुप्रयोगों के निर्माण और परिचय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संस्थान ने 2020 में डॉ . गौतम को विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार से सम्मानित किया था।

# क्रास वोटिंग में याचिका के लिए राय ले रही सपा

**कानपुर।** राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में क्रास वोटिंग करने वाले आठ विधायकों की सदस्यता को लेकर सपा विधिक राय ले रही है। सपा विधायक अमिताभ वाजपेयी के अनुसार राय मिलने पर याचिका दायर करने का निर्णय लिया जा सकता है। सपा विधायक ने बताया कि इस मामले में कोई जल्दबाजी नहीं है। दूसरी तरफ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि इस प्रकरण में यदि कोई याचिका दायर करता है तो मेरिट के आधार पर नियमतः जो होगा किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि राज्यसभा चुनाव में यदि क्रास वोटिंग हो जाती है तो यह दल-बदल विरोधी कानून में नहीं आता है। ऐसा सुप्रीमकोर्ट का निर्णय भी आ चुका है।

The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)



Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338, 8005423919
www.anorectalclinic.com

# बाकरगंज बाजार में अव्यवस्थाओं का है अंबार

## 90 साल से अधिक पुराने बाजार में संकरी गलियां अतिक्रमण की जद में, सड़क व नालियां नहीं, जलभराव की समस्या से ग्राहक परेशान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**500** दुकानों वाले इस बाजार में एक भी यूरिनल नहीं है

**07** साल पहले बनाया गया यूरिनल आज तक चालू नहीं हो सका

**अमृत विचार।** 25 लाख रुपये का रोजाना कारोबार करने वाली बाकरगंज बाजार के व्यापारी अव्यवस्थाओं के संक्रमण से परेशान हैं। करीब 90 साल पुराने संकरी गलियों में बसे इस बाजार की सबसे बड़ी समस्या है वर्षों से बंद पड़ा स्लॉटर हाउस। स्लॉटर हाउस में गंदगी का अंबार व सुअरों के आतंक के कारण व्यापारियों के जीना दुश्वार बना हुआ है। साथ ही बाजार की गलियां जर्जर पड़ी हैं, जल निकासी की सुविधा का बाजार में कोई इंतजाम नहीं है। नालियों की सफाई न होने के कारण बाजार में प्रवेश करने वाले मुख्य मार्गों पर जलभराव की समस्या बनी रहती है।

बाकरगंज बाजार में किराना, गल्ला, सब्जी मंडी के साथ ही कपड़ा व रेडीमेड के साथ ही चूड़ी, कॉस्मेटिक व्यापारियों की करीब 500 से अधिक दुकानें हैं। मध्यवर्गीय लोगों की बाकरगंज बाजार में पिछले 15-16 सालों से स्लाटर हाउस बंद पड़ा है। बाजार के पिछले हिस्से में स्थित स्लॉटर हाउस की बाउंड्री टूटी पड़ी है। जिसमें क्षेत्र भर का कूड़ा डाला जाता है। इसके साथ ही बाजार से सटे मीट बाजार का कचरा भी स्लॉटर हाउस में डाला जाता है, जिससे स्लॉटर हाउस के आसपास सुअरों व कुत्तों का आतंक बना रहता है। सड़ांध के कारण व्यापारियों का दुकान में बैठना दूभर बना रहता है। बाबूपुरवा व्यापार मंडल के चेयरमैन महमूद अख्तर ने बताया कि बाजार के प्रवेश करने वाले मुख्य मार्ग कपड़ा मार्केट, चौकी मार्ग, मुर्गा मार्केट की ओर से है। सीवर व नाला सफाई का कार्य न होने मुख्य मार्गों पर जलभराव की समस्या निरंतर बनी रहती है। गलियों के बाहर दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है। बाइक निकालना भी किसी चुनौती से कम नहीं है। बाजार में जल निकासी के लिए नाली न होने के कारण बरसात के मौसम में पानी दुकानों में भर जाता है। कई-कई दिनों तक पानी गलियों में भरा रहने से ग्राहक संक्रमित बीमारियों के डर से बाजार में आने से कतराते हैं।



सड़क तक लगी है दुकानें। अमृत विचार


बंद स्लाटर हाउस में गंदगी का अंबार। अमृत विचार

### बीते सात सालों से बंद पड़ा है यूरिनल

रोजाना तकरीबन एक हजार से भी अधिक महिलाएं बाजार में आती हैं। व्यापारियों ने बताया कि बाजार में एक भी यूरिनल नहीं है। करीब सात साल पहले नगर निगम ने स्लॉटर हाउस के पास यूरिनल बनवाया था, लेकिन वह अब तक शुरू नहीं हो पाया।

### छुट्टा जानवर करते हैं हमला

बाजार में आने वाले ग्राहकों ने बताया कि स्लॉटर हाउस के कारण बाजार में खूंखार कुत्तों व सुअरों का आतंक बना रहता है। कई बार सुअर महिलाओं व बच्चों पर हमला भी कर चुके हैं। सुअरों के आतंक से ग्राहक बाजार में आने से कतराते हैं।

स्लॉटर हाउस में गंदगी के अंबार के कारण आसपास के दुकानदारों का दुकानों में बैठना दूभर है। दुर्गंध के कारण ग्राहक दुकानों में आने से कतराते हैं, जिस कारण व्यापार प्रभावित होता है। सबसे ज्यादा समस्या बरसात के समय होती है। कई बार नगर निगम अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।


–मो .आमिर, मुन्ना, अध्यक्ष व्यापार मंडल

गंदगी व अतिक्रमण के कारण व्यापार काफी प्रभावित होता है। हल्की सी बारिश में बाजार की गलियों में कई–कई दिनों तक कीचड़ जमा रहता है। बाजार में एक भी नाली नहीं है। गलियों में बसे बाजार में दुकानों के बाहर व्यापारियों ने कब्जा कर रखा है। जिस कारण बाजार में पैदल निकलना भी मुश्किल रहता है।


–मो . फहीम, रेडीमेड कारोबारी

नालों व सीवर की सफाई के हालत बद से बदतर है। नालों की सफाई न होने से बाजार के मुख्य मार्गों पर आए दिन जलभराव की समस्या बनी रहती है। मुख्य मार्ग पर ही जलभराव होने से ग्राहक बाजार में आने से कतराते हैं। बीते कुछ दिन पूर्व ही व्यापारियों ने अपने पास से धन एकत्र कर नालों की सफाई कराई।


–केवल कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष

संकरी गलियों में बसे बाजार में अतिक्रमण के कारण बाजार का दम घुट रहा है। अतिक्रमण का आलम यह है कि लोगों ने चौकी तक पर कब्जा जमा रखा है। कई बार अतिक्रमण हटाया गया, लेकिन अभियान के कुछ देर बाद ही समस्या जस की तस हो जाती है। बाजार में सफाई व्यवस्था न होने के कारण व्यापार काफी प्रभावित होता है।


–सुरेश गुप्ता, रेडीमेड कारोबारी

# संगीतमय सुंदरकांड में झूमे-नाचे भक्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** तिरंगा अगरबत्ती परिवार की ओर से एकादश पंचतीर्थ संगीतमय सुंदरकांड पाठ परिक्रमा यात्रा समारोह आयोजित किया गया। रूमा स्थित तिरंगा समूह की फैक्ट्री में हुए आयोजन में वीर हनुमान के भजनों के बीच भक्त निहाल हो गए। समारोह में मुंबई से आए भजन गायकों ने भजन सुनाए।

तिरंगा समूह की ओर से निकाली जा रही यह पंचतीर्थ परिक्रमा यात्रा 17 फरवरी से श्री बड़े हनुमान मंदिर, संगम तट प्रयाग से शुरू हो कर वाराणसी, सुल्तानपुर, अयोध्या, लखनऊ, नैमिषारण्य, कानपुर, उन्नाव, चित्रकूट, से होते हुए 3 मार्च को सियाराम वाटिका झलवा, प्रयागराज तक जाएगी। इस परिक्रमा समारोह में सुंदरकांड वाचक व भजन गायक पं. प्रेमप्रकाश दुबे ने अपने साथी कलाकारों के साथ गाए भजनों से सभी को झुमाया।

पं. काली शंकर ग्रुप ने राम जी की आरती गाकर सबका मन मुग्ध कर दिया। समारोह में प्रमुख रूप से तिरंगा अगरबत्ती के चेयरमैन पं. प्रकाश चन्द्र शर्मा, पदमादेवी शर्मा, निदेशक पं. नरेन्द्र शर्मा, पं. सिद्धार्थ शर्मा, परिधि शर्मा, बृजेन्द्र शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।


भजनों पर मगन पंडित नरेंद्र शर्मा। अमृत विचार

# कल आएंगे थाईलैंड से विशेषज्ञ

**कानपुर।** मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन और एंडोक्रिनोलॉजी विभाग द्वारा मेडिसिन विभाग में शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में थाईलैंड से सूदखेत पोजप्रापाई और डॉ. पोथेप प्रतिभाग करेंगे। दोनों विशेषज्ञ मेडिसिन कॉलेज में थायराइड और डायबिटीक फुट की प्रगति को कैसे कम किया जा सकता है, रोकथाम कैसे हो सकती और ऐसे मरीजों का इलाज किस प्रकार और कौन की तकनीक से किया जा सकता है, इसकी विशेष जानकारी देंगे। प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि कार्यशाला का लक्ष्य थायराइड और डायबिटीक फुट में प्रगति को प्रदर्शित करना है।

# बेटी होने पर महिला ने फांसी लगाकर दे दी जान

**कानपुर।** नजीराबाद थानाक्षेत्र के लक्ष्मी रतन कालोनी निवासी 23 वर्षीय प्रियंका पत्नी रविश ने बुधवार देर रात फांसी लगाकर जान दे दी।



पति ने पुलिस को बताया कि सात फरवरी को उसने बेटी को जन्म दिया था। पति के अनुसार बेटी होने के बाद से वह डिप्रेशन में चल रही थी। उसे बहुत समझाया गया लेकिन वह अवसाद से बाहर नहीं आ सकी।

इसी के कारण फांसी लगाकर जान दे दी। इस मामले में नजीराबाद थानाध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की पुष्टि हुई है।


**डीआरएम साहब, कृपया यात्री सुविधा का ध्यान दीजिए :** सेंट्रल स्टेशन पर यात्रियों को कीचड़ से गुजरना पड़ रहा है। स्टेशन परिसर में बिना बारिश में जलभराव व कीचड़ है जिसमें फिसल कर बच्चे महिलाएं गिर जाती हैं। मेट्रो तथा रेलवे के अधिकारियों में समन्वय ना होने के कारण मेट्रो के कार्य में लापरवाही होने से समस्या में यात्री जूझ रहे हैं। दोनों विभाग के अधिकारी एक दूसरे की जिम्मेदारी व दोषी बता रहे हैं। गुरुवार को जिस समय मंडल रेल प्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे हिमांशू बड़ोनी का कानपुर आगमन हुआ तब उस समय स्टेशन परिसर में जलभराव व कीचड़ था और यात्री असुविधा से गुजर रहे हैं। फोटो–मनोज तिवारी

# मेट्रो से स्टेशन पुनर्निर्माण में बाधा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डीआरएम ने मेट्रो अधिकारियों से काम तेज करने को कहा
- स्टेशन के कार्यों का लिया जायजा, बोले काम में लाएं तेजी

**अमृत विचार।** मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) हिमांशु बड़ोनी ने गुरुवार को सेंट्रल स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्य का जायजा लिया। वे कैंट व सिटी साइड दोनों ही जगहों पर गए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सेंट्रल के पास कार्य कर रहे मेट्रो अधिकारियों से कार्य तेज करने को कहा। कहा कि इसकी वजह से सेंट्रल के पुनर्विकास कार्य में बाधा पैदा हो रही है।

सेंट्रल पर चल रहे कार्यों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह व एसीएम संतोष त्रिपाठी से कार्यों की प्रगति जानी। मेट्रो के सिटी साइड परिसर में चल रहे कार्य की गति धीमी देखकर उन्होंने जल्द काम पूरा करके जगह खाली करने को कहा। यह भी बोले कि यह जमीन पार्किंग को देनी है।



जिम का लोकार्पण करते डीआरएम। अमृत विचार

### जिम की शुरुआत की

मंडल रेल प्रबंधक ने जीटी रोड स्थित आरपीएफ बैरक में आधुनिक जिम का लोकार्पण किया। उन्होंने जवानों से कहा कि व्यायाम से बीपी, मोटापा जैसी बीमारियां नहीं होती हैं। जितने चुस्त जवान रहेंगे उतनी ही चुस्त सुरक्षा भी होगी।

# रसूलाबाद में बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या

संवाददाता, रसूलाबाद

- भतीजी पर टिप्पणी का उलाहना देने गए थे

**अमृत विचार।** क्षेत्र के माल का पुरवा गांव में भतीजी पर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी की शिकायत करने गए बुजुर्गकी लाठी- डंडों से पीट- पीटकर हत्या कर दी गई।

रसूलबाद कोतवाली क्षेत्र के माल का पुरवा गांव निवासी गंगा प्रसाद (60) की भाई की बेटी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर गांव के ही एक ग्रामीण ने टिप्पणी कर दी। बेटी ने इसकी शिकायत ताऊ गंगा प्रसाद से की तो वह आरोपी के घर शिकायत करने गए। आरोप है कि आरोपी इससे आपे से बाहर हो गए और दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। आरोपी ने कुछ लड़कों को बुला लिया और गंगा प्रसाद पर लाठी- डंडों से हमला बोल दिया। गंभीर रूप से घायल गंगा प्रसाद को परिजन रसूलाबाद सीएचसी लेकर पहुंचे जहां ईएमओ ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

कोतवाल मुकेश सोलंकी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


विजयी बच्चे प्रमाण पत्र के साथ अमृत विचार

# स्कूल के खेलों में दिखाया दम

**कानपुर।** बाबूपुरवा के सिटी एजुकेशन सेंटर स्कूल में गुरुवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान वार्षिक खेलों के बीच खिलाड़ियों ने अपना दम दिखाया। खेलों के बीच क्रिकेट, टेबल टेनिश, दौड़,खो-खो, कबड्डी सहित अन्य खेलों में खिलाड़ियों ने प्रतिभा दिखाई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अरुण पूरी चैतन्य जी महाराज ने युवाओं को खेल का महत्व भी समझाया। कहा कि खेलों से अनुशासन का जन्म होता है। यह टीम भावना को भी विकसित करता है। समारोह के दौरान सांस्कृति कार्यक्रम भी हुए। इनमें पुलवामा अटैक की झांकी भी दिखाई गई। विद्यालय की ओर से विजेता बच्चो को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्या मंजू भट्टाचार्य, आशुतोष भट्टचार्या, नीलेश, अनरागिनी, आयशा, उर्मिका सहित अन्य मौजूद रहे।

# खनन करा रहे कैबिनेट मंत्री के रिश्तेदार ने प्रधान पर की फायरिंग

**रानियां।** अकबरपुर तहसील क्षेत्र के करबक गांव के पास खनन कर रहे प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री के रिश्तेदार ने विरोध पर ग्रामीणों व ग्राम प्रधान के ऊपर फायरिंग कर दी। यह तो अच्छा रहा कि किसी को गोली नहीं लगी।

दहशत में आ गए प्रधान ने इसकी सूचना राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला को दी। मौके पर पहुंची राज्य मंत्री ने थाना प्रभारी को बुला कर मौके से गाड़ी व आरोपी को पकड़ने के लिए कहा। पुलिस ने मौके से दो डंफर, एक जेसीबी व चार लोगों को हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए एक युवक ने खुद को प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री का भांजा बताया।

उपजिलाधिकारी ने बताया कि खनन की स्वीकृति गुरुवार को ही दी गई थी। पहले दिन खोदाई कर रहे थे। अगर ग्रामीणों के ऊपर फायरिंग की है तो रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। दोनों डंफर व जेसीबी को सीज कर दिया गया है। मौके पर नाप करवाई जा रही हैं।

**जीएसवीएम** एचआईवी ईक्यूएएस पर कार्यशाला, सात जिलों के 35 लैब टेक्नीशियन हुए प्रशिक्षित

# एचआईवी टेस्टिंग की गुणवत्ता बढ़ाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने गुरुवार को जिलास्तरीय एचआईवी ईक्यूएएस कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें एसआरएल एचआईवी टेस्टिंग लैब से संबंध सात जिलों के 35 आईसीटीसी व एचटीसीएस सेंटर के लैब टेक्नीशियनों ने प्रतिभाग किया।

माइक्रोबायोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.सुरैया खानम अंसारी ने एचआईवी राज्य संदर्भ प्रयोगशाला की उपलब्धियों की जानकारी दी। प्राचार्य प्रो. संजय काला ने एचआईवी टेस्टिंग की गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर दिया। एनएबीएल प्रत्यायन एचआईवी लैब के क्वालिटी मैनेजर प्रो. विकास मिश्रा ने एचआईवी वायरस से संबंधित एचआईपी टेस्टिंग, ट्रेसिंग व काउंसलिंग के बारे में बताया। एचआईवी की जांच में होने वाली तकनीतियों की कुशलता, जांच रिपोर्ट व सही समय पर धनात्मक मरीजों का उपचार आदि की जानकारी दी। टेक्निकल ऑफीसर इस्तफा हुसैन खान ने बताया कि उर्सला अस्पताल के आईसीटीसी का एनबीएल प्रत्यायन संपन्न करा दिया जा चुका है। इस दौरान डॉ.मधु यादव, डॉ.श्वेता शर्मा आदि लैब टेक्नीशियन मौजूद रहे।


मेडिकल कॉलेज में मौजूद डॉ .सुरैया खानम, डॉ .विकास मिश्रा समेत अन्य टेक्नीशियन। अमृत विचार


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मेरा नाम SATYA WATI सर्विस रिकार्ड में गलत लिख गया है। सही नाम SATYA VATI W/O Late Shiv Bahadur Singh निवासी ग्राम मझिगवां करन, पोस्ट चौहनिया थाना हरचंदपुर, जिला रायबरेली 229303 होना चाहिए।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे मुंशी व कामिल की मार्कशीट मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ में मुंशी का रोल न. 841/1998 व कामिल का रोल न. 3078/2006 है। वास्तव में कही खो गई है। मो. सलीम पुत्र मेहंदी लाल निवासी बनबीर पुर पो. सदरपुर तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि वैभव दीक्षित पुत्र विष्णु कुमार दीक्षित निवासी कितूली थाना जगतपुर मै प्रयागराज अपने निजी कार्य से गया हुआ था। तभी बस में मेरा बैग छूट गया जिसमें मेरे हाई स्कूल की अंक पत्र सन 2020 अनुक्रमांक 1213345 कहीं वास्तव में खो गया है।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैं वैभव दीक्षित पुत्र विष्णु कुमार दीक्षित निवासी कितूली थाना जगतपुर मै प्रयागराज अपने निजी कार्य से गया हुआ था। तभी बस में मेरा बैग छूट गया जिसमें मेरे इंटरमीडिएट की अंक पत्र सन 2022 अनुक्रमांक 2225902575 वास्तव में कहीं खो गया है

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र अंकित पाल को उसके गलत कृत्यों से परेशान होकर अपनी व अपने पूर्वजों की समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं और भविष्य में उनके द्वारा किए गए कृत्यों के लिए स्वंय जिम्मेदार होगा मुझसे व मेरे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। अशोक कुमार पुत्र कढ़ीलेराम निवासी ग्राम गदियाखेड़ा मव तिलन मलिहाबाद लखनऊ। हाल पता मोहन रोड बुद्धेश्वर काकोरी लखनऊ। मो न व 8573926290

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मुझे ओमप्रकाश गुप्ता व घनश्याम गुप्ता दोनों ही नामों से जाना व पहचाना जाता है। ये दोनों ही नाम मेरे हैं। ओमप्रकाश गुप्ता पुत्र विश्वनाथ गुप्ता निवासी–रमईपुर कलां, पोस्ट–सरेनी,तहसील–लालगंज,जनपद–रायबरेली।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैं जन्मेजय बुधौलिया पिता का नाम विनोद कुमार तथा माता का नाम वंदना है। मेरे हाई स्कूल अंक पत्र में माता पिता का यही नाम दर्ज है। मेरे इंटर के अंक पत्र में माता का नाम वंदना बुधौलिया पिता का नाम विनोद बुधौलिया कर दिया है। दोनो नाम मेरे माता पिता के है।माता का नाम वंदना पिता का नाम विनोद कुमार के नाम से जाना जाए। जन्मेजय बुधौलिया समदनगर महोबा।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे समस्त मूल प्रमाण पत्र व बी यू एम एस की डिग्री वास्तव में कही खो गई है। डॉ0 शबनम परवीन पत्नी अहसान पुत्री कत जमील अहमद निवासनी सी 2483 मिनी एल आई जी राजाजीपुरम थाना तालकटोरा जिला लखनऊ।

# अलग-अलग सड़क हादसों में एक की मौत, आठ लोग घायल

## पांच लोगों को गंभीर हालत में हैलट अस्पताल कानपुर रेफर किया गया

संवाददाता घाटमपुर


छात्र की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मच गया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** परीक्षा देकर लौट रहे बाइक सवार तीन छात्रों की सामने से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। तीनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं दूसरी बाइक के चालक की मौत हो गई। वहीं अलग-अलग सड़क हादसों में पांच अन्य लोग घायल हो गए।

गुरु प्रसाद इंटर कॉलेज से पेपर देने के बाद सजेती थाना क्षेत्र के ग्राम सुखापुर निवासी सौरभ (17), हेमंत कुमार (17), अनिकेत (18) बाइक से घर वापस आ रहे थे। तभी दुर्गापुर के पास सामने से आ रही बाइक से सीधी भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक में सवार रैपुरा निवासी जगदीश (52) की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों मोटरसाइकिल सवार छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें सीएचसी घाटमपुर लाया गया। जहां पर डॉक्टर ने उन्हें कानपुर हैलट रेफर किया है। वही मौके पर पहुंची सजेती पुलिस ने पहुंचकर जगदीश के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

वहीं सजेती कस्बा निवासी संतोष कुमार तिवारी की पत्नी मधु 46 वर्ष बेटे प्रद्युम्न तिवारी व भतीजी खुशी के साथ छाझा रायपुर से शादी समारोह से अपने घर सजेती जा रहे थे। शयोदी गांव के पास चांदी ललायपुर भट्ठे के सामने एक भूसे से लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी चला रहे प्रद्युम्न तिवारी व मधु तिवारी, पुत्री खुशी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें सीएसची घाटमपुर ले जाया गया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

वहीं मधु की हालत गंभीर होने पर उन्हें हैलट अस्पताल कानपुर रेफर किया गया है। इसी क्रम में सजेती थाना क्षेत्र के मनिहारपुर निवासी सचिन (22), मोहित (17) सजेती से घर वापस मनिहारपुर जा रहे थे। तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें सीएचसी घाटमपुर ले जाया गया। जहां पर उन्हें डॉक्टरों ने कानपुर हैलट रेफर कर दिया है।


आरोपी भूरा उर्फ तेज बहादुर।

## घर में अकेली किशोरी से पड़ोसी ने किया दुष्कर्म

**भीतरगांव।** साढ़ थाने के सीमावर्ती एक गांव में परिजन अपनी किशोरी को घर में अकेला छोड़ कर खेतों में काम करने चले गए थे। तभी गांव का युवक भूरा उर्फ तेजबहादुर किशोरी को अकेला देख दरवाजे की कुंडी खुलवा कर अंदर घुस गया और किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। किशोरी ने जब शोर मचाया, जिस पर आस पड़ोस के लोगों को आता देख आरोपी भाग गया। घटना की सूचना परिजनों ने किशोरी को साढ़ थाने ले जाकर घटना की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 452 ,376, पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए कानपुर भेजा। साढ़ थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी भूरा उर्फ तेज बहादुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# दुष्कर्म के दोषी को दस साल कैद व भाइयों को सात-सात वर्ष की जेल

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- घाटमपुर के एक गांव में मायके आई थी पीड़िता
- कोर्ट ने सजा के साथ दोषियों पर अर्थ दंड भी लगाया

**अमृत विचार।** घाटमपुर क्षेत्र के एक गांव मायके आईं विवाहिता को घर पर अकेला पाकर वहीं के युवक ने दुष्कर्म किया था। आरोपी के दो भाईयों ने पीड़िता व उसकी छोटी बहन से मारपीट की थी। मामले में अपर जिला जज फास्ट ट्रैक की अदालत ने गुरुवार को दुष्कर्म मामले में अभियुक्त को दस वर्ष सश्रम कारावास व मारपीट में दो भाईयों को सात-सात वर्ष कारावास की सजा सुनाई है।

कानपुर नगर की घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने पुलिस को बताया था कि दो नवंबर 2013 को वह अमावस्या पर्व पर अपने मायके आई थी। चार नवंबर 2013 को उसके घर के सभी लोग खेत पर काम करने गए थे और वह अकेली थी। तभी गांव के प्रधान का भतीजा अरविंद कुमार घर में घुस आया और गले में चाकू लगाकर जान से मारने की धमकी देते हुए दुष्कर्म किया। छोटी बहन ने उसे छुड़ाने का प्रयास किया तो अरविंद कुमार के छोटे भाई शैलेंद्र व राहुल ने वहां आकर उसकी बहन और उससे मारपीट की। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसकी सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सुरेंद्र सिंह की अदालत में चल रही है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान न्यायालय ने तीनों भाईयों को दोष सिद्ध किया था। वहीं गुरुवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने दुष्कर्म मामले में दोषी अरविंद कुमार को दस वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही दस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया। एडीजीसी अमित सिंह चौहान व अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मारपीट के मामले में दोषी शैलेंद्र कुमार व राहुल को सात-सात साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही सात-सात हजार रुपये अर्थदंड लगाया।

### मारपीट करने वाले तीन को चार साल की सजा



**कानपुर देहात।** घाटमपुर क्षेत्र में करीब तेरह साल पहले एक गांव निवासी अनुसूचित जाति के व्यक्ति के मुकदमे में समझौता न करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर उसे जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट की थी। मामले में विशेष न्यायालय एससीएसटी कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई करते हुए तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए चार चार साल के कारावास की सजा सुनाई है। सहायक शासकीय अधिवक्ता आशीष कुमार तिवारी ने बताया कि कानपुर नगर के घाटमपुर क्षेत्र के गांव बेहटा बुजुर्ग निवासी रमेशचंद्र कुरील ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 28 जनवरी 2011 को गांव के कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की थी। जिसकी रिपोर्ट उसने थाना घाटमपुर में 30 जनवरी 2011 को दर्ज कराई थी। इसके बाद अभियुक्त उसके ऊपर समझौता का दबाव डाल रहे थे। उसके सुलह न होने पर 5 फरवरी 2011 की सुबह गांव के भोले सिंह, छोटे सिंह व कल्लू सिंह उर्फ अखंड प्रताप सिंह उसके घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट करने लगे। उसके शोर मचाने पर गांव के कई लोगों के मौके पर आने पर सभी तमंचा लहराते हुए जातिसूचक गालियां देते हुए भाग गए। मामले में पुलिस ने विवेचना कर सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश किए थे। जिसकी सुनवाई विशेष न्यायालय एससीएसटी एक्ट रजत सिन्हा की कोर्ट में चल रही थी। गुरुवार को अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सभी आरोपियों को दोषी करार देते हुए चार-चार साल कारावास की सजा सुनाई।

# आंगनबाड़ी से मिले बच्चों को संस्कार

संवाददाता, बिल्हौर


मेधावी छात्रा को प्रशस्ति पत्र देते विधायक राहुल बच्चा सोनकर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्री प्राइमरी शिक्षा के तहत राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देश पर विकास खण्ड ककवन के बीआरसी केंद्र प्रांगण में हमारे आंगन- हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बिल्हौर एव ककवन के खंड शिक्षा अधिकारियों ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इसके अलावा 12 निपुण बच्चों, 8 आंगनवाड़ी केंद्र व नेट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 6 विद्यालयों के अलावा 4 निपुण विद्यालयों को विद्यायक राहुल बच्चा सोनकर ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर केन्द्र में डिजिटल लैब का उद्धघाटन भी विधायक ने किया ।

विधायक ने मौजूद शिक्षकों व अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहाकि आगनंवाड़ी से ही बच्चों को संस्कार मिलते रहे जिससे स्कूल पहुंचने तक बच्चों के व्यवहार मे सुधार हो सके। कार्यक्रम मे बिल्हौर, खण्ड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम मे ककवन खण्ड शिक्षा अधिकारी कमलेश गुप्ता, अनुराग पाण्डे, अशोक यादव, अमित सिंह, अरविंद त्रिवेदी, राजेन्द्र शुक्ला सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। इस मौके पर यह भी बताया गया कि डिजिटल लैब के जरिए तमाम परिषदीय विद्यालय के बच्चों को कंप्यूटर के विषय की विस्तार पूर्वक जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर दी जाएगी।

## मानक विपरीत खोद रहे नहर पटरी

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र से गुजरी निकली गंग नहर में लगातार सिल्ट उठान जारी है। नहर विभाग के अधिकारी नहर की पटरी तक खुदवा रहे हैं। टेंडर सिल्ट उठान की नियमावली को किनारे कर मनमाने तरीके से सभी रजबहों की पटरी व नहर की पटरी को ध्वस्त किया जा रहा है जिम्मेदार नहर विभाग के अधिकारी मौन हैं ।

बुधवार को एडीएम भू अध्याप्ति ने सिल्ट उठान पर रोक लगाई गई थी लेकिन दबंग ठेकेदार लगातार सिल्ट उठा रहे हैं। क्षेत्र मे जब से सिल्ट उठान शुरू हुई है कोई ना कोई विवाद सामने आ रहा है, पहले रिख्खापुरवा गांव मे दंबग जेसीबी व डंपर चालकों ने विद्युत पोल व ट्रांसफार्मर मे टक्कर मारी बाद में दो गुटों मे असलहाबाजी हुई।

# 'सच्चे भाव से ही ईश्वर की कृपा संभव'

संवाददाता, चौबेपुर


श्रीराम कथा श्रवण करती महिलाएं। अमृत विचार


कथा सुनाते आचार्य ज्ञानेश जी महाराज।

- श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में चल रही राम कथा में आचार्य ने सुनाया राम जन्म प्रसंग

**अमृत विचार।** भगवान भाव के भूखे होते हैं, स्वच्छ मन व सच्चे भाव से की गई आराधना से ही ईश्वर की कृपा संभव है। अच्छा व्यक्ति वही होता है, जो बुराई में भी अच्छाई ढूंढ ले। मनुष्य की विशेषता स्वयं उसके हाथों में है। प्रकृति ने तो उसे मात्र संभावनाएं दी हैं, लेकिन स्वयं का सृजन करना मनुष्य के हाथ में ही होता है। उक्त प्रवचन गुरुवार को कस्बा स्थित श्रीसंकटमोचन हनुमान मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के दौरान आचार्य ज्ञानेश जी महाराज ने भक्तों को सुनाए। इस दौरान उन्होंने राम जन्म प्रसंग का वर्णन कर भक्तों को भाव विभोर कर दिया।

कस्बा स्थित श्रीसंकटमोचन हनुमान मंदिर में चल रही संगीतमय श्रीराम कथा में आचार्य ज्ञानेश जी महाराज ने बताया कि जब-जब धरती पर असुरों का अत्याचार व अधर्म बढ़ा है, तब तब भगवान ने किसी ने किसी रूप में अवतार लेकर असुरों का संहार कर धर्म की रक्षा की है। राम जन्म प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने बताया कि अयोध्या के सूर्यवंशी राजा दशरथ ने पुत्र की कामना से विशाल यज्ञ कराया। जिसके फलस्वरुप उनके चार पुत्रों का जन्म हुआ। श्रीराम का जन्म देवी कौशल्या के गर्भ से हुआ। भगवान राम ने पृथ्वी पर धर्म की स्थापना कर लोगों का कल्याण किया। बताया कि बाल्यावस्था से ही उन्होंने असुरों का नाश करना शुरू कर दिया था। इस दौरान आचार्य ने भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी भजन सुनाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम संचालक ओम नारायण गुप्ता ने बताया कि दिन में श्री राम कथा सुनने और रात में श्री कृष्ण की लीलाओं को देखने के लिए स्थानीय लोगों के अलावा दूर-दूर गांवों से लोग यहां पहुंच रहे हैं।

# घाटमपुर में भाजपा का संपर्क अभियान शुरू

संवाददाता, घाटमपुर

- कहा गया- मुसीबतों की छुट्टी मोदी सरकार की गारंटी

**अमृत विचार।** भाजपा संपर्क अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार की लोकप्रिय योजनाओं में प्रकाश डाला। कहा गया कि 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। मुसीबतों की छुट्टी, मोदी सरकार की गारंटी है। घाटमपुर विधानसभा के नगर मंडल घाटमपुर में लाभार्थी संपर्क अभियान एवम् बूथ चलो बूथ जीतो,अभियान के तहत सेक्टर नगर पालिका के अंतर्गत बूथ संख्या 203 मे बूथ के अध्यक्ष अमित सविता के साथ आवास योजना, अन्न योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, योजना के तहत लाभार्थियों से मिलकर 9638002024 मिस कॉल करवाया। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के विषय में अवगत करवाया। इस मौके पर भाजपा नेता शोभित सेंगर के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।


कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार की उपलब्धियां भी लोगों को बताईं। अमृत विचार

## शिव धाम मंदिर में कलश यात्रा के बाद शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत शिव धाम बिच्छीपुर में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ शुरू किया गया। जिसमें क्षेत्र की तमाम महिलाओं ने सर में कलश रख जलाभिषेक कर कलश की स्थापना की। आचार्य एवं व्यास जी द्वारा गणेश पूजन विधिविधान से कराया गया। पूजन के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक शिवकुमार द्विवेदी ने बताया कि श्रीमद् भागवत महापुराण कथा 7 दिन चलेगी। जिसमें सभी भक्त आकर भागवत कथा का श्रवण करें। भागवत कथा के अंतिम दिन विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वैसे इस शिव धाम मंदिर में साल के सभी महीने में हर सोमवार को भंडारे का आयोजन होता है। जिसमें आसपास के क्षेत्रीय भक्त आकर भगवान शिव के दर्शन कर भंडारा का प्रसाद ग्रहण करते हैं।

प्राचीन धरोहर

खोदाई के दौरान भगवान की मूर्ति भी मिली, दो शिलापट ऐसे भी निकले हैं, जिनकी बनावट प्राचीन बेहटा बुजुर्ग मंदिर से मिलती-जुलती

# घाटमपुर के परास में मंदिर की नींव खोदाई में निकली प्राचीन मूर्तियां

संवाददाता घाटमपुर


देवी-देवताओं की मूर्तियों के ऐसे टुकड़े मिले। अमृत विचार


ये मूर्ति भी निकली। अमृत विचार


ये शिलापट बेहटा बुजुर्ग मंदिर से मिलते-जुलते। अमृत विचार

- एक बार प्रतिमाएं ले जा चुका पुरातत्व विभाग

**अमृत विचार।** क्षेत्र के परास गांव में प्राचीन मंदिर रख रखाव के अभाव में खंडहर हो गया था। ग्रामीणों के द्वारा मंदिर का निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। जिसके लिए नींव की खोदाई चल रही है, जिसमें कई प्राचीन मूर्तियां निकली है। सभी मूर्तियां खंडित है। खोदाई में मंदिर का बना हुआ चबूतरा भी निकला। चबूतरे में चारो तरफ सीढ़ियां बनी हैं। गांव के बुजुर्गो का कहना है, कि लगभग 60 वर्ष पहले यहां पर पुरातत्व विभाग की टीम आई थी। तत्कालीन ग्राम प्रधान से टीम ने मंदिर की मूर्तियां को लेकर लखनऊ चले गए थे। मूर्तियां जाने के बाद मंदिर खंडहर में तब्दील होकर ध्वस्त हो गया था।

बुधवार देर शाम नींव की खोदाई के दौरान यहां एक दर्जन से अधिक खंडित मूर्तियां निकली। जिन्हें ग्रामीणों ने सहेज कर बगल में बने प्राचीन शिव मंदिर के चबूतरे पर रखा है। खोदाई के दौरान यहां पर दो शिलापट भी निकले हैं। इस तरह का शिलापट बेहटा बुजुर्ग मंदिर के बाहर रखा हुआ है। शिलापट से बिल्कुल मिलती जुलती कलाकृति बनी हुई है। इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यह मंदिर और बेहटा बुजुर्ग मंदिर के समय के आसपास का बना होगा।

परास गांव निवासी सुनील तिवारी, सुरेश चंद्र तिवारी, अभिनव अवस्थी ने बताया कि बुजुर्ग बताते थे कि लगभग 60 वर्ष पहले यहां गांव के किनारे ठाकुर जी का प्राचीन मंदिर हुआ करता था। आसपास गावों से लोगों की भीड़ जन्माष्टमी को प्रभु के दर्शन करने उमड़ती थी। लगभग 60 वर्ष पहले मंदिर में पुरातत्व विभाग की टीम आई थी। पुरातत्व विभाग की टीम को तत्कालीन ग्राम प्रधान बद्री प्रसाद तिवारी ने मंदिर की मूर्तियां को सौंपा था। टीम मूर्तियों को लखनऊ लेकर चली गई थी। उसके बाद मंदिर की ओर पुरातत्व विभाग ने ध्यान नहीं दिया।

मंदिर के निर्माण कार्य को देखने और ग्रामीणों के द्वारा दिए जा रहे चंदे का रख रखाव करने के लिए गांव के ग्यारह लोगो की समिति बनाई गई है। समिति के लोगों का कहना है, कि ठाकुर जी के मंदिर का गर्भगृह बनाने के बाद वह लोग कानपुर डीएम से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपेंगे। समिति के सदस्यों की मांग सिर्फ ठाकुर जी की मूर्तियों को पुरातत्व विभाग से वापस लेकर मंदिर में स्थापित करवाना है।


मंदिर का टूटा चबूतरा भी मिला। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



कार्यक्रम में बच्चों ने देशभक्ति गीत पर दी सलामी। अमृत विचार

### प्राथमिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**घाटमपुर।** यमुना तटवर्ती क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय समुही भटपुरवा में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्र-छात्राओं ने कई प्रकार के सांस्कृतिक एवं देशभक्ति गीतों के साथ कार्यक्रम पेश किया। साथ ही झांकियों का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि राजेश यादव,विद्यालय की प्रधानाध्यापक प्रियंका तिवारी, जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, एआरपी स्वापिनल वर्मा, मनोज, रघुराज के साथ साथ विद्यालय के स्टाफ एवं भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### बलवंत कांड में पूर्व शिवली एसओ की तरफ से जिरह जारी

**कानपुर देहात।** चर्चित बलवंत हत्याकांड में चश्मदीद गवाह मृतक के चाचा बलबीर सिंह से तत्कालीन शिवली थाना प्रभारी राजेश सिंह की तरफ से गुरुवार को जिरह की गई। जिरह पूरी न होने पर आरोपी की तरफ से शेष जिरह व मैथा चौकी के तत्कालीन मुख्य आरक्षी विनोद कुमार की तरफ से जिरह के लिए कोर्ट ने एक मार्च की तारीख लगाई। वादी पक्ष की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि आरोपी पूर्व एसओजी आरक्षी दुर्वेश कुमार व अनूप कुमार की तरफ से 28 फरवरी को जिरह पूर्ण की गई थी। आरोपी तत्कालीन मैथा चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश पांडेय, आरोपी तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम, आरोपी शोनू यादव व प्रशांत कुमार पांडे की तरफ से गवाह से जिरह पूरी की जा चुकी है। जिरह में भी साक्षी बलबीर सिंह ने घटना में जेल में निरुद्ध आठो आरोपी पुलिस कर्मियों व तत्कालीन रनियां थाना प्रभारी को बलवंत सिंह की हत्या करने में शामिल बताया। अधिवक्ता ने बताया कि मामले में वादी अंगद सिंह के पूर्व में बयान दर्ज हो चुके हैं। उन्होंने दिए गए बयानों व जिरह में भी एफआईआर व विवेचक को दिए बयान का समर्थन किया है। मामले की सुनवाई अपर जिला जज दुर्गेश की न्यायालय में चल रही है।

### 'निराकार पर विश्वास करने से बन जाते हैं सभी काम'

**पुखरायां।** निराकार पर जब विश्वास करके समर्पण कर देते हैं तो सारे काम बनते चले जाते हैं। हमें इस एक निराकार को पकड़ कर रहना, इसकी भक्ति करना है। यह बात बहन उर्मिला ने भोगनीपुर तहसील के प्रहलादपुर गांव में आयोजित निरंकारी आध्यात्मिक सत्संग समारोह के दौरान कही। उन्होंने कहा कि निरंकारी माता सुदीक्षा जी इस एक की पहचान करा कर ब्रह्म दर्शन करा कर भक्ति करने की प्रेरणा दे रही है। निरंकारी मिशन में आ जाने से प्रेम भाव आ जाता है। रहने, उठने, बोलने, खाने-पीने का ढंग आ जाता है। केवल और केवल निरंकारी मिशन ही है जो केवल मानवता का पाठ पढ़ा रहा है। क्योंकि मानवता ही सारे धर्म में श्रेष्ठ है। जब मनुष्य के अंदर मानवता आ जाती है तो सुकून प्राप्त हो जाता है। निरंकारी बाबा हरदेव ने भी न केवल हिंदुस्तान बाल्कि 76 देशों में मानवता की एक नई मिसाल कायम की है। आज पूरा विश्व मानवता को अपना कर सुकून महसूस कर रहा है। सुकून तो हर कोई चाहता है, लेकिन कैसे हो, यह केवल और केवल निरंकारी माता सुदीक्षा जी बता रही हैं। विक्रम सिंह, भूप सिंह, संतोष गुप्ता, मेंबर सिंह, निशा, पान कुमारी, श्यामा, अंजलि, खुशबू, भोम सिंह आदि रहे।

# डंपर ने कांवड़िये को रौंदा, अजगैन कोतवाली में हंगामा

## लखनऊ हाईवे स्थित मुर्तजा नगर नहर के पास हुआ हादसा

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव


अजगैन कोतवाली में मौजूद कांवड़िये। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बाराबंकी जिले के लोधेश्वर महादेव मंदिर में कांवड़ में जल लेकर अभिषेक के लिए जाते समय युवक को तेज रफ्तार डंपर ने रौंद दिया। साथी की मौत से गुस्साए कांवड़ियों ने अजगैन कोतवाली पहुंच जमकर हंगामा काटा। बाद में एसडीएम के निर्देश पर पहुंचे कानूनगो द्वारा आर्थिक सहायता दिलाए जाने के आश्वासन पर सभी शांत हुए। इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।


राजेश।

सोहरामऊ थानाक्षेत्र के आशाखेड़ा गांव निवासी महंत हरी कुमार बाजपेई कई वर्षो से आसपास के गांव के कांवड़ियों का जत्था लेकर बाराबंकी स्थित लोधेश्वर महादेव दरबार जाते हैं। बीते बुधवार जलाभिषेक के लिए उनका जत्था निकला था। पहले सभी कांवड़िया गांव से विभिन्न संसाधनों द्वारा जाजमऊ चंदन घाट से गंगा जल भरकर कांवड़ लेकर महादेव के शिवलिंग पर चढ़ाने को पैदल निकले थे। देररात एक बजे दही थानांतर्गत मुर्तजा नगर नहर के पास जत्था में शामिल आशाखेड़ा गांव के मजरा बाबा खेड़ा निवासी राजेश (22) को लखनऊ जा रहे डंपर ने टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। साथियों ने एंबुलेंस उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राजेश की मौत के बाद मुर्तजा नगर से पैदल चलकर महंत हरी कुमार अपने जत्थे के साथ अजगैन थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कर वाहन को पकड़ने की मांग की। अजगैन पुलिस ने उन्हें टरकाने का प्रयास कर घटना दही क्षेत्र की होने की बता वहीं जाने की बात कही। इस पर सभी अक्रोशित होकर हर-हर महादेव का उद्घोष करने लगे। इसी बीच गश्त से लौटे एसएचओ अवनीश सिंह ने मौके की नजाकत भांपते हुए सभी को शांत कराया और एसडीएम को घटना की जानकारी दी। दही एसओ अनुराग सिंह भी अजगैन कोतवाली पहुंच गए। एसडीएम सदर के आदेश पर कानूनगो अरविंद श्रीवास्तव व लेखपाल संजय शुक्ला पहुंचे और पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता दिलवाने का लिखित अश्वासन दिया। इसके बाद सभी आगे जाने को राजी हुए। गुरुवार को दही पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। दिवंगत युवक दो भाईयों में बड़ा था। उसकी मौत से घर में कोहराम मचा है। मां महादेई, पिता रामभरोसे, छोटे भाई दिनेश व बहन माधुरी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## छात्रों की बाइक में डंपर ने मारी टक्कर, एक की मौत

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, शव का पोस्टमार्टम को भेजा
- दिवंगत छात्र की मां ने पुलिस को बेटे के पैदल जाने की बात बताई

**अमृत विचार।** पुरवा कोतवाली अंतर्गत परीक्षा देने बाइक से निकले तीन हाईस्कूल के छात्रों को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में एक छात्र की मौत हो गई वहीं दो साथी घायल हो गए। जिसमें एक छात्र का निजी अस्पताल और दूसरे का निजी इलाज चल रहा है। घटना के बाद लोगों की भीड़ लग गई। इस दौरान चालक वाहन छोड़ कर भाग निकला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। वहीं दिवंगत छात्र की मां ने पुलिस को बेटे के पैदल जाते समय डंपर से टक्कर होने की तहरीर दी है। वहीं आसीवन क्षेत्र में अलग -अलग हुए सड़क हादसे में नौ लोग घायल हो गए जिन्हे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।


आदर्श।

**केस 01** पुरवा कोतवाली अंतर्गत मंगतखेड़ा गांव निवासी आदर्श रावत (18) उसका भांजा अरुण रावत (16) निवासी हरौनी लखनऊ और मंगतखेड़ा का पुष्पेंद्र बिछिया के एक कालेज में हाईस्कूल के छात्र थे। सभी का सेंटर पुरवा में था। गुरुवार सुबह तीनों एक बाइक से परीक्षा देने निकले थे। पड़री मोड़ पेट्रोल पंप के सामने ओवरटेक के दौरान डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें आदर्श की मौके पर मौत हो गई। जबकि दोनों साथी गंभीर घायल हो गए। घटना की सूचना पर लोगों की भीड़ से पुरवा-दही रोड जाम हो गया। लोग हंगामा करने लगे। पुलिस ने लोगों को शांत कराया। घटना को लेकर सीओ सोनम सिंह ने बताया कि तीन छात्र बाइक से जाते समय हादसे का शिकार हुए हैं। जिसमें एक की मौत हो गई। दो घायलों का इलाज चल रहा है। वहीं मां जगदेई ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका बेटा पैदल जा रहा था। तभी डंपर की टक्कर से उसकी मौत हो गई। पहले पति और अब छोटे बेटे की मौत से वह रो-रोकर बेहाल रही। बड़े बेटे निशांत और विशाल गुजरात के अहमदाबाद में नौकरी करते हैं। भाई की मौत की सूचना पर वह भी बेहाल हैं और घर के लिए चल दिए हैं।

आसीवन थानांतर्गत अजमत नगर चौराहे के पास तेज रफ्तार लोडर ने टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे के बाद टेंपो में बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायलों को मियागंज सीएचसी पहुंचाया। इसमें फतेहपुर चौरासी **केस 02** थानाक्षेत्र के दोस्तपुर शिवली गांव निवासी राम प्यारी पत्नी रामशंकर, उनकी नातिन प्रियांशी, माखी थानाक्षेत्र के बौनामऊ गांव निवासी ज्योती कनौजिया पत्नी मनीष, उनका बेटा मीत (8), तपेश्वरी पत्नी मंगल, ऋषभ पुत्र सजीवन सहित अन्य को चोटें आई हैं। वहीं डाक्टर ने राम प्यारी, ज्योती कनौजिया, तपेश्वरी को गंभीर देख जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं आसीवन क्षेत्र में ही एक अन्य हादसे में बाइक में लिफ्ट लेकर में बैठी कादिरपुर गांव निवासी प्रभु देई पत्नी गौरी शंकर अचानक बाइक का पहिया गड्ढे में जाने से उछलकर सड़क पर गिर गई। इसमें वह गंभीर घायल हो गई।


गंगा नदी से जल भरकर लोधेश्वर रवाना होते कांवड़िए। अमृत विचार

## कांवड़ियों के बम-बम भोले से गूंज रहे गंगा तट

संवाददाता परियर उन्नाव

- परियर गंगा तट से कांवड़ियों द्वारा जल भरकर लोधेश्वर जाने का सिलसिला जारी

**अमृत विचार।** माघी पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक चलने वाला कांवड़िया मेला इस समय जोरों पर चल रहा है। कांवड़िए कावड़ लेकर स्थानीय गंगातट से गंगाजल भरकर बाराबंकी जिले के लोधेश्वर महादेव मंदिर के लिए पैदल यात्रा कर रहे हैं।

स्थानीय गंगातट पर इस समय कांवड़ियों का मेला जोर शोर से चल रहा है। कानपुर, कानपुर देहात, जालौन, कन्नौज, इटावा, लखनऊ, बाराबंकी, औरैया सहित दूर-दूर से कांवड़िए कांवड़ लेकर यहां आते हैं और पूजा अर्चना व आरती करते हुए गंगाजल भरते हैं। अपनी मनोकामना पूरी होने की मंशा के साथ 170 किमी दूर बाराबंकी जिले में स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर के लिए पैदल निकल पड़ते हैं। पैरो में घुंघरू बांधकर रास्ते भर भजन करते हुए बम-बम भोले के उद्घोष करते चलते हैं। परियर से भी एक सैकड़ा कांवरियों की टोली लेकर महंत रामकिशन पैदल यात्रा पर निकले। महंत ने बताया वह बीते 41 वर्षों से कांवारियों को लेकर पैदल जा रहे हैं। रास्ते में जो भी बम भोला से गलती होती है तो उससे आर्थिक व शारीरिक श्रम का दंड दिया जाता है। दंड से जो रुपए मिलते हैं उसका प्रसाद बांटा जाता है। महंत का निर्णय सभी कांवड़िए मानते हैं।

# सूने घर से चोर बटोर ले गए नगदी समेत लाखों का माल

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव


पुलिस को घटना की जानकारी देता पीड़ित। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी सुरेंद्र सिंह का मकान कस्बा सोहरामऊ में है। 25 फरवरी को उनके बेटे की शादी थी। तबसे परिवार गांव में ही था। बीती रात चोरों ने घर का ताला बंद देख मौके का फायदा उठाया और ताले का कुंडा काटकर नगदी समेत सोने-चांदी के जेवर पार कर दिये। गृहस्वामी जब सुबह सोहरामऊ पहुंचे तब उन्हें घटना की जानकारी हुई। उनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की बात कही है।

रसूलपुर गांव निवासी सुरेंद्र सिंह का घर सोहरामऊ कस्बे में है। सुरेंद्र ने बताया कि बीती रात चोरों ने ताला बंद देख दरवाजे का कुंडा काटकर करीब डेढ़ लाख की नगदी, दो जोड़ी झुमकी, चार अंगूठी और एक गले का सोने का हार, कमर पेटी, पांच जोड़ी चांदी के पायल और 15 चांदी के सिक्के अलमारी का लाकर तोड़कर पार कर दिये। बताया कि बेटे की शादी बीती 25 फरवरी को थी। तबसे पूरा परिवार रसूलपुर गांव में ही था। रोज की तरह गुरुवार सुबह जब वे अपने घर पहुंचे तो देखा कि घर के दरवाजे का ताला बंद और कुंडा टूटा हुआ था। इस पर उन्होंने परिवारीजन व पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची सोहरामऊ पुलिस ने जांच की। गृहस्वामी पूरे मामले की शिकायत तहरीर देकर सोहरामऊ पुलिस से की है।

**चोरियों से थर्रा रहा सोहरामऊ, पुलिस जांच-जांच खेल रही :**

- 16 जनवरी को थानाक्षेत्र के गांव आदमपुर हड़ैया में प्रताप नारायण द्विवेदी, धर्मेंद्र मिश्र व श्याम सुंदर के घर पांच लाख की चोरी का खुलासा आज तक नहीं।
- 23 दिसंबर को आशाखेड़ा में रामसुघर के घर 4 लाख की चोरी हुई। 24 फरवरी को उसकी बेटी की शादी थी। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस उसे महीनों दौड़ाती रही। खुलासा आज तक नहीं।
- 29 दिसंबर को थानाक्षेत्र निवासी स्वर्णकार सियाराम सोनी जो कि फेरी व बाजार में दुकान लगाकर घर लौट रहा था। तभी तीन बाइक सवार युवकों ने तमंचे के बल पर सामान से भरा बैग उससे छीन लिया था। पुलिस ने इस लूट की घटना को चोरी में दर्ज किया। लेकिन, आज तक खुलासा नहीं हो सका।
- 2 नवंबर को सोहरामऊ थाना में तैनात महिला पुलिस कांस्टेबल के आवास पर चोरी। खुलासा आज तक नहीं।
- 14 नवंबर को थानाक्षेत्र के लच्छीपुर गांव में विद्यासागर के घर चोरी। खुलासा नहीं।
- 3 नवंबर को थाने के सामने विनोद की बिल्डिंग मैटीरियल की दुकान में चोरी। खुलासा नहीं।
- 9 अक्टूबर को महानौरा निवासी बजरंगी रैदास के घर चोरी। खुलासा नहीं।

**नोट : यह चोरियां पुलिस रिकार्ड में हैं। दर्जनों ऐसी घटनाएं भी हैं जो पुलिस रिकार्ड में नहीं है।**

## पिता से कहासुनी होने के बाद बेटे ने फांसी लगा दी जान

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य में लगे मजदूर ने बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र स्थित एक खंभे के सहारे गमछे के फंदे से लटककर खुदकशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

सीतापुर जिला के थाना तालग्राम अंतर्गत गांव सुल्तानपुर निवासी सनी (19) पिता रामचंद्र के साथ बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे में मजदूरी करता था। गुरुवार को सनी ने गांव चक हनुमान के पास स्थित विद्युत पोल के सहारे गमछे के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना पर वहां पहुंचा पिता रामचंद्र बेटे का शव देख दहाड़े मारकर रोने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। चर्चा रही कि किसी बात को लेकर पिता-पुत्र में कहासुनी हुई थी।

# 'रेवड़ियों की तरह भारत रत्न बांटे'

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव


पूर्व प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर के नानामऊ मार्ग स्थित कल्याणी नदी के पास एक बैंक्वेट हाल में इंडिया गठबंधन के समर्थन में आयोजित पीडीए चौपाल में सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लौटन राम निषाद ने कहा कि दलितों और पिछड़ों को गुमराह करने के लिए भाजपा सरकार रेवड़ियों की तरह भारत रत्न बांट रही है। उन्होंने आगाह किया कि यदि इस बार लोकसभा चुनाव में चूक हुई तो भाजपा सरकार आरक्षण और संविधान दोनों समाप्त कर देगी।

सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया कि राज्यसभा चुनाव के दौरान पीडीए विरोधी सपा में मौजूद कचड़ा साफ हो चुका है। अब पार्टी में पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों के हितैषी रह गए हैं। जो पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। कहा कि वर्ष-2013 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते थे कि मैं गरीब बाप का बेटा हूं और मैं पिछड़े वर्ग से आता हूं, लेकिन जब वह सत्ता में आये तो उन्होंने उच्च वर्ग के चंद उद्योग पतियों के खजाने भरने का काम किया। कहा कि आज अखिलेश यादव का ही नहीं बल्कि इंडिया गंठबंधन का नारा है कि जिसकी जितनी संख्या भारी, उतनी उसकी हिस्सेदारी। आरोप लगाया कि प्रति माह मिलने वाली समाजवादी पेंशन के 500 रुपए भाजपा सरकार ने बंद कर उन्हें मात्र 5 किलो राशन देकर भटकाने का काम किया है। सपा नेता व विधानसभा प्रभारी डा. मुन्ना अल्वी ने कहा कि आज मात्र 15 फीसद लोग 85 फीसदी लोगों पर राज कर रहे हैं। चौपाल की अध्यक्षता डा. चंद्रपाल यादव व संचालन रमेश चंद्र यादव ने किया। घनश्याम कनौजिया, यशोदा निषाद, राजेश पटेल, जाहिद खान, साबिर अल्वी, हरिकिशन निषाद, राम औतार निषाद, नत्थालाल निषाद, रामचंद्र निषाद, भारत निषाद, रामभजन निषाद, रामकुमार, अखिलेश यादव, मुलायम सिंह यादव, मिथिलेश राजपूत आदि रहे।

# नवागत डीएम ने संभाला कार्यभार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


कोषागार में जिले का चार्ज ग्रहण करते नवागत डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुधवार देरशाम शासन ने भदोही के डीएम गौरांग राठी को उन्नाव का नया डीएम बनाया था। गुरुवार सुबह उन्होंने कोषागार पहुंचकर जिले का चार्ज लिया। इसके बाद मातहतों से परिचय प्राप्त किया। नवागत डीएम गौरांग राठी गुरुवार सुबह कोषागार उन्नाव पहुंचे। जहां उन्होंने कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद रहे अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। कार्यभार ग्रहण करने के दौरान सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, एडीएम वित्त एवं राजस्व नरेंद्र सिंह, एडीएम न्यायिक विकास कुमार सिंह, ज्वांइट मजिस्ट्रेट राम मोहन मीणा के अलावा सभी एसडीएम व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## ट्रैक पर घायल पड़ा मिला अज्ञात युवक

**शुक्लागंज उन्नाव।** कानपुर लखनऊ रेल रूट स्थित ऋषि नगर केबिन के पास डाउन लाइन ट्रैक पर बुधवार रात एक अज्ञात युवक घायलावस्था में पड़ा हुआ था। सूचना पर पहुंची आरपीएफ ने उसे इलाज के लिये भेजा है।

ऋषि नगर केबिन के पास बुधवार रात बीस वर्षीय युवक डाउन लाइन ट्रैक के किनारे पोल संख्या 66/28 व 66/30 के बीच घायल पड़ा हुआ था। जिस पर पेट्रोलिंग कर रहे रेल कर्मियों की उस पर नजर पड़ी।

# पारिवारिक कलह से ऊब कर युवक ने फांसी लगाई

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अचलगंज थानांतर्गत हड़हा निवासी युवक ने पारिवारिक विवाद के बाद लोहे के तार का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। सुबह चाय देने पहुंची दादी में ने उसे लटका देख शोर मचाया। चीख सुनकर पड़ोसी पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई।

अचलगंज नगर पंचायत क्षेत्र के हड़हा निवासी नंद किशोर (35) अपने कमरे में बीती रात कपड़े के लिए बंधे लोहे के तार का फंदा बनाकर कुंडे से लटक गया। गुरुवार सुबह आवाज देने के बाद भी जब वह कमरे से बाहर नहीं आया तो दादी महाराना जब उसे चाय देने पहुंची तो उसे फंदे से लटका देख उसकी चीख निकल गई। अचलगंज पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया।

## सार-संक्षेप

### अमन अंजुम बने सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष

**उन्नाव।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल द्वारा शहर के मोहल्ला सिविल लाइंस पश्चिम खेड़ा निवासी अमन अंजुम को समाजवादी पार्टी की युवजन सभा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। अमन इससे पूर्व नगर उपाध्यक्ष के पद पर थे। उनके मनोनयन के बाद जिले के सपा के जन प्रतिनिधियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी है। जिसमें पूर्व सांसद अन्नू टंडन, जिलाध्यक्ष राजेश यादव, पूर्व मंत्री सुधीर रावत, पूर्व एमएलसी सुनील यादव, पूर्व विधायकों में उदयराज यादव, रामकुमार, सुंदर लाल लोधी, सुंदर लाल कुरील, बदलू खान, मुन्ना अल्वी और आंचल वर्मा ने शुभकामनाएं दी हैं।


अमन अंजुम।

### अंकित बने मुलायम यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष

**शुक्लागंज उन्नाव।** लोक सभा चुनाव को देखते हुये समाजवादी पार्टी ने मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड का बुधवार को जिलाध्यक्ष घोषित किया है। जिस पर जिलाध्यक्ष चुनाव को लेकर युवा टीम तैयार कर पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की बात कही है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर राजधानी मार्ग रश्मि लोक निवासी अंकित यादव को मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर सपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव के अलावा अन्य पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। वहीं अंकित यादव को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस दौरान अंकित ने बताया कि वह पार्टी को और मजबूत करने का काम करेंगे। इसके साथ ही आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर युवा टीम तैयार कर पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से जीतायेंगे।


अंकित यादव जिलाध्यक्ष यूथ बिग्रेड।

### विधवा व वृद्धावस्था पेंशन योजना के धारकों की पेंशन रुकी

**पुरवा उन्नाव।** विधवा व वृद्धावस्था पेंशन योजना के धारकों को बीते कुछ माह से पेशन न मिलने की शिकायतें आने पर बीडीओ ने सचिवों से रुकी पेशन धारकों के आधार लिंक कराने व केवाईसी कराने के निर्देश दिये हैं। विकासखंड की 56 गांव पंचायतों में वृद्धा व विधवा पेशन धारकों के बैंक खाते में समस्या आ रही है। सूत्र बताते हैं कि वृद्धावस्था पेंशन में 503 ऐसे धारक हैं। जिनके बैक में केवाईसी व एनपीसीआई व विधवा के 577 पेशन धारकों का आधार प्रमाणिक व आधार लिंक न होने व वृद्धावस्था पेंशन के 191 धारकों की आधार फीडिंग न होने से पेशन उनके खाते में नहीं पहुंच रही है। जिसे देखते हुए पूर्व डीएम अपूर्वा दुबे ने समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिये थे कि सभी पेशन धारकों के अभिलेखों को हर हाल में पूर्ण कराएं। जिसके चलते बीडीओ ने सचिवों को निर्देश दिये कि हर हाल में 15 दिनों में कार्य पूर्ण कराएं। खंड विकास अधिकारी डा. संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि पेंशन धारकों के आधार मोबाइल से लिंक न होने पेंशन रुकी हुई है। सचिवों को लगाकर केवाईसी व आधार को मोबाइल से लिंक कराने के निर्देश दिये हैं। ताकि जल्द कार्य पूर्ण कर रिपोर्ट समाज कल्याण विभाग को भेज सके।

### खेत की रखवाली के दौरान किसान की बिगड़ी हालत, मौत


**शुक्लागंज उन्नाव।** सरैयां गांव निवासी किसान अन्ना जानवरों से फसल को बचाने के लिये बुधवार रात रखवाली करने गया था। जहां उसकी अचानक तबियत बिगड़ गई। इस दौरान उसकी मौत हो गई। मौत होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सरैयां निवासी गोपी यादव (52) खेती किसानी का काम करते हैं। उन्होंने खेतों में गेंहू की फसल बोई हैं। उनके बेटे अरविंद और मोहित ने बताया कि बुधवार रात वह खेतों की रखवाली करने गये थे। जहां अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई।

**यूपी बोर्ड परीक्षा** नगर के सभी परीक्षा केंद्रों पर सख्ती का आलम रहा, किसी भी केंद्र से नकलची के पकड़े जाने की सूचना नहीं

# गणित, विज्ञान का पेपर देख परीक्षार्थियों के चकराये सिर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


कठिन पेपर आने की जानकारी देते इंटर के छात्र। अमृत विचार


परीक्षा कक्ष में निरीक्षण करते सचल दल के सदस्य। अमृत विचार

- कुछ परीक्षार्थी आधा अधूरा पेपर छोड़कर चले गये
- केन्द्र व्यवस्थापकों की ओर से सघन चेकिंग की गई

**अमृत विचार।** गुरुवार को प्रथम और द्वितीय पॉली में गंगाघाट क्षेत्र के छह केन्द्रों में हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा संपन्न कराई गई। परीक्षा के दौरान कोई भी नकलची नहीं पकड़ा गया। वहीं गणित, विज्ञान और जीव विज्ञान का पेपर देख कक्ष में बैठे परीक्षार्थी बगली झांकते नजर आये। होनहार बच्चों ने समय पर अपना पेपर पूरा किया। वहीं कुछ बच्चे आधा अधूरा पेपर छोड़कर चले गये।

राजधानी मार्ग स्थित ओम प्रकाश ज्वालादेवी इंटर कॉलेज, कंचन नगर स्थित महार्षि दयानंद इंटर कॉलेज, सीताराम कॉलोनी स्थित द्वारिका मोहिनी हायर सेकेंड्री स्कूल, देवारा कलां स्थित मनोहर लाल गर्ल्स इंटर कॉलेज, गंगा नगर स्थित गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर, गोपीनाथ पुरम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज समेत छह केन्द्र बनाये गये हैं। जहां गुरुवार को हाईस्कूल की प्रथम पॉली में विज्ञान का पेपर था। इसके साथ ही इंटर की लेखाशास्त्र का पेपर था। जहां केंद्रों पर पहुंचे परीक्षार्थियों की केन्द्र व्यवस्थापकों की ओर से सघन चेकिंग की गई। जिसके बाद परीक्षार्थी पेपर देने के लिये पहुंचे। जहां विज्ञान का पेपर कुछ सरल आने पर छात्रों ने जल्द पूरा कर लिया। वहीं द्वितीय पॉली में इंटर के बच्चों ने गणित और जीव विज्ञान का पेपर दिया। जहां गणित के सवाल देख अधिकांश बच्चों के पसीने छूट गये। वहीं जीव विज्ञान का पेपर भी कठिन आने पर छात्र परेशान दिखे। होनहार छात्रों ने आसानी से पेपर को हल किया। हालांकि परीक्षा के दिन नगर के सभी परीक्षा केंद्रों पर सख्ती का आलम रहा। किसी भी केंद्र से नकलची के पकड़े जाने की सूचना प्राप्त नहीं हो सकी है। सीसीटीवी कैमरे लगे होने के कारण छात्र टस से मस नहीं कर पाए।

### सचल दल ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

**बांगरमऊ।** नगर के संडीला रोड स्थित आरएस इंटर कॉलेज में संचालित यूपी बोर्ड परीक्षा का जीआईसी उन्नाव के प्रधानाचार्य व सचल दल प्रभारी परमात्मा शरण ने औचक निरीक्षण किया। इसके अलावा सचल दल ने विद्यालय में स्थापित स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया। केंद्र व्यवस्थापक सन्तोष कुमार ने बताया कि गुरुवार सुबह की पाली में हाईस्कूल की विज्ञान की परीक्षा में 450 में से 40 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि इंटरमीडिएट की जीव विज्ञान की परीक्षा में 388 परीक्षार्थियों में से 16 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस दौरान सहायक केंद्र व्यवस्थापक सत्येंद्र कुमार व स्टेटिक मजिस्ट्रेट शोभित कुमार आदि मौजूद रहे।

## गोली लगने से हुई थी राजमिस्त्री की मौत

**उन्नाव।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के जोगीकोट गांव में बीती रात राजमिस्त्री की गोली लगने से मौत हुई थी। परिजन गोली मारकर खुदकुशी करने की बात कह रहे थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सीने में गोली लगने से मौत होने की पुष्टि हुई है। पोस्टमार्टम दौरान सीने में 315 बोर की एक बुलेट भी फंसी मिली है।

जोगीकोट गांव निवासी मनोज ने बीती बुधवार शाम अपने घर में गोली मारकर आत्महत्या की थी। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। एक्सरे की मदद से शरीर में धंसी बुलेट मिली। गोली लगने के बाद अत्यधिक रक्तस्राव होने से मौत होने की पुष्टि हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव का बांगरमऊ गंगातट पर अंतिम संस्कार कराया है। सीओ अरविंद सिंह ने बताया कि गोली मार युवक ने खुदकुशी की थी। परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

# सरकारी भवन के निर्माण में पुरानी ईंट का उपयोग

## भ्रष्टाचार की हद : ठेकेदार बोला, मुख्यालय में बैठे एक अधिकारी की शह पर हो रहा है निर्माण में खेल

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के अर्जुनामऊ में एक सरकारी भवन के निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। जबकि पूर्व में भ्रष्टाचार कर विभागीय अधिकारियों द्वारा इस नहर को भूमाफियाओं को अवैध तरीके से बेच दिया गया है। जिम्मेदारों के इस कृत्य से किसान नाराज हैं। उन्होंने उच्चाधिकारियो से शिकायत करने की बात कही है।


पुरानी ईंट से निर्माण करते मजदूर। अमृत विचार


कैनाल से निकलती नहर। अमृत विचार

एक ओर सरकार किसानों के हित में तमाम योजनाएं धरातल पर ला रही है। लेकिन भ्रष्ट अधिकारी अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं। निजी को तो छोड़ ही दें सरकारी काम में भी जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। सोहरामऊ थानाक्षेत्र के गांव अर्जुनामऊ में सई नदी किनारे कई वर्षो पुराना एक पंपसेट बनी नार्थ पंप कैनाल के नाम से लगा है। जिसे नहर का रूप देकर यहां से पंपसेट से सई नदी से पानी निकाला जाता है। इस पानी से क्षेत्र के कई गांव के किसान अपने खेत सींचते है। नहर की लंबाई 10 किमी है। जिसमें 5 किमी नहर पर भूमाफियाओं ने विभागीय सेटिंग से कब्जा कर लिया है। क्षेत्र में चर्चा है कि नहर पर मकान बनाकर रह रहे लोग जिम्मेदारों को धन भी देते हैं। वहीं, दूसरी ओर गांव अर्जुनामऊ में कैनाल के पास एक कार्यालय का निर्माण हो रहा है। जिसमें घटिया मैटेरियल व पुरानी ईंट से निर्माण हो रहा है। जिससे वहां हो रहे भ्रष्टाचार की पोल खुलती दिख रही है। संबंधित ठेकेदार का कहना है कि मुख्यालय में बैठे एक अधिकारी की शह पर यह कार्य कराया जा रहा है। वहीं, ग्रामीणों ने बताया कि पहले विभागीय लोगों ने भ्रष्टाचार कर भूमाफियों से मोटी रकम लेकर आधी नहर पर निर्माण करवा दिया। अब ठेकेदारों के इस कृत्य से ग्रामीणों में रोष है। ऐसे में उन्होंने उच्चाधिकारियों से पूरे मामले की शिकायत करने की बात कही है।

# यज्ञ में देवताओं का किया आह्वान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- जंगलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में नौ दिवसीय यज्ञ और प्रवचन का आयोजन
- गिरीश जी महाराज ने कहा, भगवान भाव के भूखे होते हैं दिखावे के नहीं

**अमृत विचार।** औरास विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत गांव बिस्वल में श्री जंगलेश्वर धाम में शतचंडी महायज्ञ का अनुष्ठान बीती 26 फ़रवरी को शुरू हुआ था। जो आगामी 5 मार्च-2024 तक किया जाएगा। इस 9 दिवसीय आयोजन के तीसरे दिन विधिविधान से देवी देवताओं का आह्वान कर यज्ञ में आहुतियां दी गईं।

आयोजन के दौरान श्री गिरीश दास जी महाराज ने बताया कि वर्तमान समय में सभी को धार्मिक अनुष्ठान व यज्ञ आदि कराने चाहिए। क्योंकि यज्ञ से हम अपने देवी देवता, कुल देवता व स्थान देवता को आहुति देकर उनका भाग उन्हें अर्पण कर सकते हैं। बताया कि भगवान भाव के भूखे होते हैं दिखावे के नहीं।

इसमें आचार्य प्रदीप सिंह, केदारनाथ जी महाराज (भरसर, मुनीस आश्रम, कानपुर), महंत श्री कुलदीप दास ब्रह्मचारी जी महाराज (पाली, राजस्थान), पुरुषोत्तमदास जी, ठाकुर जी महाराज आश्रम (दिपवल), श्री भूपदास जी महाराज (रोशनाबाद) ने भी पूजन अर्चन कराया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक राष्ट्रीय किसान मंच के अध्यक्ष शेखर दीक्षित ने पूजन अर्चन किया। बताया कि इस बार आयोजन में जिले के सभी सम्मानितजनों व प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।


पूजन-अर्चन करते भक्त। अमृत विचार

# अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराकर ट्रक से भिड़ी, आधा दर्जन घायल हुए

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के हाइवे स्थित जाजमऊ चौकी के निकट कल्लपुरवा गांव के सामने कानपुर से लखनऊ की ओर जा रही एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसके दूसरी लेन पर पहुंची गई। जहां सामने से आ रहे ट्रक ने उसमें जोदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में महिला समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गये। वहीं दुर्घटना के बाद हाइवे पर भीषण जाम लग गया।


दुर्घटना के बाद जाम हटाते लोग। अमृत विचार

- आनन- फानन में घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया

गुरुवार दोपहर लगभग बारह बजे एक कार में सवार चार लोग कानपुर से लखनऊ जा रहे थे, जैसे ही हाइवे स्थित कल्लूपुरवा गांव के पास पहुंचे तो उनकी कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। कार की रफ्तार तेज होने के कारण लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहे एक ट्रक से भिड़ गई। जिससे कार में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े और घायलों को बाहर निकला। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिये एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उनकी हालत गंभीर होने पर दो को कानपुर भेज दिया गया। वहीं ट्रक में सवार खलासी बलवंत सिंह निवासी गुजेरा थाना सचेती कानपुर नगर व इसी गांव का रहने वाला चालक ऋषभ शुक्ला को भी मामूली चोटें आई। जबकि खलासी का दाहिना हाथ टूट गया। बीच सड़क पर क्षतिग्रस्त वाहन खड़े होने से हाइवे पर भीषण जाम लग गया। जाम को देख पहुंची जाजमऊ पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे करवाया। जाम हट सका। चौकी इंचार्ज राजेश सिंह ने बताया कि कार में सवार कहां के हैं।


दुर्घटना में घायल खलासी और चालक।

# ट्रैक्टर की टक्कर से एक की मौत पांच घायल

**आसीवन उन्नाव।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से एक बाइक पर सवार छह लोग घायल हो गए। पुलिस सभी को मियागंज सीएचसी लाई। जहां डाक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं तीन को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आसीवन थानाक्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर बारीथाना गांव के पास फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत नेकपुर बद्रीपुरवा निवासी सुल्तान पुत्र प्यारेलाल अपनी पत्नी नेहा छह साल के बेटे अंकुश, भतीजी मानवीय, पिता प्यारेलाल (55) व साला चंद्रभान औरास थानाक्षेत्र के बघवा कोला गांव अपनी ससुराल गया था। जहां से सभी एक बाइक से वापस लौट रहे थे। लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर बारीथाना गांव के पास ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें सभी छह लोग गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्यारेलाल पुत्र होरी लाल को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घायलों में तीन को गंभीर देख जिला अस्पताल भेजा गया।

# सिर पर भारी वस्तु के वार से हुई थी महिला की मौत

अमृत विचार फालोअप

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- बुधवार सुबह हाइवे स्थित ढाबे के पीछे मिला था महिला का शव
- पीएम रिपोर्ट में सिर पर चोट लगने से मौत होने की हुई पुष्टि

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के जाजमऊ चौकी क्षेत्र के त्रिभुवन खेड़ा हाइवे स्थित एक ढाबे के बुधवार को एक महिला का शव मिला था। जहां उसके मुंह से झाग और नाक से खून निकल रहा था। ग्रामीणों ने हत्या की आशंका व्यक्त की थी। गुरुवार को महिला के शव का पोस्टमार्टम हुआ। जहां पीएम रिपोर्ट में महिला की मौत सिर पर वजनदार चीज से चोट लगने से होने की पुष्टि हुई है।

झब्बूपुरवा निवासी रामबाबू निषाद की पत्नी उमा (45) मंगलवार देर शाम घर से कुछ काम से निकली थी। जिसके बाद बुधवार सुबह त्रिभुवन खेड़ा के सामने हाइवे स्थित एक ढाबे के पीछे झाड़ियों में उसका शव पाया गया था। जहां मृतका के मुंह से झाग निकल रहा था, इसके साथ ही नाक से खून और शरीर में चोट के निशान भी दिख रहे थे लेकिन पुलिस अधिक शराब पीने से उसकी मौत होने का अलाप जपती रही। पुलिस ने बुधवार को जांच पड़ताल कर शव को उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया था। जहां गुरुवार को शव का पीएम कराया गया।

जहां पीएम रिपोर्ट में महिला की मौत सिर पर वजनदार वस्तु से चोट लगने की पुष्टि हुई है। जिससे कयास लगाये जा रहे हैं कि महिला की हत्या की गई है। इस बावत कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने कहा कि हो सकता हो कि महिला कहीं गिर गई हो। जिससे सिर में चोट लगने से मौत हुई होगी। फिलहाल सभी पहलुओं पर जांच पड़ताल की जा रही हैं। वहीं मृतका के परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

## सार-संक्षेप

### नई इमारत तैयार फिर भी जर्जर भवन से हो रहा बीज वितरण

**पाटन उन्नाव।** नव निर्मित राजकीय बीज भंडार गोदाम तक आवागमन का रास्ता न होने से किसानों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जबकि पुरानी व जर्जर इमारत से संचालित गोदाम से बीज वितरण का कार्य किया जा रहा है। ऐसे में किसी भी समय बड़ा हादसा होने की संभावना बनी हुई है। क्षेत्र के किसानों ने बीज वितरण किसी अन्य इमारत से संचालित किए जाने की मांग की है। सरकार द्वारा लाखों रुपए खर्च कर कस्बा पाटन से लगभग 2 किमी दूर राजकीय बीज गोदाम बनवाया गया है। जो 5 अगस्त 2023 को विभाग द्वारा हैंडओवर भी कर दिया गया है। किंतु आवागमन के लिए रास्ता न होने से अब तक नए भवन में राजकीय बीज भंडार का संचालन नहीं हो सका है। बीज भंडार प्रभारी अमित मिश्रा ने बताया कि पुराना बीज गोदाम इतना जर्जर है कि किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है। नए भवन में गोदाम शिफ्ट इसलिए नहीं किया जा सका है क्योंकि वहां आने जाने वाले रास्ते का निर्माण नहीं हो सका है। जिमनबीर सिंह, राकेश कुमार, सतीश वर्मा, राजू सिंह राठौर आदि ने नए भवन में गोदाम शिफ्ट कर बीज वितरण की व्यवस्था किये जाने की मांग की है।

### होलिका दहन स्थल पर अवैध कब्जे की शिकायत

**पाटन उन्नाव।** भगवंतनगर कस्बे के पतारी वार्ड-8 में होलिका दहन स्थल पर अराजक तत्वों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए जाने की शिकायत वार्ड वासियों ने चौकी पुलिस व उच्चाधिकारियों से की है। कस्बे के वार्ड-8 निवासी श्याम मनोहर मिश्रा, उमा महेश शुक्ला, योगेश बाजपई, गुड्डन बाजपेई, सुरेंद्र बाजपेई, विशाल बाजपई, देवांशु बाजपई आदि ने शिकायतीपत्र में बताया कि वार्ड में धर्मशाला के पास सैकड़ों वर्षों से होलिका दहन स्थल स्थापित है। जहां हर साल होलिका दहन किया जाता है। जिसे वार्ड-1 के रहने वाले कुछ लोगों द्वारा होलिका दहन स्थल पर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। विरोध करने पर वे लोग अपने परिवार की महिलाओं को आगे कर छेड़छाड़ व हरिजन एक्ट के मामले में फंसाने की धमकी देते हैं। धर्मशाला के जल निकास हेतु बनी पुरानी नाली को भी बंद कर दिया है। वहीं निर्माण करा रहे लोगों का कहना है कि वह सिर्फ रविदास मंदिर की बाउंड्री का निर्माण कर रहे हैं। कहीं कोई अवैध कब्जा नहीं किया जा रहा है। चौकी प्रभारी विमल कांत गोयल ने मौके की गंभीरता को भांपते हुए निर्माण कार्य रुकवाया।

### एसपी ने दो निरीक्षकों के बदले कार्यक्षेत्र

**उन्नाव।** एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने गुरुवार देरशाम जिले में तैनात दो निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदल दिये। इसमें मौरावां थाना के प्रभारी निरीक्षक भवन सिंह मौर्य से थाने की कमान लेकर यूपी-112 की कमान सौंपी है। वहीं यूपी-112 के प्रभारी रहे चंद्रकांत सिंह को मौरावां थाना का प्रभारी निरीक्षक बनाया है।

# सफीपुर किन्नर हत्याकांड में आईओ की हुई गवाही

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- एक आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है
- 30 जुलाई 22 को हुई थी मुस्कान किन्नर की हत्या

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में 30 जुलाई 2022 को हुए किन्नर हत्याकांड की सुनवाई एडीजे-4 कोर्ट में चल रही है। गुरुवार को केस के आईओ की गवाही पूरी हुई। केस की अगली तारीख चार मार्च को दोनों आरोपियों के उनकी सफाई साक्ष्य में बयान दर्ज किए जाएंगे। इस हत्याकांड की मास्टर माइंड रूबी किन्नर अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है।

बता दें कि सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के बबर अलीखेड़ा मोहल्ला निवासी किन्नर मुस्कान की 30 जुलाई-22 की रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद उसके पति सोनू मुस्कान के साथ रहने वाली मुरादाबाद जिले की रूबी किन्नर, मथुरा की सलोनी किन्नर व झांसी की अन्नू किन्नर पर हत्या व लूट समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से सलोनी व अन्नू को अलग- अलग जिलों से पकड़कर जेल भेजा था। लेकिन फरार रुबी का कोई पता नहीं चल सका है। पकड़े गए दोनों किन्नरों के पास से पुलिस ने बरामद माल को बतौर साक्ष्य के लिए एकत्र किया। घटना के समय एसएचओ व आईओ अवनीश सिंह ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी।

# महिला से छेड़खानी करने पर तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**शुक्लागंज उन्नाव।** कानपुर महाराजपुर थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला अपने खेतों को देखने के लिये गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक गांव आई थी। जहां महिला के साथ तीन लोगों ने छेड़खानी की। जिसकी शिकायत उसने पुलिस से की।

महाराज थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसे गंगाघाट क्षेत्र में ननिहाल से खेत मिले हैं। जिसे देखते के लिये वह आई हुई थी। जहां आरोप है कि कानपुर निवासी नितिन सक्सेना, फैशल लारी व जुराखन खेड़ा निवासी विशाल ने उसके साथ छेड़खानी की। जान से मारने की धमकी दी।

# फैक्ट्री मे रखे तेल में लगी भीषण आग

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** दही थानांतर्गत इंडस्ट्रियल एरिया में एक बंद पड़ी स्टील फैक्ट्री में अचानक आग की लपटें उठने लगी। लपटें देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। जिसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद पास के फैक्ट्री संचालकों ने राहत की सांस ली। वहीं फैक्ट्री में आग लगने का कारण पुरानी लोहे की चादरों को गैस कटर से काटने के दौरान चिंगारी तेल के ड्रम में गिरने से बताया जा रहा है।


फैक्ट्री में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

दही थानांतर्गत इंडस्ट्रियल एरिया में मोहन स्टील फैक्ट्री बीते पांच साल से बंद है। गुरुवार को फैक्ट्री में गैस कटर से पुरानी मशीन को काटने व पुरानी पड़ी लोहे की चादरों को काटकर टुकड़े बनाने का कार्य चल रहा था। तभी चिंगारी पास में रखे तेल से भरे ड्रम में पहुंच गयी और आग लग गयी। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और लपटें उठने लगीं। लपटें देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना दही थाना व दमकल विभाग को दी। सूचना पर अग्निशमन अधिकारी शिवराम यादव ने फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर भेजीं और दही पुलिस ने आसपास के क्षेत्र को खाली कराया। इसके बाद वहां पहुंचे दमकल कर्मियों ने घंटों मशक्क्त के बाद आग पर काबू पाया। आग से लाखों का नुकसान बताया जा रहा है। समय से आग पर काबू पा लिया।

# बलखंडेश्वर मंदिर में शिवरात्रि के पर्व की तैयारियां हुईं तेज

संवाददाता परियर उन्नाव

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि का पर्व 8 मार्च को है। इसे देखते हुए क्षेत्र के बाबा बलखंडेश्वर धाम में हर वर्ष की तरह इस साल भी बड़े उत्साह के साथ लोगों के सहयोग से पर्व को मानने की तैयारी तेजी से चल रही है। बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति के लोगों ने बताया कि गौरी शंकर मंदिर व राम जानकी मंदिर के बीच में इंटरलॉकिंग लगाई जा रही थी। इसी जगह पर नव कुंडीय यज्ञ होना है। जिसमें 800 ईट की जरूरत थी। जब किसी जनप्रतिनिधि ने नहीं सुनी तो सफीपुर निवासी सौरभ बाजपेई समाजसेवी जो परिवार सहित बाबा बलखंडेश्वर धाम के लिए हमेशा समर्पित रहते हैं। निजी काम के लिए दो वर्ष पहले खरीदा गया ईंट से 800 इंटरलाकिंग ईंट दीं।


मंदिर में बिछाने के लिये लाई गई इंटरलाकिंग ईंट। अमृत विचार

लापरवाही | न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुक्लागंज में डाक्टरों में छिड़ी है रार

# डॉक्टरों की खींचतान से भटक रहे पीएचसी में मरीज

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- कुत्ता काटने के बाद युवक इंजेक्शन लगवाने पहुंचा तो उसे भटकना पड़ा

**अमृत विचार।** न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में तीन डाक्टर कार्यरत हैं। तीनों में आपसी मनमुटाव चल रहा है। जिस कारण आये दिन मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है। गुरुवार को एक युवक कुत्ता काटने का रैबीज इंजेक्शन लगवाने पहुंचा। जिस पर महिला डॉक्टर ने उसे वापस कर दिया कि अन्य डाक्टर के पास क्यों नहीं जाते हो। जिस पर वह काफी देर तक अस्पताल परिसर में भटकता रहा।


पीएचसी में रैबीज का इंजेक्शन लगवाने के लिये बैठे लोग। अमृत विचार

नगर स्थित पीएचसी में वर्तमान में प्रभारी डॉ. रवि सचान के अलावा डा. रश्मि वर्मा और डा. शिप्रा झा ओपीडी करती हैं। गुरुवार को तीनों डॉक्टर ओपीडी कर रहे थे, तभी एक रजनीश नाम का मरीज डॉ. शिप्रा के पास पहुंचा। जहां उसने कुत्ता काटने की बात कही। जिस पर वह भड़क गई और उसे वापस कर दिया। यहां तक कहा कि अन्य डॉक्टर बैठे हैं उनके पास क्यों नहीं जाते हो। जिससे वह काफी देर तक भटकता रहा। इस दौरान डॉ. शिप्रा ने बताया कि वह करीब 13 मरीजों को डॉग बाइट के लिए पर्चा लिख चुकी हैं। उनका कहना था कि डॉग बाइट के मरीज उनके पास ही भेजे जाते हैं। इस पर पीएचसी प्रभारी डा. रवि सचान ने बताया कि जो मरीज पर्चा लेकर जहां पहुंचे, उसका इलाज वहां बैठे डॉक्टर को करना चाहिए। डॉ. रश्मि वर्मा ने बताया कि वह भी 15 डॉग बाइट के मरीज देख चुकी है। हालांकि मरीज की समस्या देखकर पीएची प्रभारी ने इंजेक्शन लगाने के लिए पर्चे पर आदेशित कर दिया था। वहीं तीनों डॉक्टरों के बीच मतभेद होने के कारण आये दिन मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है।

> "अस्पताल में मौजूद किसी भी डॉक्टर के पास मरीज जाता है तो उसे मरीज का इलाज करना चाहिये। शिकायत मिली है। जांच कराई जायेगी।"
>
> -डॉ. सत्य प्रकाश, सीएमओ

# फोरलेन के किनारे मिला अज्ञात युवक का शव

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सहजनी स्थित नेहरू बाग के सामने फोरलेन के किनारे गुरुवार शाम एक अज्ञात युवक का शव पड़ा राहगीरों ने देखा। जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव की पहचान कराने का प्रयास किया।

सहजनी के नेहरू बाग के पास गुरुवार शाम लगभग चार बजे फोरलेन के किनारे लगभग 35 वर्ष के युवक का शव पड़ा राहगीरों ने देखा। जिसकी जानकारी डायल पुलिस को दी गई। शव मिलने की सूचना पर क्षेत्रीय लोगों में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर आस पास के लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया शिनाख्त नहीं हो सकी।

# दुष्कर्म के दोषी को सात साल की सजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** किशोरी को बहल फुसला ले जाने और दुष्कर्म करने के मुकदमे की अंतिम सुनाई के बाद कोर्ट ने आरोपी युवक को दोषी ठहराते हुए सात साल कैद की सजा सुनाई। इसके साथ ही कोर्ट ने 20 हजार का जुर्माना भी लगाया। जिसकी आधी धनराशि पीड़िता के पिता को दी जाएगी।

बारासगवर थानांतर्गत एक गांव निवासी 15 वर्षीय किशोरी 12 जून-2015 की शाम अचानक लापता हो गई थी। पिता को सूचना मिली कि बेटी को सथनी बाला खेड़ा गांव का अमित उर्फ अमृत लाल फुसला कर भगा ले गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को बरामद किया। किशोरी ने अपने संग दुष्कर्म होने की बात बताई थी। इस पर दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में रिपोर्ट 3 अक्टूबर 2015 को दर्ज हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। केस की जांच के बाद आईओ मनोज मिश्रा ने 29 फरवरी 2016 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। तभी से मामला कोर्ट में विचाराधीन था। गुरुवार को विशेष कोर्ट पाक्सो संख्या-1 में मुकदमे की सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता राजीव अवस्थी द्वारा पेश की गई पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट, अन्य साक्ष्य व दलीलें सुनने के बाद एडीजे जयवीर सिंह नागर ने अमित को दुष्कर्म और भगा ले जाने का दोषी पाते हुए सात साल की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 20 हजार जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सजा दी जाए।

### बिजली चोरी के दोषी को दो साल की सजा

**उन्नाव।** बकाया जमा न करने पर कनेक्शन काटे जाने बाद भी बिजली उपभोग करते मिले उपभोक्ता पर विभाग ने केस दर्ज कराया था। गुरुवार को ईसी एक्ट कोर्ट ने आरोपी को अंतिम सुनवाई पूरी होने के बाद दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा व 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना जमा न करने पर उसे जेल भेज दिया गया। बता दें कि विद्युत बिल बकाया वसूल करो अभियान के अंतर्गत 18 जुलाई-2016 को सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पीडी नगर निवासी रिषी गुप्ता पुत्र श्याम बिहारी का कनेक्शन विद्युत विभाग ने काटा था। बकाया जमा किए बिना उसने निजी लाइन में से कनेक्शन जुड़वा लिया। चार सितंबर-2016 को विजिलेंस टीम ने सदर कोतवाली क्षेत्र में औचक छापेमारी की जिसमें रिषी गुप्ता का कनेक्शन जुड़ा मिला था। तत्कालीन जेई अमित द्विवेदी ने सदर कोतवाली में उसके विरुद्ध बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आईओ लोकनाथ गुप्ता ने आरोपी के विरुद्ध 10 जनवरी-2018 को न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की थी। केस ईसी एक्ट की कोर्ट में विचाराधीन था। गुरुवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता आनन्द गौड की दलीलों को सुनने के बाद न्यायाधीश अनिल कुमार सेठ ने बिजली चोरी के आरोपी रिषी गुप्ता को दोषी करार देते हुए दो वर्ष की सजा सुनाई।

हिंसाबलमसाधूनां राज्ञा दण्डविधिर्बलम्।
शुश्रूषा तु बलं स्त्रीणां क्षमा गुणवतां बलम्॥

हिंसा दुष्ट लोगों का बल है, दंडित करना राजा का बल है, सेवा करना स्त्रियों का बल है और क्षमाशीलता गुणवानों का बल है।

## संपादकीय

# संदेशखाली और राजनीति

पश्चिम बंगाल की राजनीति में संदेशखाली का विवाद राष्ट्रीय आक्रोश का मुद्दा बना हुआ है। पिछले पखवाड़े तृणमूल कांग्रेस सरकार को संदेशखाली में हुई घटनाओं से असंवेदनशील तरीके से निपटने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। तृणमूल कांग्रेस भाजपा पर मामले को तूल देने के आरोप लगाती रही है, वहीं भाजपा अपराधियों को बचाने के आरोप सत्तारूढ़ दल पर लगा रही है। दरअसल एक अनाज घोटाले में ईडी की कार्रवाई पर टीएमसी कार्यकर्ताओं के प्रतिरोध और उसके बाद ईडी अधिकारियों पर हमले के बाद संदेशखाली में नए-नए खुलासे होते रहे हैं। हिंसा व दबंगई के लिए कुख्यात इलाके में दबंग राजनेताओं द्वारा जमीन कब्जाने और आदिवासी महिलाओं के शोषण के मामले उजागर हुए। 8 फरवरी से स्थानीय महिलाओं ने शाहजहां शेख और उसके समर्थकों के खिलाफ प्रदर्शन शुरू किया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि शाहजहां शेख और उसके लोग महिलाओं का यौन शोषण करते थे। आखिरकार संदेशखाली कांड के मुख्य आरोपी शेख शाहजहां को 55 दिन बाद बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके करीबी अमीर अली गाजी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

टीएमसी की ओर से शुरूआत में यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि शाहजहां सामाजिक कार्यकर्ता था जिसे प्रवर्तन निदेशालय और भाजपा द्वारा गलत तरीके से निशाना बनाया जा रहा था। मुख्यमंत्री के वफादारों ने जोर देकर कहा कि टीएमसी नेताओं के चरित्र पर कोई दाग नहीं है। यहां तक कि छेड़छाड़ और बलात्कार के आरोप लगाने वालों से वीडियोग्राफिक सबूत पेश करने को कहा गया। मांग की गई कि शाहजहां और उसके गुर्गों के खिलाफ आरोप लगाने वाली महिलाएं अपना चेहरा दिखाएं ताकि साबित हो सके कि वे स्थानीय थीं, बाहरी नहीं। लोकसभा चुनाव करीब आने के साथ, यह स्वाभाविक है कि ममता बनर्जी अपना ध्यान संदेशखाली से और विशेष रूप से स्थानीय टीएमसी नेताओं द्वारा महिलाओं के शोषण से, वह भी पार्टी कार्यालय के अंदर से हटाना चाहेंगी। संदेशखाली के प्रतिकूल प्रभावों को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री जवाबी कार्रवाई के अपने आजमाए और परखे हुए तरीकों पर भरोसा करती नजर आ रही हैं। सबसे पहले, उन्होंने लक्ष्मीर भंडार योजना के तहत महिलाओं को भुगतान दोगुना करने सहित कई अतिरिक्त कल्याणकारी लाभों की घोषणा की। राजनीतिक संरक्षण में अपराधियों का फलना-फूलना किसी भी समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ही है। जबकि संगीन अपराध के मुद्दे पर राजनीति करने के बजाय वास्तविक अपराधियों को दंडित कराना ही प्राथमिकता होनी चाहिए। पीड़ितों को न्याय दिलाने में तत्परता दिखानी चाहिए।

# गंगा नदी का अस्तित्व खतरे में


अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

राष्ट्रीय नदी के रूप में सम्मानित गंगा देश की एक चौथाई जल की आपूर्ति करती है। हिंदुओं के लिए गंगाजल सर्वाधिक पवित्र है। धर्मग्रंथों के अनुसार मोक्ष दायिनी गंगा में डुबकी लगाने से ही जन्म जन्मांतर के पापों से छुटकारा मिल जाता है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मार्च 2023 में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के 94 जगहों से गंगा जल की जांच कराई थी जिसमें पाया गया कि अधिकांश स्थानों पर गंगा का पानी पीने योग्य क्या, नहाने लायक भी नहीं रह गया है। शहर के सीवरेज ने गंगा जल की ऐसी दुर्दशा कर दी है कि गंगा के पानी को फिल्टर तक नहीं किया जा सकता है। पिछले दो वर्षों में पटना के घाटों पर गंगा जल का प्रदूषण 10 गुना अधिक हो गया है। पानी के प्रदूषण, घटते जल स्तर, निरंतर कम होते नदी पाट, सिल्टों के जमाव से नदी सिमट रही है। स्वाभाविक रूप से गंगा नदी धीरे-धीरे मृतप्राय होने की स्थिति में आ रही है।

आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर अभिजीत मुखर्जी के साथ कनाडियन शोधकर्ता सौमेंद्र नाथ भांजा और ऑस्ट्रिया के योशिहीदी वाडा ने 2015 से 2017 के मध्य गंगा नदी पर किए अपने अध्ययन में कहा कि गंगा नदी में हरिद्वार से लेकर बंगाल की खाड़ी तक पानी पीने योग्य नहीं रह गया है। लगभग दो दशकों से गर्मियों के सीजन में गंगा के पानी के स्तर में निरंतर कमी देखी जा रही है। मई महीने में प्रयागराज के पास फाफामऊ में गंगा के पानी का स्तर इतना कम हो जाता है कि लोग इसे आसानी से पैदल ही पार कर सकते थे।

वर्ष 1999 से 2013 के बीच गर्मी के सीजन में गंगा के पानी में प्रत्येक साल 0.5 से 38.1 सेमी तक की कमी दर्ज की गई है। शोधकर्ताओं ने यह भी कहा कि अगले तीस वर्षों तक गंगा में भूजल का हिस्सा लगातार घटता रहेगा। यह सिलसिला जारी रहने की स्थिति में नदी के पर्यावरण पर तो बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा ही, गंगा की घाटी में रहने वालों के सामने भोजन का गंभीर संकट भी पैदा हो सकता है। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने वर्ष 1958 से लेकर वर्ष 1972 के बीच गंगा बेसिन की गुप्त तरीके से लगभग आठ हजार सैटेलाइट तस्वीरें ली थीं, जो वर्ष 2018 में पब्लिक की गई। उस समय की तस्वीरों के साथ आज के तस्वीरों के विश्लेषण से पता चलता है कि गंगा नदी ने अपना रंग, रूप और रास्ता अनेक स्थानों पर बदल लिया है। गंगा के बड़े- बड़े और चौड़े बहाव क्षेत्र अब पतली शाखाओं में बदल गए हैं। वर्ष 1965 में हरिद्वार में गंगा नदी

आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर अभिजीत मुखर्जी के साथ कनाडियन शोधकर्ता सौमेंद्र नाथ भांजा और ऑस्ट्रिया के योशिहीदी वाडा ने 2015 से 2017 के मध्य गंगा नदी पर किए अपने अध्ययन में कहा कि गंगा नदी में हरिद्वार से लेकर बंगाल की खाड़ी तक पानी पीने योग्य नहीं रह गया है।

की मुख्य धारा की लंबाई 3.63 वर्ग किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 6.67 वर्ग किलोमीटर हो गई है, लेकिन नदी का बहाव रोकने वाला किनारा 17.85 वर्ग किलोमीटर से घटकर 7.07 वर्ग किलोमीटर हो गया है। 1965 में बिजनौर में गंगा नदी की मुख्य धारा की लंबाई 15 वर्ग किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 19 वर्ग किलोमीटर हो चुकी है। कानपुर में गंगा नदी की लंबाई 1965 में 15.5 वर्ग किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 17.63 वर्ग किलोमीटर हो गई है, लेकिन कछार का इलाका तेजी से घट गया है। यह 20.62 वर्ग किलोमीटर से घटकर 4.98 वर्ग किलोमीटर हो चुका है। 1976 में प्रयागराज में नदी का कुल क्षेत्रफल 43.88 वर्ग किलोमीटर था, जो अब घटकर 19.02 वर्ग किलोमीटर हो गया है। भागलपुर में गंगा नदी की कई शाखाएं थीं, लेकिन मुख्य धारा काफी ज्यादा चौड़ा है। यहां पर मुख्य धारा की लंबाई 40 वर्ग किलोमीटर थी, जो बढ़कर 45 वर्ग किलोमीटर हो चुकी है यानी चौड़ाई कम होती जा रही है, नदी की लंबाई बढ़ती जा रही है। फरक्का में नदी की मुख्य धारा की लंबाई में काफी ज्यादा अंतर आया है। यह पहले 43.34 वर्ग किलोमीटर था, जो अब बढ़कर 56.85 वर्ग किलोमीटर हो गया है।

वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड के अनुसार गंगा में डॉल्फिन की संख्या 1980 के दशक के 5,000 से घट कर अब 1,800 पर आ पहुंची है। शुद्ध गंगा नदी के पानी की कमी घनी आबादी वाले उत्तरी भारतीय मैदानों की घरेलू जल आपूर्ति, सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकताओं, नदी परिवहन, पारिस्थितिकी आदि को खतरे में डाल सकती है। नदी के पानी में कमी का खाद्य उत्पादन पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जो इस क्षेत्र में रहने वाली 100 मिलियन से अधिक आबादी के लिए खतरे का संकेत है। नदी का जल स्तर इस तरह घट रहा है कि हाल में गंगा नदी शुरू की गई क्रूज सेवा एक जगह कम पानी होने के कारण तथा सिल्ट होने के कारण कई दिनों तक एक ही जगह खड़ी रही। रिपोर्ट के अनुसार वाराणसी में गंगा नदी घाट से लगभग सात से दस फीट अंदर की ओर खिसक गई है। यहां गंगाजल का स्तर पूर्व से लगभग छह फीट नीचे गिर गया है। जाहिर है आज गंगा गंभीर संकट से गुजर रही है।

राष्ट्रीय नदी के रूप में सम्मानित गंगा देश की एक चौथाई जल की आपूर्ति करती है। हिंदुओं के लिए गंगाजल सर्वाधिक पवित्र है। धर्मग्रंथों के अनुसार मोक्ष दायिनी गंगा में डुबकी लगाने से ही जन्म जन्मांतर के पापों से छुटकारा मिल जाता है। गंगा को इस विकट स्थिति में पहुंचाने के पीछे शहरों के सीवरों का गंदा पानी, प्लास्टिक थैलियों का निस्तारण, उद्योगों से निकला रासायनिक कचरा, डैम और बैराज का निर्माण, लाशों को जलाना आदि जिम्मेदार है। हिमालय में चीन द्वारा निर्मित विभिन्न डैम परियोजनाओं का असर भी गंगा के जल स्तर पर पड़ रहा है। हिमालयी क्षेत्र में अनियंत्रित और अनियोजित विकास जिम्मेदार है। गंगा प्रदूषण से जैव विविधता पर खतरा उत्पन्न हो गया है जिससे कई जलीय जीव और पर्यावरणीय पदार्थों का अस्तित्व ही समाप्ति के कगार पर है। हरिद्वार में गंगा नदी से पत्थरों को निर्माण कार्य के लिए अवैध रूप से निकाला जा रहा है जिससे गंगा के तटबंधों को नुकसान हो रहा है। पर्यावरण को हो रही क्षति का आंकलन किए बिना उत्तरकाशी, अलखनंदा और भागीरथी नदी पर अनियोजित डैम के निर्माण से गंगा का प्राकृतिक प्रवाह प्रभावित हो रहा है।

कोलकाता में लगभग 26 सीवरों का पानी बिना शोधित हुए गंगा में प्रवाहित हो रहा है। बिहार के भागलपुर में सिंचाई बैराज और प्रदूषण ने गंगा के इको सिस्टम प्रभावित कर दिया है। नदी किनारे स्थित शहरों के सीवर से निकला गंदा पानी नदी को सबसे ज्यादा प्रदूषित कर रहा है। गंगा नदी की सफाई के लिए वर्ष 1985 में पंद्रह वर्षीय गंगा एक्शन प्लान को वाराणसी में लांच किया गया था जिसमें वर्ष 2000 तक गंगा को पूरी तरह प्रदूषण मुक्त करने का लक्ष्य था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार गंगा एक्शन प्लान के अंतर्गत अब तक 36 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन 38 वर्ष के बाद भी गंगा को प्रदूषण की समस्या से छुटकारा नहीं मिला है। निश्चित रूप से इसके लिए सरकारों की दृढ़ इच्छाशक्ति का अभाव ही जिम्मेदार है। वर्ष 2009 में बनी नेशनल गंगा रीवर बेसीन अथारिटी का लक्ष्य था कि वर्ष 2020 तक गंगा को प्रदूषण मुक्त कर इसे संरक्षित करना। मिशन क्लीन गंगा प्रोग्राम के पहले चरण में शहरों में घरों और उद्योगों से निकलने वाले गंदे पानी और कचरे को साफ करने पर ध्यान दिया जाना था।

गंगा के प्रदूषण में लगभग 35 प्रतिशत जिम्मेदार राज्यों उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के सीवरों की निगरानी की जानी थी। गंगा संरक्षण के लिए गंगा नॉलेज सेंटर का गठन किया गया। परंतु 38 वर्षों के प्रयास के बाद भी गंगा में बिना किसी ट्रीटमेंट के 60 प्रतिशत सीवेज की निकासी जारी है। गंगा की स्वच्छता संबंधी पीएम की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय गंगा परिषद भी लगभग निष्क्रिय हो गई है। नमामि गंगे योजना का उद्देश्य गंगा के बिगड़े रंग-रूप को बदलना और प्रदूषण पर रोक लगाना था। वर्ष 2014-15 से लेकर 2020-2021 तक इस नमामि गंगे योजना के अंतर्गत 30 हजार करोड़ रुपए खर्च कर दिया गया, परंतु स्थिति में बहुत सुधार नहीं हो पाया है।

नदियों के पुनर्जीवित करने का सबसे बड़ा उदाहरण टेम्स नदी है, जो वर्ष 1950 तक पूरी तरह सीवर में बदल गई थी। इसमें ऑक्सीजन की मात्रा लगभग समाप्त हो गई थी जिससे जलीय जीवों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा था। गंभीरता को देखते हुए ब्रिटिश सरकार ने वर्ष 1964 में नदी सफाई अभियान चलाया। इस अभियान को सफलता पूर्वक 1970 के दशक के मध्य तक पूरा कर लिया गया। यदि टेम्स नदी को प्रदूषण मुक्त किया जा सकता है तो कोई कारण नहीं कि गंगा को स्वच्छ नहीं बनाया जा सकता है, बस राजनैतिक इच्छाशक्ति एवं सामाजिक सोच बदलने की आवश्यकता है।

## प्रसंगवश

# सामाजिक विवेक और चेतना

समाज शब्द सम+अज, सामंजस्य से बना है। समाज शब्द में साथ रहने का भाव निहित है। पारस्परिकता, सहयोग, सामीप्य, सेवा, स्नेह, सम्मान, सहनशीलता, सामंजस्य आदि का भाव। सभी दिशाओं में समान गतिशीलता। समाज में स्वभाव से ही लोग समता के भाव से परस्पर जुड़े हुए होते हैं। पारस्परिकता तभी दृढ़ हो सकती है, जब समानता का भाव हो। समानता का भाव ही न्याय का आधार है, न्याय न हो तो समाज बिखर जाएगा। न्याय से ही समाज में संतुलन बना रहता है। सामाजिक विवेक और सामंजस्य चेतना न हो तो समाज जीवित रह सकता है? भयावह स्थितियों में भी सामंजस्य और समष्टिचेतना ने हार नहीं मानी? यह सच है कि समाज में संघर्ष सदा चलता रहता है और आगे भी चलता ही रहेगा, किंतु समाज तो समायोजन से ही बना है। संघर्ष सच है, किंतु सामंजस्य उससे बड़ा सच है। धर्म का मूल तत्व समन्वय है, सामंजस्य है, सहिष्णुता है, सत्य, शिव और सुंदर है। समाज और सामाजिकता यदि निर्बल हुई तो वैसे ही नए नए सामाजिक दोष, समस्याएं, विसंगतियां, विषमताएं, अपराध और सामाजिक रोग पैदा होते रहेंगे, जैसे जब शरीर निर्बल होता है तो रोग उसे ग्रस लेते हैं। विचार करना होगा कि इस पारस्परिकता, सहयोग, सामीप्य, सेवा, स्नेह, सम्मान, सहनशीता, सामंजस्य आदि को कोई क्षति तो नहीं पहुंचा रहा? हमें गहराई से पहचान करनी है, समझना है कि कौन-कौन लोग हैं, जो किसी न किसी सिद्धांत के आवरण में सामाजिक भाव पर चोट कर रहे हैं, समानता के भाव पर चोट कर रहे हैं। समानता के भाव में इतनी बड़ी ताकत है कि उन असभ्य और अर्द्धसभ्य कहे जाने वाले कबीलों में जब उपनिवेशवादी ताकतें पहुंची तो तीर कमानों और पत्थर के हथियारों ने बंदूक और बमों के छक्के छुड़ा दिए थे। जहां विषमता होती हैं, वहां अन्याय होता है, अनीति होती है, अत्याचार होता है और सामाजिकता का भाव वहां कुंठित हो जाता है और तब वहां स्वतंत्रता भी खतरे में पड़ जाती है। राज्य समाज की रक्षा के लिए है। ऐसा न हो कि राज्य के लिए समाज को कमजोर बना दिया जाए। राज्य अपने कर्तव्य को भूल न जाए, इस पर समाज को निरंतर सोचना होगा।


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

# डिजिटल इंडिया मिशन की ओर अग्रसर भारत

'न्यू इंडिया' के विचार ने हाल ही के वर्षों में सभी भारतीयों में बहुत अधिक आत्मविश्वास और आशावाद को प्रेरित किया है जिसमें से वैश्विक और क्षेत्रीय राजनीतिक परिदृश्य में कई मुद्दों पर आत्मविश्वास पूर्ण स्वतंत्र रुख अपनाने की हमारी क्षमता, ओलंपिक सहित सभी खेलों में असाधारण प्रदर्शन दर्ज कराना, और चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर (विश्व के किसी भी देश के द्वारा पहली बार) कामयाबी के साथ चन्द्रयान उतारना जैसे कई महत्वपूर्ण आयामों में से कुछ एक हैं, जो हमें यह विश्वास करने का कारण देते हैं कि अंततः न्यू इंडिया उभर रहा है।

वर्तमान में भारत का आर्थिक रूपांतरण जिसे डिजिटलीकरण द्वारा महत्वपूर्ण रूप से गति प्रदान की गई है, यह न्यू इंडिया का एक और जगमगाता हुआ उदाहरण है, जो विकसित हो रहा है। दुनियाभर के देशों और संगठनों में कोविड के कारण डिजिटल को अपनाने के लिए मजबूर होने से बहुत पहले ही वर्तमान सरकार ने डिजिटल अर्थव्यवस्था और डिजिटल वितरण मॉडल पर सक्रिय रूप से जोर दिया है। डिजिटल इंडिया मिशन 2015 में शुरू किया गया था। भारत सरकार ने न केवल सार्वजनिक कल्याण के लिए, बल्कि डिजिटल प्लेटफार्म और 'अवसंरचना का भारतीय समूह' (स्टैक) के निर्माण में भी क्रांति की शुरुआत की है, जो अर्थव्यवस्था के विभिन्न घटकों को लाभान्वित करते हुए विकास के लिए भी एक अनूठा मंच प्रदान करता है।

डिजिटलीकरण कृषि, परिवहन, स्वास्थ्य, सेवा और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों को नए व्यवसाय मॉडल की ओर ले जा रहा है, जो सभी मौलिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं। यह डिजिटलीकरण हमारी व्यवस्था में खामियों को


ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

आईडीसी के डिजिटल बिजनेस सर्वे से संकेत मिलता है कि आज एक तिहाई से अधिक भारतीय कंपनियों में सीईओ डिजिटल रणनीति को आगे बढ़ाते हैं।

दूर कर वितरण में अनियमितताओं को कम करता है और अर्थव्यवस्था के औपचारिकरण को सक्षम बनाता है। जीएसटी के लिए बढ़ता पंजीकरण और जीएसटी संग्रहण में वृद्धि इसकी सफलता को परिलक्षित करता है। व्यापक वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में वित्तीय संस्थान और संगठन संभवतः भारतीय 'स्टैक' को सबसे अधिक मजबूती से अपनाने वाले रहे हैं जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है तथा वित्तीय उत्पादों को अपनाने हेतु सुगम बनाया है।

डिजिटलीकरण के बढ़ते अवसरों के जवाब में हम उद्यमों द्वारा विशेष रूप से बीटूसी डोमेन में डिजिटल प्लेटफार्म और 'अवसंरचना का भारतीय समूह' (स्टैक) का व्यापक उपयोग देखते हैं, जो भारत के नागरिकों को प्रदान किए गए व्यापक लाभों को रेखांकित करता है। वास्तव में डिजिटल के लिए सरकार का जोर इतना आकर्षक रहा है कि भारत में अगस्त 2023 के डिजिटल बिजनेस सर्वे में 25 प्रतिशत मध्यम बड़े उद्यमों ने माना कि डिजिटलीकरण की दिशा में सरकार का जोर उनके द्वारा डिजिटल व्यवसाय मॉडल को अपनाने के प्रमुख कारकों में से एक था। इंटरनेट वितरण केंद्र (आईडीसी) एक डिजिटल व्यवसाय को उस रूप में परिभाषित करता है, जहां मूल्य निर्माण डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर आधारित होता है। इसमें कई पहलू शामिल हैं। जैसे आंतरिक और बाहरी प्रक्रियाएं, ग्राहकों, नागरिकों, आपूर्तिकर्ताओं और भागीदारों के साथ एक संगठन का जुड़ाव तथा कर्मचारियों को आकर्षित एवं प्रबंधित करना तथा उत्पाद सेवाएं और अनुभव प्रदान करना इत्यादि इसमें शामिल है।


आईडीसी के डिजिटल बिजनेस सर्वे से संकेत मिलता है कि आज एक तिहाई से अधिक भारतीय कंपनियों में सीईओ डिजिटल रणनीति को आगे बढ़ाते हैं। जबकि अन्य 25 प्रतिशत उद्यमों ने डिजिटल एजेंडा को आगे बढ़ाने के लिए पिछले दो वर्षों में मुख्य डिजिटल अधिकारी एवं मुख्य डेटा अधिकारी जैसे नए पद कायम किए हैं। उद्यमों को एहसास है कि डिजिटल व्यवसाय मॉडल, परिचालन क्षमता को आगे बढ़ाने, त्वरित निर्णय लेने तथा प्रतिस्पर्धा में आगे बने रहने में मदद करते हैं और सबसे महत्वपूर्ण रूप से ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने में मदद करते हैं।

85 करोड़ इंटरनेट ग्राहकों 63 करोड़ से अधिक स्मार्टफोन उपयोगकर्ता सहित 1.1 अरब मोबाइल ग्राहकों के साथ 39.8 करोड़ सोशल मीडिया यूजर के साथ भारत में पहले से ही डिजिटल से जुड़ी आबादी है। यह आबादी डिजिटल -4 को अपना रही है। डिजिलॉकर के 13.7 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं। यूपीआई के 30 करोड़ सक्रिय उपयोगकर्ता हैं और कोविन ने 1.1 अरब लोगों का पंजीकरण किया है। उद्यमों और उपभोक्ताओं द्वारा डिजिटल को सक्रिय रूप से अपनाने के साथ यह स्पष्ट है कि भारत का डिजिटल की ओर रुख वास्तविक अपरिवर्तनीय और व्यापक है।

## सोशल फोरम

# जलवायु संकट से युवाओं में हताशा

एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय- जो इन दिनों दुनिया को मथ रहा है, लेकिन हिंदी के गाफ़िल संसार में जिस पर कोई चर्चा नहीं हो रही है- यह है कि आसन्न जलवायु संकट को देखते हुए युवा जोड़ों- चाहे वे विवाहित हों या लिव-इन सहभागी- को संतान उत्पन्न करने का निर्णय लेना चाहिए या नहीं? क्योंकि वे अपने बच्चों को इस बात की गारंटी नहीं दे सकेंगे कि आने वाले 50 सालों में उन्हें जीवन-योग्य पर्यावरण मिल पाएगा।


सुशोभित

पश्चिम में यह आंदोलन ज़ोर पकड़ चुका है। 'टाइम' पत्रिका ने हाल ही में इसको रिपोर्ट किया कि जलवायु संकट से युवाओं में हताशा घर कर गई है और वे अपने परिवार को बढ़ाना नहीं चाहते हैं। चीन और जापान के भी युवा संतानोत्पत्ति से कतराने लगे हैं। अगर आप इंगमार बर्गमान या आन्द्रे तारकोव्स्की का सिनेमा देखें तो पाएंगे कि 1960 और 70 के दशक में न्यूक्लियर-वॉर के ख़तरों के कारण भी ऐसी ही मनोदशा यूरोप के लोगों की निर्मित हो गई थी। बर्गमान की एक फिल्म ('वाइल्ड स्ट्रॉबेरीज़') की नायिका इसीलिए मां बनने से इनकार कर देती है। एक अन्य फिल्म ('विंटर लाइट') में एक पुरुष आसन्न सर्वनाश से अवसादग्रस्त होकर आत्महत्या कर लेता है। तारकोव्स्की की फिल्म 'द सैक्रिफ़ाइस' में नायक एटमी-सर्वनाश से अपने बच्चों को होने वाले कष्टों की कल्पना से पूरे समय सिहरता रहता है।

क्या आज जन्म लेने वाले बच्चे 70 वर्षों का अपना जीवनकाल उस तरह से पूरा करेंगे, जैसे हमारे पूर्वजों ने किया था और जैसे शायद हम-यानी उम्र की तीसरी या चौथी दहाई वाले लोग-करने जा रहे हैं- यह इस समय का सबसे बड़ा प्रश्न है।

कहीं ऐसा तो नहीं कि हमारे बच्चे आज से 50 साल बाद हमें कोसें कि हम पृथ्वी की जलवायु संकट संबंधी समस्याओं के बारे में जानते थे, अख़बारों में उस पर लेख आदि छपते थे, लेकिन इसके बावजूद हम उन्हें इस धरती पर लेकर आए और एक यंत्रणापूर्ण जीवन की विरासत सौंप गए? क्या वे अपने माता-पिता को जिम्मेदार अभिभावक समझेंगे?

**-फेसबुक वॉल से**

# इंदिरा गांधी से मतभेद के बाद विरोधी खेमे का नेतृत्व कर रहे थे मोरारजी भाई

भारत रत्न मोरारजी देसाई भाई का जन्म 29 फरवरी, 1896 को हुआ था। मोरारजी भाई को पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'निशान-ए-पाकिस्तान' से भी विभूषित किया गया था। मोरारजी भाई अपने जीवन में कुल छब्बीस 29 फरवरी भी नहीं देख पाए कि भगवान को प्यारे हो गए। यह बात दूसरी है कि इस अल्पायु में उन्होंने कुल 99 वसंत अवश्य देख लिए थे। स्वमूत्र चिकित्सा के पक्षधर और भारत में 14 कैरेट के स्वर्णाभूषणों के जन्मदाता, भोजन में अन्न के त्यागी किंतु दूध, मेवे और फलों के अनुरागी, मोरारजी भाई अपनी हठवादिता और गांधीवादी उसूलों (अपने बेटे कांति भाई के कारनामों की अनदेखी करने की कमजोरी को छोड़कर) के लिए प्रसिद्ध हैं।

मोरारजी भाई जब वृहत्तर बंबई प्रांत के मुख्यमंत्री थे तो उनके पास सरकारी कर्मचारी वाहन भत्ते की मांग लेकर गए थे। मोरारजी भाई ने उन्हें टहल कर ऑफिस तक आने-जाने की सलाह दी। जब कर्मचारियों ने घर से ऑफिस की ज़्यादा दूरी का हवाला दिया तो उन्होंने कहा-'कार या मोटर साइकिल-स्कूटर के लिए तो वाहन भत्ता आपको नहीं मिलेगा पर मैं आप सबको सरकार की ओर से मुफ्त साइकिल दिला सकता हूं।' 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद हमारे देश की गिरती हुई अर्थव्यवस्था


गोपेश मोहन जसवाल
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

1971 के आम चुनाव से पहले मोरारजी भाई झांसी के सर्किट हाउस में ठहरे थे, जो कि हमारे बुंदेलखंड कॉलेज के बहुत नजदीक था। हम बीए द्वितीय वर्ष के आधा दर्जन छात्र उन्हें देखने सर्किट हाउस के गेट पर खड़े हो गए।

को सहारा देने की नाकाम कोशिश में मोरारजी भाई ने बदनाम-'गोल्ड कंट्रोल' की नीति लागू की थी। इसके अंतर्गत 22 कैरट के स्वर्ण आभूषणों की जगह 14 कैरट के बदसूरत स्वर्ण आभूषणों ने ले ली थी। हजारों सुनार इस नई अव्यावहारिक नीति के कारण बेरोजगार हो गए थे। उन दिनों हम लोग रायबरेली में रहा करते थे। रायबरेली के एक सुनार रामचंद्र स्वर्णकार का सुनारी का धंधा घाटे में चल रहा था। उसने अपना पुश्तैनी धंधा छोड़कर भुने चने का एक ठेला लगा लिया था। रामचंद्र स्वर्णकार के ठेले पर रखे हुए एक बड़े से बोर्ड पर मोटे-मोटे अक्षरों में उसका अपना नाम अंकित था और साथ में एक सूचना भी दी गई थी-'भुने चने मोरारजी देसाई की कृपा से बने।' 1964 में हमारे पिताजी ने हमारी बहनजी की शादी में मां के घोर विरोध के बावजूद उनके लिए फीकी आभा वाले 14 कैरट के कड़े बनवाए थे, जो कि बहनजी ने अपने जीवन में कभी पहने ही नहीं। इस काले कानून के रद्द किए जाने के बाद मां ने अपनी तरफ से सोना लगाकर बहनजी के इन 14 कैरट वाले कड़ों को 22 कैरट के कड़ों में बदलवाया था। गोल्ड कंट्रोल लागू किए जाने के दिन से मां की और बहन जी की नजरों में ही क्या, हमारी नजरों में भी, मोरारजी भाई खलनायक हो गए थे। 1969 में राष्ट्रपति के चुनाव में मतभेद के बाद मोरारजी भाई इंदिरा गाधी के विरोधी खेमे का नेतृत्व कर रहे थे।

1971 के आम चुनाव से पहले मोरारजी भाई झांसी के सर्किट हाउस में ठहरे थे, जो कि हमारे बुंदेलखंड कॉलेज के बहुत नजदीक था। हम बीए द्वितीय वर्ष के आधा दर्जन छात्र उन्हें देखने सर्किट हाउस के गेट पर खड़े हो गए। हमको देखकर दो आदमी हमारी तरफ लपके तो हम खिसकने लगे, पर यह क्या? उन दोनों ने प्यार से हमको रोका और फिर वो हमको लॉन में बैठे मोरारजी भाई से मिलाने के लिए ले गए। पांच मिनट की इस संक्षिप्त भेंट में मोरारजी भाई द्वारा विद्यार्थियों के नाम संदेश का एक हर्फ भी मुझको याद नहीं है, पर यह याद है कि उनके साथ हमने समोसे, मिठाई और चाय का रसास्वादन किया था। यह बात और है कि मोरारजी भाई का नमक खाकर भी हम कभी उनके सगे न हुए। 1977 से 1979 तक के काल में प्रधानमंत्री के रूप में मोरारजी भाई के ढाई साल बहुत उठा-पटक और रस्साकशी में बीते थे। उनकी परेशानी का सबसे बड़ा सबब थे-1977 के चुनाव में रायबरेली में इंदिरा गांधी को धूल चटाने वाले राज नारायण। वैसे तो अपने निजी जीवन में राजनारायण मोरारजी भाई की स्वमूत्र चिकित्सा के अनुयायी थे, किंतु अपने राजनीतिक जीवन में मोरारजी भाई के अनुशासन का उनमें नामो-निशान तक नहीं था।

राजनारायण ने चौधरी चरण सिंह के साथ मिलकर अपने आराध्य मोरारजी भाई को सिंहासन से उतरवा दिया था। मोरारजी भाई ने राजनीतिक संन्यास में लगभग 16 वर्ष बिताए थे। उनके जीवन में ही कई बार उनके स्वर्गवास का समाचार प्रसारित हुआ था। अंत में जीवन का शतक लगाने से दस महीने पहले ही 10 अप्रैल 1995 को मोरारजी भाई ने विद्यार्थीगण को और कर्मचारीगण को छुट्टी दिलाने के लिए अपनी पारी समाप्ति की घोषणा कर दी। अपनी सनक और अपनी जिद के बावजूद मोरारजी भाई को आज के नेताओं की तुलना में दूध का धुला कहा जा सकता है।

# नहीं मिली ट्यूशन से मुक्ति

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत सभी राज्यों में लागू कर दी। केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति लागू करने के बाद भी छात्रों के बस्ते का बोझ कम नहीं कर सकी। शिक्षाविद और मनोवैज्ञानिक कई बार बस्तों के बोझ को लेकर चिंता जाहिर कर चुके हैं। हमारी पोती अमेरिका में पढ़ती है। कक्षा पांच तक उसे कोई किताब नहीं दी जाती। बस स्कूल में ही क्रिटीविटी सिखाई जाती है। कहानी की दो पुस्तकें घर जाकर पढ़ने को दी जाती हैं ताकि बच्चे की रीडिंग की आदत बढ़े।


अशोक मधुप
वरिष्ठ पत्रकार

भारत का कितना ही महंगा स्कूल हो, कक्षा पांच के बाद छात्र का ट्यूशन पढ़ना उसकी मजबूरी है। घर आकर होमवर्क में दो तीन घंटे लगाने के बाद प्रत्येक विषय के ट्यूशन के लिए उसे एक घंटा देना ही होता है। इस ट्यूशन में आने जाने में भी समय लगता है। पांच ट्यूशन हुए तो पांच घंटे ट्यूशन में लगेंगे। इस शिक्षा ने बच्चे को पढ़ाई के नाम पर मशीन बनाकर रख दिया। उससे बच्चे का मानसिक और शारीरिक विकास रूक गया। इसके लिए सोचने को न सरकार के पास समय है, न शिक्षाविदों के पास। देखने में आ रहा है कि कुछ अभिभावक आईएएस और आईपीएस बनाने की इच्छा और इरादा बच्चे पर लाद देते हैं। काफी बच्चे पढ़ाई का ये दबाव नहीं बर्दाश्त कर पाते। वे डिप्रेशन में चले जाते हैं। कुछ आत्महत्या तक कर लेते हैं।

ऐसे में सरकार को समान शिक्षा नीति बनाने पर भी सोचना होगा। सरकार को शिक्षा नीति में फिर से विचार करने की जरूरत है। जरूरत है ऐसी शिक्षा की जिसमें बच्चे का समुचित विकास हो। छात्र पर बस्ते का बोझ कम से कम हो। स्कूल से आने के बाद के घर पर बच्चे को ट्यूशन की जरूरत ही न महसूस हो।

# अस्पताल में पकड़ी गई बिजली चोरी, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर हाईलाइन लॉस सिटी फीडर पर राजस्व वसूली व बिजली चोरी अभियान के तहत बुधवार देर शाम रामपुर ढपरपुर में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सद्दाम हॉस्पिटल में बिजली चोरी पकड़ी गई। उप खंड अधिकारियों व व अवर अभियंता की संयुक्त तहरीर पर हॉस्पिटल संचालक के खिलाफ चार किलोवाट बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

अवर अभियंता अब्दुल मजीद, उप खंड अधिकारी द्वितीय मुकेशचंद्र राव व उप खंड अधिकारी प्रथम अजय कुमार के नेतृत्व में रामपुर ढपरपुर में चेकिंग अभियान चलाया गया।

सद्दाम हॉस्पिटल में डायरेक्ट एचटी लाइन से कटिया डालकर बिजली चोरी की जा रही थी। टीम ने कटिया उतरवाकर हॉस्पिटल का कनेक्शन काट दिया। घटना की वीडियोग्राफी भी कराई गई। गुरुवार दोपहर बाद सद्दाम हॉस्पिटल के संचालक लाल सिंह राजपूत पुत्र लंकुश सिंह राजपूत के खिलाफ चार किलोवाट बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई। अधीक्षण अभियंता अजय कुमार ने बताया कि चेकिंग अभियान जारी रहेगा। जो भी उपभोक्ता बिजली चोरी करते मिला, उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

## बिजली चोरी में फंसे उपभोक्ता व मीटर रीडर

**फर्रुखाबाद।** थाना अमृतपुर क्षेत्र के गांव नगला हूसा में घर में लगा बिजली मीटर जल जाने की सूचना पर जब जांच की गई तो मौके पर मीटर दूसरा लगा पाया गया। टेस्ट मीटर से जब जांच हुई तो जले मीटर में 23283 यूनिट बिजली स्टोर मिली। यानी करीब 1.28 लाख की बिजली चोरी की गई। अवर अभियंता ने उपभोक्ता व मीटर रीडर के खिलाफ अमृतपुर थाने में तहरीर दी है। गांव नगला हूसा निवासी रामकिशोर पुत्र अहिबरन के यहां दो किलोवाट का घरेलू कनेक्शन है। जनवरी में उपभोक्ता ने शिकायत की कि उसके यहां लगा बिजली मीटर जल गया। इस पर विभागीय अधिकारियों ने दूसरा मीटर लगाकर जला मीटर जांच के लिए परीक्षणशाला भिजवा दिया।

# चार साल पहले घोषित हुआ औद्योगिक क्षेत्र, नहीं लगे उद्योग

संवाददाता, कंचौसी, औरैया



न्यू कंचौसी का स्टेशन। अमृत विचार

**05** राजस्व गांव को मिलाकर शासन ने घोषित किया था औद्योगिक क्षेत्र-मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल सकीं

**अमृत विचार।** आजादी के लंबे अंतराल के बाद भी कानपुर देहात व औरैया जनपदों की सीमा पर बसा कंचौसी प्रदेश व देश की विकास रफ्तार से अभी कोसों दूर है। जहां जनता के मूलभूत साधनों के लाले हैं। आज जब कंचौसी कानपुर देहात नगर पंचायत का हिस्सा बन गया है। जिसका बड़ा भाग पहले से न्यू कंचौसी रेलवे स्टेशन जो बान परजनी गांव के मध्य नया बना डीएफसी का स्टेशन है। उसी नाम से राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक क्षेत्र नगर पंचायत बनने से पहले सरकारी अभिलेखो में बना दिया गया था। लेकिन, आज भी यह क्षेत्र गांव है और यहां के वाशिंदे ग्रामीण परिवेश में मेहनत मजदूरी कर गुजर बसर कर रहे हैं। आज तक यहां कोई उद्योग धंधे की शुरुआत तक नहीं हुई है। इसके लिए यहां की जनता दोषी नहीं है।

दोष केवल सरकारी तंत्र व जनता द्वारा चुने गये विधायक, सासंद व अन्य जन प्रतिनिधियों का है, जो इलाके के इस पिछडेपन को दूर करने में या तो ध्यान नहीं दे रहे हैं या उदासीन है। कंचौसी बान बाजार रानेपुर, रसूलाबाद, जिस्टामऊ, सड़रामऊ, पुरवा, हुलासी, धौकलपुरवा आदि गांव उसकी लगभग 5 हजार एकड भूमि इस औद्योगिक गलियारे में विकसित होना है। दिल्ली हावड़ा डीएफसी रेल ट्रेक के दोनों तरफ यह उद्योग फैलेंगे जहां सरकारी और निजी छोटे बडे कई उद्योग लगाने की योजना है, जिस पर चार सौ करोड़ रुपए से अधिक खर्च होगा, लेकिन कब इसका अभी कोई निश्चित समय नहीं है।

जब कि भूमि की मालियत अधिक होने से बिक्री खरीद पर स्टांप ड्यूटी औद्योगिक क्षेत्र की बसूली जा रही है, जो कम आय के लोगों के लिए मुशीबत है। जिससे भूमि, प्लाट, मकान खरीदने से पहले लिखा-पढ़ी कराने के लिए बीस बार सोचना पड़ता है। यदि इस औद्योगिक क्षेत्र में उद्योग-धंधे, कल कारखाने स्थापित हो जाएं तो लाखों लोगों को रोजगार मिलने की सुविधा से इनकार नहीं किया जा सकता है। निश्चित तौर पर युवाओं की बेरोजगारी भी खत्म होगी और जिले में विकास की गंगा भी बहती हुई दिखाई देगी। ऐसी स्थिति में शासन और प्रशासन को जनहित में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देते हुए श्रेय लेने की महती आवश्यकता है। जनता जनार्दन प्लास्टिक सिटी जैसे उद्योगों में विकास की गंगा बहती देखना चाहती है, जनहित का कार्य होते ही जनपद की जनता शासन व प्रशासन की प्रशंसा करते थकते प्रतीत नहीं होगी।

# महाकौशल एक्सप्रेस में आग लगने की खबर से हड़कंप

## बोगी में लगे फायर सिलेंडर का पिन निकलने से गैस हुई लीक

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- तकरीबन एक घंटा की देरी से गंतव्य को रवाना हुई ट्रेन
- जबलपुर से निजामुद्दीन जा रही थी ट्रेन

**अमृत विचारः** जबलपुर से निजामुद्दीन जा रही महाकौशल एक्सप्रेस ट्रेन की जनरल बोगी (सामान्य) में आग लगने की सूचना मिलते ही यात्रियों के साथ रेलवे अधिकारियों में हड़कंप मच गया। आरपीएफ, जीआरपी समेत शहर कोतवाली का भारी पुलिस बल स्टेशन पर पहुंच गया। स्टेशन पर पूरी ट्रेन का गहनता से निरीक्षण किया। जांच के दौरान पता चला कि बोगी में लगे फायर सिलेंडर का पिन निकला होने से गैस लीक हो रही थी। जिससे धुआं निकल रहा था। ट्रेन को करीब एक घंटा तक स्टेशन पर रोका गया।

जबलपुर से चलकर निजामुद्दीन की ओर जाने वाली महाकौशल एक्सप्रेस ट्रेन में बुधवार की देर रात एक सामान्य बोगी में धुआं भर गया। इससे यात्री सहम गए। यात्रियों को आग लगने का शक हुआ तो ट्रेन में मौजूद कर्वी पुलिस स्कार्ट को सूचना दी गई। कर्वी पुलिस ने थाना जीआरपी को सूचना दी। बोगी में आग लगने की सूचना मिलते ही रेल अधिकारियों में में अफरा-तफरी मच गई। सभी ट्रेन के आने का इंतजार करने लगे।

रात करीब 12:10 बजे जैसे ही ट्रेन स्टेशन पर पहुंची तो पूरे पुलिस विभाग ने एक-एक कर ट्रेन के हर यात्री कोच की बारीकी से जांच की। जांच के दौरान पता चला कि सामान्य बोगी में लगे फायर सिलेंडर का पिन निकल गया था, जिससे धुआं निकल रहा था। जीआरपी थाना प्रभारी नवेंदु शेखर अग्निहोत्री ने बताया कि बोगी मंर लगे फायर सिलेंडर की पिन निकल जाने की वजह से सिलेंडर लीक हुआ और उसका धुआं बोगी में भर गया। यात्रियों को ऐसा लगा कि बोगी में आग लग गई है।

जीआरपी थाना प्रभारी और स्टेशन अधीक्षक मनोज शिवहरे ने बताया कि पूरी तरह से जांच करने के बाद ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

### जाम के चलते पांच मिनट रुकी वंदे भारत एक्सप्रेस

**अछल्दा, औरैया।** बड़े वाहनों की कस्बे में नो एंट्री होने के बावजूद भी जाम थमने का नाम नहीं ले रहा है। जाम के कारण बुधवार शाम को 13 बी क्रॉसिंग बंद नहीं हो पाने से वंदे भारत एक्सप्रेस को पांच मिनट आउटर पर खड़ा रहना पड़ा। इस दौरान करीब तीन घंटे तक लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। बुधवार की रात 7 बजकर 25 मिनट पर जाम ज्यादा होने से कानपुर से इटावा की तरफ जा रही बन्दे भारत आउटर पर खड़ी रही। क्रॉसिंग बंद हुई उनके बाद ट्रेन रवाना हुई।

# भाई ने की बहन की हत्या पुलिस से बोला, फांसी लगाई

संवाददाता, बिधूना, औरैया

- पति के साथ नहीं रहने से था नाराज
- शादी के बाद किसी और के साथ रह रही थी बहन

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बड़े पुर्वा में शादी के बाद किसी और के साथ रहने व पति के साथ न जाने से नाराज एक भाई ने अपनी सगी बहन का गला दबाकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी होते ही पुलिस अधीक्षक चारू निगम सहित पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची, भाई को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार गांव बड़े पुर्वा निवासी गौरव दोहरे पुत्र जगजीवन राम ने सूचना दी उसकी बहन पारूल (23 वर्ष) ने फांसी लगा ली है। घटना की जानकारी होते ही पुलिस फोर्स मौके पहुंच गई और जांच पड़ताल शुरू की। बताया कि मौके पर जाकर पुलिस ने पारूल के शव को देखा तो उसके गले में इंजरी थी। जिससे पारूल की मौत को संदिग्ध मानते हुए पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की। जिस पर जानकारी हुई कि गौरव की बहन पारूल की शादी 2019 में इटावा जिले के गांव रमाइन भरथना निवासी सुनील कुमार के साथ हुई थी। जिनका एक चार वर्षीय पुत्र अर्पित है जो सुनील कुमार के साथ रहता है। बताया गया कि पारूल का अपने पति सुनील से मनमुटाव होने कारण करीब छह माह पूर्व वह अपने पति का साथ छोड़कर किसी अन्य व्यक्ति के साथ कहीं चली गई थी।

अभी जब कुछ दिन पहले वह अपने मायके वापस आयी तो भाई गौरव ने उसे बहनोई सुनील कुमार के साथ जाने के लिए समझाया पर वह अपने पति के साथ जाने को तैयार नहीं हुई। इस बात को लेकर गुरुवार को भाई बहन दोनों में वाद-विवाद हुआ। इसके बाद गौरव ने बहन का गला दबाकर हत्या कर दी। बताया कि पति सुनील कुमार मौके पर आ गये हैं। तहरीर ली जा रही है। कोतवाली पुलिस ने कहा मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# दुष्कर्म के दोषी को 25 वर्ष की कैद

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** प्रभावी विवेचना एवं पैरवी के फलस्वरुप नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को न्यायालय से 25 वर्ष के कठोर कारावास व 60 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

ऑपरेशन कन्विक्शन के क्रम में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में विभिन्न अपराधों में अभियुक्तों को प्रभावी विवेचना एवं पैरवी के फलस्वरुप न्यायालय द्वारा कड़ी से कड़ी सजा दिलाए जाने के क्रम में गुरुवार को नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को 25 वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दण्डित कराया गया। गौरतलब हो कि अभियुक्त जावेद उर्फ राहुल पुत्र उस्मान निवासी मोहल्ला खुटला ने 20 मई 2019 को थाना अतर्रा क्षेत्र में टेम्पो से बुखार की दवा लेने गई नाबालिग लड़की का अपहरण कर लिया था। फोन पर पीड़िता के परिवारीजनों को गालीगलौज व जान से मारने की धमकी दी गई थी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की मां की तहरीर पर थाना अतर्रा में धारा 363/504/506 आईपीसी पंजीकृत किया गया था। 23 जून 2019 को पीड़िता को बरामद कर मेडिकल परीक्षण व मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान कराया गया था।



मेडिकल परीक्षण व बयान के बाद धारा 376/366 आईपीसी व धारा 4 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई थी। प्रकरण की विवेचना तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक रामेन्द्र तिवारी द्वारा सम्पादित करते हुए साक्ष्यों का प्रभावी संकलन कर न्यायालय में 29 अगस्त 2019 को आरोप पत्र दाखिल किया गया था। लोक अभियोजक सुनील कुमार गुप्ता की प्रभावी पैरवी एवं कोर्ट मोहर्रिर महिला कांस्टेबल निर्मला व पैरोकार कांस्टेबल पुष्पेंद्र सिंह के अथक प्रयासों से अभियुक्त जावेद उर्फ राहुल पुत्र उस्मान उपरोक्त को न्यायालय एएसजे द्वारा 25 वर्ष के कठोर कारावास व 60 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

### दुष्कर्म के दो दोषियों को 20 वर्ष की कैद

- सात साल पूर्व युवती को बहला फुसलाकर ले जाकर दो युवकों ने किया था दुष्कर्म

**हमीरपुर।** सात साल पुराने अपहरण व दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम सुदेश कुमार की अदालत ने दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए 20-20 वर्ष के कठोर करावास की सजा सुनाई है। साथ ही 15-15 हजार का अर्थदंड लगाया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता महेश द्विवेदी ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने 15 जून 2016 को तहरीर दी थी। तहरीर में बताया था कि 14 जून को दोपहर करीब एक बजे उसकी 18 वर्षीय बेटी को राजकुमार वर्मा निवासी चंदपुरवा थाना सुमेरपुर फोन करके फुसलाकर ले गया। अगले दिन में सुबह नौ बजे दोनों लौटकर आ गए थे। परिजनों से पीड़िता ने बताया कि दोषी राजकुमार वर्मा उसे ले गया था और उसके साथ उसका साथी सुधीर वर्मा भी था। दोनों ने उसके साथ गलत काम किया। मामले में पुलिस ने अदालत में चार्ज शीट पेश की। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम सुदेश कुमार की अदालत ने दोनों पक्षों को सुना। मामले में अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए 20-20 वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दोनों पर 15-15 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न जमा करने पर एक- एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते बाबू को धर दबोचा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कानपुर की टीम बीएसए दफ्तर से सदर कोतवाली ले गई
- एरियर निकालने के लिए 10 हजार रुपये लेने का आरोप

**अमृत विचार।** बीएसए कार्यालय में तैनात बाबू को कानपुर से आई एंटी करप्शन टीम (भ्रष्टाचार निरोधक दस्ता) ने रिश्वत लेने के आरोप में पकड़ लिया। टीम आरोपी को कोतवाली सदर ले गई। यहां मामला दर्ज होने के बाद बाबू को साथ ले गई। बताया गया है कि लखनऊ जेल भेजा जाएगा आगे की कार्रवाई वहीं से की जायेगी।

एंटी करप्शन टीम का नेतृत्व करने वाले इंस्पेक्टर मृत्युंजय मिश्र ने बताया कि कानपुर से ही इंस्पेक्टर सुशील परासर व महिला इंस्पेक्टर अर्चना शुक्ला की मौजूदगी में बीएसए कार्यालय के बाबू विमल पांडेय को 10 हजार रुपये लेते हुए पकड़ा गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि शिक्षक अनुराग की शिकायत है कि पांच महीने का एरियर (बकाया वेतन) देने के बदले 20 हजार रुपये मांगे थे। गुरुवार को पहली किस्त में 10 हजार रुपये दिए गए। इसी दौरान पकड़ लिया गया।

इंस्पेक्टर के मुताबिक वाकया दोपहर 12.25 बजे का है। टीम द्वारा बाबू को पकड़े जाने की खबर पर बीएसए कार्यालय में अफरातफरी मच गई। इंस्पेक्टर के मुताबिक उनकी टीम में हेड कांस्टेबिल बृजनन्दन व अनिल कुमार, कांस्टेबिल अभिषेक कुमार, सत्येंद्र कुमार, शिवम अवस्थी, सुरजीत, प्रशांग व प्रीतम शामिल रहे।


जिला जजी गेट के सामने धरना-प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

# दसवें दिन भी वकीलों की हड़ताल जारी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- उच्च न्यायालय जाने के लिए छह सदस्यीय कमेटी गठित

**अमृत विचार।** परिवार न्यायालय की पीठासीन अधिकारी के खिलाफ अधिवक्ताओं की हड़ताल 10 वें दिन भी जारी रही। धरने पर बैठे अधिवक्ताओं ने छह सदस्यीय कमेटी का गठन किया जो शुक्रवार को उच्च न्यायालय जाकर अपनी समस्याओं से अवगत कराएगी।

जजी परिसर में धरना- प्रदर्शन व हड़ताल पिछले 20 फरवरी से जारी है। धरने में अधिवक्ताओं ने कहा पिछले 20 से 28 फरवरी तक इस अदालत ने 50 से अधिक वाद खारिज कर दिए हैं। जबकि अधिवक्ता 20 फरवरी से न्यायिक कार्य से विरत हैं एवं इसके पूर्व भी एक माह में 190 वाद खारिज किए जा चुके हैं। जिससे वादकारियों के प्रति न्यायालय की गरिमा गिर रही है। इनके व्यवहार से अधिवक्ता अपमानित हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में इनके विरुद्ध उच्चस्तरीय जांच कमेटी बनाकर तथा अपने स्तर पर जांच कराई जाए कि वह न्याय की कुर्सी में बैठकर कैसी अमर्यादित भाषा का उपयोग कर रही हैं। इसकी सही जानकारी के लिए न्यायालय में सीसीटीवी कैमरे लगाकर स्वतः किया कलापों की जांच की जाए। गुरुवार को धरने पर बैठने वाले अधिवक्ताओं ने क्रांति सिंह रहे।

# ऑनलाइन मंगाया ड्रोन कैमरा, निकला रुमाल

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- महिला ने पुलिस को ठगी होने की तहरीर दी

**अमृत विचार।** ऑनलाइन ड्रोन कैमरा मंगवाने के बाद जब डिलीवरी हुई तो रुमाल निकला। यह देख महिला ने पुलिस को ठगी होने की तहरीर दी। थाना इंदरगढ़ के एराहो निवासी दामिनी पत्नी मनीष ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसने सात दिन पहले मोबाइल पर ऑनलाइन एक ड्रोन कैमरा ऑर्डर किया था जिसकी कीमत 850 रुपये थी। डिलीवरी मैन 28 फरवरी को डिलीवरी देने आया। पैकेट खोला तो सील पैक डिब्बे में एक हल्का कपड़ा रखा हुआ निकला और डिलीवरी मैन रुपये लेकर भी चला गया। उसने डिलीवरी मैन को फोन किया गया लेकिन उसने रिसीव नहीं किया।


पैकिंग दिखाती महिला।

## बेटी के साथ प्रेमी को देख काट दिया था सिर

**फतेहपुर।** 27 फरवरी को एक युवक की सिर कटी लाश मिली थी। इसके बाद एसपी ने हत्या के खुलासे के लिए पुलिस की 5 टीमों को लगाया था। गुरुवार को पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुए बाप-बेटे को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार प्रेम प्रंसग को लेकर युवक की हत्या की गई थी। युवती को उसके प्रेमी के साथ पिता और भाई ने आपत्तिजनक हालत में देख लिया था, जिस कारण दोनों ने कुल्हाड़ी से वार कर युवक को मार डाला था।

पुलिस लाइन में वारदात का खुलासा करते हुए एसपी उदय शंकर सिंह ने बताया कि जिले के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के जगजीवन पुर गांव के जंगल में 27 फरवरी की सुबह एक युवक नरेंद्र पटेल का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया था। सिर, धड़ से अलग था। बॉडी को देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी थी।

**सौगात** सरकार ने सर्पदंश को राज्य आपदा घोषित कर रखा है, कहा झाड़-फूंक कराने में समय व्यर्थ करने के बजाय चिकित्सक के पास जायें

# इटावा के कॉलेज में खुली प्रदेश की पहली स्नेक बाइट हेल्प डेस्क

कार्यालय संवाददाता, इटावा


स्नेक बाइट हेल्प डेस्क के उद्घाटन पर मौजूद डॉ. सूर्यकांत एवं डॉ. आरके त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** वर्तमान समय में भारत विश्व भर में सर्पदंश से प्रभावित एक देश है। हर वर्ष हजारों लोगों की जान सर्पदंश के कारण सही समय पर सही इलाज न मिलने पर चली जाती है।

वर्तमान योगी आदित्यनाथ सरकार ने भी अब सर्पदंश को राज्य आपदा घोषित कर दिया है। अक्सर पीड़ित की सही समय के अंदर इलाज (एंटीवेनम) न मिल पाने से हालत बिगड़ जाती है। एक घंटे में अस्पताल पहुंचने की जगह रोगी का अमूल्य समय झाड़ फूंक कराने में ही व्यर्थ हो जाता है। समाज के इसी अंधविश्वास को दूर करने के साथ साथ सर्पदंश के पीड़ित को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाने के उद्देश्य से इस विशेष स्नेक बाइटहेल्पडेस्क की स्थापना जनता कालेज बकेवर के परिसर में की गई है। इसका शुभारंभ पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए समर्पित संस्था ओशन एवं मिशन स्नेक बाइट डेथ फ्री इंडिया यूपी के सहयोग से किंग जार्ज मेडिकल कालेज लखनऊ के रेस्पिरेट्री मेडिसिन विभाग के चिकित्सक डॉ सूर्य कांत ने किया।

इस अवसर पर डॉ सूर्य कान्त ने कहा कि, इस क्षेत्र की शैक्षिक धरोहर एवम ऐतिहासिक संस्था रहे जनता कालेज बकेवर के इस सर्पदंश सहायता हेल्पडेस्क के माध्यम से आम जनमानस में सर्पदंश के सही उपचार की जानकारी पहुंचायी जा सकेगी। वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी को भविष्य में हेल्पडेस्क के सफल संचालन के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, वे भी इस सर्पदंश सहायता पटल को अपना सहयोग देते रहेंगे। इस अवसर पर कालेज के प्रबंधक/सेक्रेटरी अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा कि विशेष सर्पदंश सहायता पटल के शुरू करने का प्रयास भी उसी जनसेवा की भावना की हमारी प्रतिज्ञा का एक अंश मात्र ही है। प्राचार्य डॉ आर के त्रिपाठी ने कहा कि, इस हेल्पडेस्क के संचालन से क्षेत्रीय ग्रामीणों को समय समय पर सर्पदंश उपचार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारीयां सहायता पटल के हेल्पलाइन नम्बर 7017204213 से मिलती रहेगी।

स्नेकबाइट हेल्पडेस्क के शुभारंभ के इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सूर्य कान्त, उनकी धर्मपत्नी प्रीतिकान्त विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे में केलिफोर्निया मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ विपिन चतुर्वेदी उनकी धर्मपत्नी डॉ नीरजा चतुर्वेदी, डॉ वरुन चतुर्वेदी, सेक्रेटरी, जनता कालेज बकेवर अरविंद कुमार मिश्र, प्राचार्य डॉ आर के त्रिपाठी, प्रगतिशील किसान अमर सिंह, जन्तु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ ललित गुप्ता, अरविंद चौधरी, सर्पदंश सहायता पटल के सहायक प्रभारी श्याम बाबू मिश्रा सहित प्रोफेसर डॉ ए के पाण्डेय, डॉ पी के राजपूत, डॉ एम पी यादव, डॉ एम पी सिंह, डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ अभिषेक सिंह, डॉ आदित्य कुमार, कुलदीप अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# बहुआ-ललौली मार्ग पर 15 घंटे लगा जाम

संवाददाता फतेहपुर

- करीब सात किलोमीटर तक लगी रही वाहनों की कतार

**अमृत विचार।** बहुआ-ललौली मार्ग पर स्थित गौरी नहर पुल की जर्जर सड़क में बुधवार रात करीब दस बजे मौरंग लोड ट्रक की कमानी टूट गई। उसी समय बगल से निकल रहे ओवरलोड मौरंग लदे ट्रक का पहिया जर्जर सड़क में जा धंसा। इससे बहुआ-ललौली मार्ग पर रात से गुरुवार दोपहर तक भीषण जाम लगा रहा। नहर पुल से बहुआ कस्बे और दूसरी ओर बंधवा तक करीब सात किलोमीटर लंबी वाहनों की लाइन लगी रही।

भीषण जाम की वजह से रोडवेज बसें और स्कूली वाहन बहुआ से मुत्तौर कोर्राकनक होकर निकले। वहीं चार पहिया वाहन और टैक्सी दूसरे रास्तों में बहुआ से तपनी लिंक मार्ग से होते हुए खुरमानगर मोड़ से बिंदकी की ओर गए। गुरुवार को मिस्त्री बुलाकर ट्रक की कमानी ठीक कराकर ट्रक को बाहर निकाला गया तब कहीं जाकर करीब दोपहर एक बजे जाम खुल सका।

इस दौरान करीब 15 घंटे तक मार्ग बाधित रहा। गैर जनपद और क्षेत्र की मौरंग खदानों से निकलने वाले ओवरलोड मौरंग लदे ट्रक और डंपर चिल्ला पुल से लेकर बहुआ कस्बे तक की जर्जर सड़क के गड्ढों में फंस जाते हैं। इससे आयेदिन क्षेत्र के लोगों समेत सभी राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# शांतिपूर्ण मतदान की व्यवस्थाओं पर चर्चा

## भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने की बैठक, तैयारियों की समीक्षा की, तीन दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंची टीम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** उप्र. में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों की समीक्षा के लिए भारत निर्वाचन आयोग की 13 सदस्यीय टीम गुरुवार को तीन दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंची। आयोग की टीम ने यहां राष्ट्रीय एवं राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों के साथ बैठक की। इस दौरान निर्वाचन आयोग की टीम ने सभी पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ एक-एक करके वार्ता की। इस दौरान चुनाव में आने वाली व्यवहारिक दिक्कतों को समझने के साथ सुधार के सुझाव भी लिए गए। बैठक में आयोग के प्रतिनिधियों ने राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए जरूरी संसाधनों की व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की अगुवाई में निर्वाचन आयोग की टीम ने अपने दौरे के पहले दिन की शुरुआत भारत निर्वाचन प्रणाली के विकास पर आधारित प्रदर्शनी की शुरुआत से की। आयोग की टीम ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की।

- **निर्वाचनः बढ़ते कदम' विषय पर आधारित प्रदर्शनी की शुरुआत की**

इससे पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल के साथ आयोग की टीम का एयरपोर्ट पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उप्र., नवदीप रिणवा ने स्वागत किया। उसके बाद भारत निर्वाचन आयोग की टीम एयरपोर्ट से सीधे योजना भवन पहुंची, जहां मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल और आयोग की टीम ने 'निर्वाचनः बढ़ते कदम' विषय पर आधारित प्रदर्शनी देखने के साथ शुरुआत की। इस प्रदर्शनी में समय के साथ भारतीय निर्वाचन प्रणाली में हुए विकास को दर्शाया गया है।


प्रदर्शनी का अवलोकन करते नर्वाचन आयोग के अधिकारी। अमृत विचार

### पहले चुनाव से लेकर वीवीपैट अपनाने तक की यात्रा

**लखनऊ।** प्रदर्शनी में 1951 में हुए आजाद भारत के पहले आम चुनाव से लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा 2013 में वीवीपैट अपनाने तक की पूरी यात्रा को प्रदर्शित किया गया है। 489 सीटों पर हुए पहले आम चुनाव में 53 राजनीतिक दलों और 1874 उम्मीदवारों ने प्रतिभाग किया था, इसका भी जिक्र है। 1982 में केरल की फरूर विधानसभा में ईवीएम के उपयोग समेत समय के साथ निर्वाचन व्यवस्था में जोड़ी गई नई व्यवस्थाओं जैसे नोटा का प्रावधान, रंगीन पीवीसी इपिक, मतदान केंद्रों पर बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाएं, प्रदर्शनी की शुरुआत करने के बाद भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राज्य पुलिस नोडल अधिकारी प्रशांत कुमार एवं सीएपीएफ नोडल अधिकारी आदि ने समीक्षा की।

### भारत निर्वाचन आयोग की टीम में ये रहे शामिल

प्रदेश में आए भारत निर्वाचन आयोग की टीम में मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्त के साथ वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा, वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त नितेश व्यास, उप चुनाव आयुक्त अजय भादू, उप चुनाव आयुक्त हिृदेश कुमार, उप चुनाव आयुक्त आरके गुप्ता, उप चुनाव आयुक्त एमके साहू, महानिदेशक बी० नारायणन, निदेशक दीपाली मासिरकर, निदेशक शुभ्रा सक्सेना, सचिव पवन दीवान और संयुक्त निदेशक अनुज चांडक मौजूद रहे।

### इन दलों से टीम ने की चर्चा

आयोग की टीम ने राष्ट्रीय एवं राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों में आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, इंडियन नेशनल कांग्रेस, अपना दल (सोनेलाल) और समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधियों से वार्ता की।

# मंदिर निर्माण के लिए कंपनी उतारेगी वर्करों की फौज

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अब राम मंदिर के शिखर, परकोटे में मंदिर व परिसर में सप्त ऋषियों के मंदिरों के निर्माण कार्य को दिसंबर 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए कार्यदायी संस्था एलएंडटी ने वर्करों की फौज उतारने जा रही है। इसमें राजस्थान, गुजरात, बिजार व उत्तर प्रदेश के कई जनपदों के पांच हजार से अधिक वर्कर शामिल होंगे।

प्राण-प्रतिष्ठा के बाद मंदिर शेष बचे निर्माण कार्यों को पूरा करने का काम शुरू कर दिया गया है। परकोटे में भी छह देवी-देवताओं के मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा परिसर में अब महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य के साथ निषाद राज, अहिल्या का का भी मंदिर बनाने का काम शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए पांच हजार वर्करों और

- **दिसंबर 2024 तक मंदिर निर्माण पूरा करने का लक्ष्य**

सैकड़ो इंजीनियरों को अलग-अलग जिम्मेदारी होगी।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि बीते दिनों हुए मंदिर निर्माण समिति की बैठक में राम जन्मभूमि परिसर में निर्माण कार्य को पूरा करने का निर्णय लिया गया है। दिसंबर 2024 तक सभी कार्य को पूरा करने के लिए एक योजना निर्माण संस्था एलएंडटी के द्वारा तैयार किया गया है। जिसके तहत बड़ी संख्या में वर्करों को उतार कर उसे पूरा करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसके लिए लगभग 1500 वर्कर मंदिर निर्माण के कार्य में लगे हुए हैं। इसके अलावा राम जन्मभूमि परिसर में प्रारंभ होने वाली अन्य निर्माण कार्य की प्रक्रिया को भी शुरू कर दिया गया है।

# समीक्षा अधिकारी पर हमला, बच्चे को पीटा

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के समीक्षा अधिकारी शेखर सिंह समेत पूरे कुनबे को पीटने का मामला गुरुवार को संज्ञान में आया है। बताया जा रहा है कि इस विवाद का कारण पार्किंग है। मामले में समीक्षा अधिकारी ने धूमनगंज थाने में पांच नामजद व अन्य अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार, धूमनगंज के चौफटका, अंबेडकर नगर बिहार कॉलोनी में रहने वाले शेखर सिंह समीक्षा अधिकारी है। उन्होंने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया है कि बुधवार रात करीब 11:00 बजे अपार्टमेंट के रहने वाले केके पांडे सहित तीन अन्य लोग लोहे की राड, लाठी लेकर उनके घर में घुस गये और उन पर जानलेवा हमला कर दिया। शेखर सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी और 5 साल के बेटे को भी पीटा गया है। इंस्पेक्टर धूमनगंज का कहना है कि अपार्टमेंट के रहने वालों के बीच पार्किंग को लेकर विवाद हुआ है। जिसमे समीक्षा अधिकारी से मारपीट की गई है।

# पतंग का लालच देकर बच्चे को किया अगवा, गिरफ्तार

**प्रयागराज, नैनी :** नैनी क्षेत्र में बुधवार की सुबह घ्रर के सामने खेल रहा एक छह वर्ष का बालक गायब हो गया। इसके बाद घरवाले परेशान हो गये। घर के बाहर काफी खोजबीन की गई लेकिन बालक नहीं मिला। परिजनों ने नैनी पुलिस से बुधवार को शिकायत की थी। नैनी पुलिस और एसओजी टीम ने बच्चे की तलाश शुरू की। बच्चे का सुराग करछना के भीरपुर अंतर्गत नीबी गांव में मिला। टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी को गिरफ्तार किया। बताया कि बच्चे को पंतक का लालच देकर आरोपी ले गया था। उसके साथ आप्राकृतिक दुष्कर्म की कोशिश की। बाद में कुएं में फेक दिया।

# मृत वैवाहिक संबंध को जारी रखना मानसिक क्रूरता

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विवाह विच्छेद के मामले से जुड़ी एक अपील को स्वीकार करते हुए कहा कि जब विवाह पूरी तरह से अव्यावहारिक और भावनात्मक रूप से मृत हो गया हो तो ऐसे रिश्ते को जारी रखना निश्चित रूप से पीड़ित पर मानसिक क्रूरता मानी जाएगी। भले ही विपक्षी ऐसे भावनात्मक रूप से मृत रिश्ते को जारी रखने पर जोर दे रहा हो। विवाह विच्छेद का कारण शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता, जाति बंधनों का टूटना, आधुनिकीकरण, पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव है। व्यक्तिवादी दृष्टिकोण के कारण भावनात्मक समर्थन की आवश्यकता नहीं हो रही है। प्रेम विवाह हो या अरेंज मैरिज, दोनों पक्षों में अलग रहने की भावना वैवाहिक विवाद का कारण बनती है। जिन मामलों में विवाह केवल नाम मात्र का है, वहां इसे जारी रखने का कोई लाभ नहीं है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि ऐसे अव्यावहारिक वैवाहिक संबंधों को जारी रखना पक्षकारों पर विशेषकर याची पर मानसिक क्रूरता के अलावा कुछ नहीं है। अतः कोर्ट विवाह विच्छेद के मामलों में विपक्षी द्वारा समझौते की कवायद करने के बावजूद अपूरणीय विवाह के साक्ष्य मिलने के बाद याची को तलाक देने के लिए बाध्य हो जाती है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने कर्नल मनोज कुमार गुप्ता की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया।

# चालक को पीटकर ई-रिक्शा लूट ले गए

**बांदा :** गिरवां थाना क्षेत्र के बड़ोखर बुजुर्ग गांव निवासी शरीफ (28) पुत्र रज्जन ई-रिक्शा चलाता है। बुधवार की रात दो लोग ई-रिक्शा में सवार हुए और बबेरू बाईपास ले गए। एक युवक वहां पहले से ही बाइक लिए खड़ा हुआ था। तीनों लोगों ने साफी से हाथ-पैर बांध दिए और जमकर पिटाई की। उसकी जेब में पड़ी नकदी लूट ली। शरीफ को सड़क किनारे अचेत अवस्था फेंककर वह लोग उसका ई-रिक्शा लेकर फरार हो गए। होश आने पर वहां से गुजर रहे राहगीरों को पुकारा। राहगीरों ने उसे वहां से उठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया। सूचना पाकर परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए। इसके पहले कहला गांव निवासी रामसेवक पुत्र बड़कूराम को त्रिवेणी चौराहा के पास बंधक बना मारपीट की थी।

# हम सबको रामलला दर्शन के लिए रोका गया

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** यह बहुत दुखद है कि हमारे दल के नेता की ओर से हम सभी को रामलला के दर्शन के लिए रोका गया था। लेकिन आज परिवार के साथ रामलला का दर्शन-पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया। मन को असीम शांति की अनुभूति हो रही है। मैंने हमेशा उनका विरोध किया है, जिन्होंने प्रभु राम के बारे में, सनातन के बारे में अनर्गल विलाप किया है। यह देश राम का है, यहां के कण-कण में श्रीराम विराजमान हैं। यह बातें रायबरेली के ऊंचाहार से सपा विधायक मनोज पांडेय ने कहीं। वे गुरुवार को यहां परिवार के साथ रामलला का दर्शन-पूजन करने पहुंचे थे। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के फैसले पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बैठक में मुख्य सचेतक के रूप


रामलला का दर्शन-पूजन कर वापस लौटते सपा विधायक मनोज पांडेय। अमृत विचार

- **ऊंचाहार से सपा से बागी विधायक ने परिवार के साथ किया दर्शन-पूजन अखिलेश को भी घेरा**

में मैंने यह मांग की थी कि सभी विधायकों को दर्शन कराया जाए लेकिन अफसोस है कि हम सबको रामलला के दर्शन के लिए रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि रामलला का दर्शन-पूजन कर अपने क्षेत्र की जनता के लिए खुशहाली की कामना की है। रामलला के दर्शन-पूजन करने परिवार के साथ यहां पहुंचे सपा विधायक मनोज पांडेय ने पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की। राज्यसभा चुनाव में सपा से बागी हुए मनोज पांडेय ने पार्टी के सचेतक दल से इस्तीफा दे दिया है। अब उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलें तेज हैं।

### लोहिया ने की थी रामायण मेले की शुरुआत

रामनगरी पहुंचे बागी विधायक मनोज पांडेय ने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया को कैसे भूल सकते है, जिन्होंने अयोध्या में रामायण मेले की शुरूआत की थी। जिसका सर्मथन स्व. मुलायम सिंह यादव ने भी किया था। सरकार में रहते हुए उन्होंने रामायण मेल के लिए बजट दिया था लेकिन मुझे बहुत दुख है कि हमे ऐसा भी दिन देखने को मिला जब हमें प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए रोका गया।

# आरक्षण से संबंधित याचिकाएं हुई खारिज

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 69000 सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में ईडब्ल्यूएस आरक्षण के मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि अधिनियम का किसी भी कार्यालय ज्ञापन की तुलना में हमेशा अधिक कानूनी मूल्य होता है। अधिनियम के लागू होने के बाद ही संबंधित कार्यालय ज्ञापन को मान्यता प्राप्त हो पाती है। मालूम हो कि वर्तमान मामले में याचियों ने सामान्य श्रेणी के अंतर्गत सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा- 2019 में भाग लिया था और उसका परिणाम मई 2020 में जारी हुआ। याचियों का तर्क है कि उन्होंने सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र 10% आरक्षण के लिए दिखाया था। याचियों के अधिवक्ता ने कोर्ट को यह बताया कि राज्य सरकार 10% ईडब्ल्यूएस आरक्षण प्रदान करने के लिए बाध्य है, क्योंकि उक्त परीक्षा 103वें संवैधानिक संशोधन के अधिसूचित होने के साथ-साथ फरवरी 2019 के कार्यालय ज्ञापन के बाद आयोजित की गई थी। इस पर कोर्ट ने कहा कि सहायक शिक्षकों के पदों पर भर्ती अधिनियम लागू होने से पहले शुरू की गई थी, इसलिए प्रदेश सरकार उक्त भर्ती प्रक्रिया में कानूनी रूप से आरक्षण प्रदान करने के लिए बाध्य नहीं है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की पीठ ने शिवम पांडेय और 11 अन्य सहित सैकड़ों याचिकाओं को खारिज करते हुए पारित किया। अंत में कोर्ट ने कहा कि कार्यालय ज्ञापन में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि आरक्षण की व्यवस्था राज्य सेवाओं की भर्ती के लिए फरवरी 2019 के बाद जारी अधिसूचना पर लागू होगी। हालांकि उस समय कोई अधिनियम लागू नहीं हुआ था। बाद में वर्ष 2020 के यूपी अधिनियम संख्या 10 के अधिनियमन के माध्यम से उपरोक्त कार्यालय ज्ञापन को मान्यता प्राप्त हुई।

# विश्व में महक रही है भारतीय संस्कृति की खुशबू : राज्यपाल

प्रतापगढ़, संवाददाता

**अमृत विचार :** संडवा चंद्रिका के तेजगढ़ में भाजपा महिला मोर्चा काशी प्रांत की कोषाध्यक्ष प्रतिभा सिंह के संयोजन में अवसान माता पूजन छठा महोत्सव आयोजित किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने सपत्नी पूजन कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भारत के मिट्टी और यहां के संस्कृति की खुशबू पूरे विश्व में महक रही है। राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। विश्व में ज्ञान की देवी के रूप में मां सरस्वती, राक्षसों के नरसंहार में माता दुर्गा ने तलवार उठाया व सुख समृद्धि के लिए घर-घर माता लक्ष्मी की पूजा होती है। आज चारों ओर महिलाओं का सम्मान हो रहा है। जब भी देश को आवश्कता पड़ी है, महिलाओं ने डट कर राष्ट्र की एकता व अखंडता की रक्षा की है। प्रधानमंत्री मोदी ने नारी


अवसान माता पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ करते सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य।

सशक्तीकरण नारी वंदन योजना लाकर महिलाओं को सम्मान दिया है। उन्होंने नारा दिया है कि बेटी बचाओ बेटी पढाओ, जहां नारियों की पूजा होती है वहां देव निवास करते हैं।

जहां देव निवास करते हैं वह राष्ट्र मजबूत होता है। रामायण व महाभारत काल में भी नारियों की पूजा होती थी। नारी समाज व राष्ट्र को एक सूत्र में बांधती है। विशिष्ट अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य ने कहा कि आज महिलाएं सभी क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। सांसद संगमलाल गुप्ता ने कहा कि महिला सम्मान से राष्ट्र मजबूत होगा। सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि महिलाओं का देश को प्रगति के रास्ते पर ले जाने में महत्वपूर्ण योगदान है। भाजपा के पूर्व जिला प्रभारी नागेंद्र रघुवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने भी सम्बोधित किया।

# पूर्व सांसद जयाप्रदा की दो याचिकाएं हुईं खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फिल्म अभिनेत्री एवं पूर्व सपा सांसद जयप्रदा की दो अलग-अलग मामलों में जारी गैर जमानती वारंट के खिलाफ दाखिल याचिकाओं को वापस लिए जाने के आधार पर खारिज कर दिया। मंगलवार को न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई सुनवाई के दौरान जयप्रदा के अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि वह कुछ नए तथ्यों और दस्तावेजों के साथ नई अर्जी दाखिल करना चाहते हैं। रामपुर की जिला अदालत से दो मामलों में जारी गैर जमानती वारंट के खिलाफ दाखिल याचिकाओं को इसी आधार पर वापस लिए जाने की प्रार्थना की गई। मौजूदा दोनों मुकदमे वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान रामपुर में आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े हुए हैं। रामपुर की जिला अदालत से समन जारी होने के बावजूद जयाप्रदा कोर्ट में उपस्थित नहीं हुईं। कई बार समन जारी होने के बाद भी अभिनेत्री की गैर मौजूदगी से कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी कर दिया था।

# श्री कृष्ण जन्मभूमि मामले की अगली सुनवाई 13 को

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में दाखिल याचिकाओं पर गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान मुख्य रूप से मुस्लिम पक्ष ने अपने तर्क दिए। मुस्लिम पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता तसनीम अहमदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बहस की। मुस्लिम पक्ष की ओर से हिंदू पक्ष द्वारा दाखिल याचिकाओं को पोषणीय न बताते हुए तर्क दिए गए। इसके साथ ही एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष गोयल को पदमुक्त (डिस्चार्ज) करने के लिए सीपीसी की धारा 151 के तहत एक आवेदन दाखिल किया गया, जिसका हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कड़ा विरोध करते हुए कहा कि वह इस आवेदन के खिलाफ आपत्तियां दाखिल करेंगे। इसके अलावा वर्ष 1968 में हुए समझौते को लेकर भी मुस्लिम



पक्ष ने तर्क दिए। मालूम हो कि उक्त समझौते में केशव देव कटरा की 13.7 एकड़ भूमि शाही ईदगाह मस्जिद को दी गई है। मामले की अगली सुनवाई आगामी 13 मार्च को दोपहर 2 बजे से सुनिश्चित की गई है। मुस्लिम पक्ष की बहस पूरी होने के बाद हिंदू पक्ष को अपने तर्क प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। मुस्लिम पक्ष की ओर से सीपीसी के आदेश 7 नियम 11 के तहत हिंदू पक्ष की अर्जियों की पोषणीयता को चुनौती दी गई है। उपरोक्त मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ के समक्ष हो रही है। अर्जी की पोषणीयता तय होने के बाद विवादित परिसर का अमीन सर्वे कराए जाने की मांग को लेकर दाखिल अर्जी पर सुनवाई होगी।

**विकास की राह** पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित हो रही राम की पैड़ी और घाट

# सरयू में बनेगा प्रदेश का दूसरा फ्लोटिंग रेस्टोरेंट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राममंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद राम की पैड़ी और सरयू के घाटों को पर्यटकों के अनुकूल बनाने की कवायद तेज हो गई है। राम की पैड़ी पर दर्शक दीर्घा और सरयू के घाट पर पैवेलियन के निर्माण की योजना के बाद अब सरयू नदी में प्रदेश का दूसरे फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई है। गत वर्ष प्रयागराज में यमुना नदी पर प्रदेश के पहले फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का निर्माण कराया गया था। इस पारदर्शी फ्लोटिंग रेस्टोरेंट पर मनोहारी प्रकृतिक छटा के बीच लोगों को जन्मदिन, प्री वेडिंग शूट, संगोष्ठी-सेमिनार और योग सत्र


प्रस्तावित फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का प्रतीकात्मक चित्र। अमृत विचार

के आयोजन की सुविधा हासिल होगी। इसके लिए पर्यटन विभाग की ओर से ढाई करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगें। योजना को धरातल पर उतारने के लिए पर्यटन विकास निगम लिमिटेड की ओर से प्रक्रिया शुरू की गई है।

पर्यटन विकास निगम लिमिटेड की ओर से जल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरयू नदी में प्रदेश के दूसरे फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की योजना बनाई है। योजना के तहत रेस्टोरेंट

- **होगी वाटर स्पोर्ट की व्यवस्था प्राकृतिक छटा के बीच मना सकेंगे जन्मदिन और पार्टी**

के निर्माण पर दो करोड़ 24 लाख रुपये और जल क्रीड़ा उपकरणों की स्थापना पर 32 लाख 30 हजार रुपये के खर्च का अनुमान किया गया है और इसके लिए निगम की ओर से निविदा जारी की गई है। विभाग की योजना इसको मानसून ऋतु के तीन माह को छोड़कर बाकी नौ माह संचालित करने की है। इस फ्लोटिंग रेस्टोरेंट पर 275 वाट के दो सोलर पैनल सिस्टम लगाए जाएंगे और आपात स्थिति में विद्युत आपूर्ति के लिए 30 कि.वा. के जेनरेटर सेट की स्थापना की जाएगी। पर्यटन विभाग के उपनिदेशक राजेंद्र यादव का कहना है कि सरयू में तैरते रेस्टोरेंट और जल क्रीड़ा की योजना मुख्यालय की है और इसका निर्माण व विकास पर्यटन निगम की ओर से कराया जा रहा है।

### वातानुकूलित होगा रेस्टोरेंट लगेंगी बहुरंगी एलईडी लाइट

सरयू नदी में प्रस्तावित तैरता रेस्टोरेंट डबल लेयर का होगा और इसका आकार 22 मी. गुणे आठ मी. होगा, जिसमें 12 मी. गुणे छह मी. में प्री फैब स्ट्रक्चर का पूर्णतया वातानुकूलित रेस्टोरेंट तथा नौ मी. गुणे 3 मी. का वॉकिंग एरिया होगा। वातानुकूलन के लिए 2 टन क्षमता का 4 स्प्लिट एसी लगेगा। पानी में रेस्टोरेंट की स्थिरता के लिए 20 फ्लोट मॉड्यूल लगाया जाएगा। 10 मिमी मोटी पारदर्शी शीशे की दीवारें, 3 गुणे 6.75 फुट के घूमने वाले शीशे के दरवाजे, 14 गेज 50 मिमी मोटाई की टैब पफ पैनल शीट व यूपीवीसी पैनल का ढलान युक्त छत होगी।

# परीक्षा में ब्लूटूथ से नकल करने वाला गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** सिपाही भर्ती परीक्षा में ब्लूटूथ डिवाईस का प्रयोग कराकर नकल कराने के वांछित अभियुक्त को एसटीएफ ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। वांछित अभियुक्त कपिल तोमर के खिलाफ गाजियाबाद में मुकदमा दर्ज था। इस मामले में चार अभियुक्त पहले ही पकड़े जा चुके है।

एसटीएफ के मुताबिक उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा में धांधली व फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह के सम्बन्ध में सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। इसी क्रम में मुखबिर से कपिल तोमर के लोनी क्षेत्र (गाजियाबाद) में मौजूद होने की सूचना पर दबोचा लिया गया है। पूछताछ में कपिल तोमर ने बताया कि उसके रिश्तेदारी का लड़का प्रदीप निवासी चंदोडी थाना बुढाना मुजफ्फरगगर से घनिष्ठता थी। प्रदीप पूर्व से ही प्रतियोगी परीक्षाओं में सॉल्वर बैठाकर एवं पेपर लीक कराकर धांधली करने का काम करता था। 2022 में रेलवे की ग्रुप डी की परीक्षा में धांधली करते हुए पकड़ा गया था और जेल गया था। जेल से बाहर आने पर इसकी मुलाकात मिन्टू उर्फ प्रवीन बालियान निवासी ग्राम फुटबा थाना शाहपुर मुजफ्फरनगर से हुई थी, जो प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली का काम करता था। कपिल ने यह भी बताया कि उसने 18 फरवरी को होने वाली द्वितीय पाली का पेपर सहयोगी गुरुवचन निवासी ग्राम बेहडा मुजफ्फरनगर को भेजा था।

# वातानुकूलित बसों में मिलने वाली 10 प्रतिशत छूट 31 तक

**लखनऊ।** प्रदेश में वातानुकूलित बसों में सफर करने के दौरान किराए में मिलने वाली छूट खत्म नहीं होगी।

परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह द्वारा सर्दी के दिनों में वातानुकूलित बसों में 10 प्रतिशत कम किराया देकर यात्रा करने की सुविधा उपलब्ध मुहैया कराई थी, जिसे बढ़ाकर अब 31 मार्च तक कर दिया गया है।

परिवहन मंत्री ने गुरुवार को बताया कि वातानुकूलित 3×2 बसों का किराया अब 1.47 प्रति किमी प्रति सीट होगा। वातानुकूलित 2×2 बसों का किराया 1.74 रूपया, वातानुकूलित शयनयान बसों का किराया 2.33 रूपये एवं वोल्वो (हाई एण्ड) का किराया 2.58 रुपये प्रति किमी प्रति सीट होगा।

## एक नजर

### प्रदेश में लोकसभा प्रत्याशी उतारेगी एआईएमआईएम

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव में ओसुविददीन औवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) भी मैदान में होगी। औवैसी ने इंडिया गठबंधन पर सौतेले व्यवहार का आरोप लगाते हुए प्रदेश की सात सीटों पर प्रत्याशी उतारने का एलान किया है। आजमगढ़, समेत बदांयू, संभल, मुरादाबाद, अमरोहा, मेरठ सीटों पर प्रत्याशी उतारने की घोषणा की है।

### माध्यमिक शिक्षा की मजबूती को 25 करोड़ रुपये

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री रविवार को गोरखपुर में माध्यमिक शिक्षा की मजबूती के लिए करीब 25 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उपहार देंगे। वह 26 माध्यमिक विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों और 141 माध्यमिक विद्यालयों में प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास करेंगे।

# मांगा था वीआरएस, मिल गई नई तैनाती

## प्रशासनिक पदों से हटाए गए डॉक्टरों को बनाया गया वरिष्ठ परामर्शदाता

पदमाकर पाण्डेय, लखनऊ



▶▶ 62 वर्ष की आयु पूरी कर चुके 31 डॉक्टरों की दो सूचियां की गईं जारी

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में प्रशासनिक पदों पर तैनात 62 साल उम्र पूरी कर चुके कुछ डॉक्टरों ने स्वैच्छिक सेवानिवृति (वीआरएस) मांगी थी। सरकार ने उनके प्रार्थनापत्र अस्वीकार कर नई जगह तैनात कर दिया। गुरुवार को दो सूचियां जारी कर 31 ऐसे डॉक्टरों की दूर दराज के जिलों में भेजा गया। कई को उनसे जूनियर डॉक्टरों के अधीन तैनाती दी गई है।

कई माह से प्रशासनिक पदों से सेवा मुक्त हुए ग्रेड चार के चिकित्सकों को बतौर वरिष्ठ परामर्शदाता नई तैनाती दी गई है। इनमें से कई अक्टूबर, कुछ नवम्बर, दिसम्बर व जनवरी में 62 साल के हुये हैं। इनमें ज्यादातर डॉक्टरों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्त के साथ तुरंत सेवाएं देने के दिशा निर्देश मांगे थे। स्वास्थ्य महानिदेशालय से कोई निर्देश जारी न होने से ढ़ाई दर्जन से ज्यादा डॉक्टर संबंधित कार्यालयों के चक्कर लगाते रहे। समायोजित सूची में शामिल ज्यादातर चिकित्सकों ने सूची पर असंतोष व्यक्त किया है।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर का कहना है डॉक्टरों की मांग के मुताबिक शासन ने जिलों में तैनाती दी है।

### सेवानिवृत्त हुए पांच अधिकारी

स्वास्थ्य विभाग में 62 साल की आयु पूरी करने वाले ग्रेड पांच व छह के पांच अधिकारी गुरुवार को सेवानिवृत्त हुए हैं। इनमें ग्रेड छह के बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ.अविनाश कुमार सिंह, मेरठ की डॉ.ईश्वर देवी बत्रा व अपर निदेशक डॉ.अर्चना त्यागी, लखनऊ में अपर निदेशक डॉ.संघमित्रा और प्रयागराज में प्रशिक्षण केन्द्र के प्रधानाचार्य डॉ.अशोक कुमार मिश्रा शामिल हैं।

### नोशनल पदोन्नति मिलनी चाहिये

अधिवर्षता आयु 62 से 65 साल किये जाने के जारी निर्देश में ग्रेड पांच व ऊपर के ग्रेड के चिकित्सकों को अनिवार्य सेवा निवृत्ति दी गई है। साथ ही ग्रेड चार के डॉक्टरों को प्रशासनिक पद से मुक्त रखते हुए चिकित्सकीय सेवाओं में रखने के निर्देश हैं। चिकित्सकों का कहना है कि अगर सरकारी सेवा लगातार जारी है तो 62 साल के बाद की सेवा के दौरान नियमानुसार डीपीसी या नोशनल पदोन्नति मिलती चाहिये, ताकि ग्रेड पांच में पहुंचने पर चिकित्सक रिटायर हो सकें।

# शादी शून्य घोषित हो जाने के बाद भी दाखिल कर सकते हैं परिवाद

लखनऊ, विधि संवाददाता

▶▶ हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने महत्वपूर्ण निर्णय किया पारित

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुए कहा है कि शादी के शून्य घोषित हो जाने के बावजूद पत्नी घरेलू हिंसा का मुकदमा दाखिल कर सकती है। न्यायालय ने कहा कि भले ही सक्षम न्यायालय द्वारा शादी को समाप्त किया जा चुका हो, इसका घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा 12 के तहत दाखिल परिवाद पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

यह निर्णय न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने पति की ओर से दाखिल याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है। प्रतापगढ़ के इस मामले में याची पति का कहना था कि उसकी और शिकायतकर्ता पत्नी की शादी को 26 मार्च 2021 को सक्षम न्यायालय द्वारा डिक्री पारित करते हुए शून्य घोषित किया जा चुका है। कहा गया कि उक्त पति-पत्नी के सपिण्ड होने के कारण उनका विवाह हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 5(वी) के तहत प्रतिबंधित था तथा पत्नी बायपोलर डिसॉर्डर से पीड़ित थी, इस तथ्य को छिपा कर उसने शादी की थी।

दलील दी गई कि परिवार न्यायालय द्वारा उनकी शादी शून्य घोषित हो चुकी है लिहाजा घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत पति के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

न्यायालय ने अपने निर्णय में इस दलील को खारिज करते हुए कहा कि अलग होने से पूर्व याची व विपक्षी पति-पत्नी की तरह ही रह रहे थे तथा एक घरेलू नातेदारी में थे, शादी के शून्य घोषित होने तक दोनों एक-दूसरे से शादी के रिश्ते में बंधे थे।न्यायालय ने और स्पष्ट करते हुए कहा कि यहां तक कि शादी के शून्य घोषित होने से पूर्व वे वैवाहिक रिश्ते में ही रहे, लिहाजा पत्नी घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत पीड़िता मानी जाएगी तथा उसे धारा 12 के तहत परिवाद दाखिल करने का पूर्ण अधिकार है।

# उप्र में रीयल एस्टेट सेक्टर के तहत हो रहा 50 हजार करोड़ का निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

▶▶ बड़े स्तर पर राज्य में युवाओं को मिलेंगी नौकरियां

**अमृत विचारः** हाल ही में संपन्न ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के माध्यम से रीयल एस्टेट सेक्टर में देश और दुनिया के कई बड़े निवेशकों ने अपनी योजनाओं को जमीन पर उतारने की शुरुआत कर दी है। इस सेक्टर में 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स की शुरुआत हो चुकी है।

इन प्रोजेक्ट्स के जरिए उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में युवाओं को बड़े पैमाने पर सेवायोजन का लाभ मिलेगा। सर्वाधिक 14 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर तो अकेले रीयल एस्टेट कंपनी एम3एम ही अपने प्रोजेक्ट के जरिए देने जा रही है। एम3एम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने पश्चिमांचल (गौतम बुद्ध नगर) में रेजिडेंशियल, कॉमर्शियल, ऑफिशियल, रिटेल और सर्विस अपार्टमेंट विकसित करने के लिए 7500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इस निवेश का उद्देश्य गौतमबुद्धनगर में रीयल एस्टेट सेक्टर को और अधिक बढ़ावा देना है, बल्कि वृहद पैमाने पर रोजगार सृजित करना भी है। माना जा रहा है कि इस निवेश के माध्यम से 14,000 से अधिक नौकरियां सृजित होंगी जो यूपी को रोजगार के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा।

इसके अलावा, अभिनंदन लोढ़ा हाउस ने मध्यांचल (अयोध्या) में 3000 करोड़ रुपए के एक लग्जरी रेजिडेंशियल और कॉमर्शियल रियल एस्टेट प्रोजेक्ट की शुरुआत की है, जिसमें 100 से अधिक नौकरियों के अवसरों का वादा किया गया है।

### धान खरीद बंद, 53.67 लाख एमटी हुई खरीद

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में गुरुवार को खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 की धान खरीद बंद हो गई। 70 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 5207 केंद्रों पर 7,99,944 किसानों से महज 53,67,516 मीट्रिक टन (76.68 प्रतिशत) धान खरीदा जा सका। जालौन, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बागपत, हापुड़ में खरीद शून्य रही। पश्चिम के मंडल आगरा, अलीगढ़, झांसी, मेरठ का खरीद फीसद बेहद कम रहा। वजह नवंबर से फरवरी तक खुले केंद्रों पर बढ़ा बाजार भाव हावी रहा। किसानों ने समर्थन मूल्य से अधिक दाम मिलने पर बाजारों में धान बेचा। इस वजह से केंद्रों पर आवक कम हुई। नमी व मानकों का पेंच तो ढुलाई-छनाई के केंद्रों पर खुद दाम चुकाना भी कम खरीद की वजह रही। उठान की नई प्रकिया से भी खरीद प्रभावित हुई। केंद्रों से नियमित धान का उठान न होने के कारण नई खरीद के लिए जगह नहीं रही। इस वजह से तमाम किसान धान नहीं बेच पाए। जबकि पिछले वर्ष 70 लाख मीट्रिक टन में 65 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया था। लखनऊ समेत कई जिलों ने 100 प्रतिशत से अधिक खरीद की थी। हालांकि गुरुवार शाम तक खरीद की तिथि बढ़ाने के निर्देश नहीं आए।

# तहसील स्तर पर फायर स्टेशन वाला पहला राज्य होगा उप्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ मुख्यमंत्री ने 35 अग्निशमन वाहनों का फ्लैग ऑफ भी किया

▶▶ विभाग की ओर से लगाई गयी प्रदर्शनी का किया अवलोकन



कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास के बाहर आयोजित अग्नि सुरक्षा कवच के सुदृढ़ीकरण हेतु आयोजित कार्यक्रम में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यमंत्री योगी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, साथ में अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संकट के समय अग्निशमन सेवाओं की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रदेश सरकार ने अग्निशमन से जुड़े कानूनों के व्यापक रिफॉर्म तथा इन सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए समयबद्ध तरीके से कार्य किया है।

उन्होंने कहा 1944 से 2017 के बीच 73 वर्षों में केवल 288 फायर स्टेशन स्थापित किये गये जबकि पिछले 7 वर्षों में 71 नए फायर स्टेशन स्थापित किए गये। आज प्रदेश, तहसील स्तर पर एक-एक फायर स्टेशन स्थापित करने की दिशा में तेजी के साथ अग्रसर हो चुका है।

उन्होंने कहा कि जल्द ही उत्तर प्रदेश पूरे देश में ऐसा राज्य होगा, जहां तहसील स्तर पर फायर स्टेशन होंगे। उन्होंने बताया कि विभाग की सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए अब तक लगभग 1400 करोड़ रुपये दिये हैं।

मुख्यमंत्री गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित अग्निशमन सुरक्षा कवच के सुदृढ़ीकरण के लिए 25 जिलों के 34 अग्निशमन केन्द्रों का वर्चुअल लोकार्पण, 4 नए अग्निशमन केन्द्रों का शिलान्यास तथा 35 अग्निशमन वाहनों के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में बोल रहे। इस दौरान उन्होंने ने विभाग की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और अधिकारियों से अग्निशमन उपकरणों की जानकारी हासिल की।

**लोगों को करें प्रशिक्षित, मदद के लिए करें प्रेरित :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्कूल और कॉलेज में बच्चों के प्रशिक्षण के लिए भी प्रयास करना चाहिए। उनकी काउंसिलिंग को भी कार्यक्रम का हिस्सा बनाना चाहिए, क्योंकि सामान्य दिनों में केवल विभाग के भरोसे ही रहकर नहीं बल्कि घटना घटित होते ही बचाव शुरू हो, यह महत्वपूर्ण है।

इसके प्रति लोगों को पहले से तैयार कर सकें तो घटना के बाद जब तक सहायता पहुंचती है तब तक लोग स्वयं भी अपने स्तर पर बचाव अभियान की शुरुआत कर सकते। कार्यक्रम में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवा अविनाश चंद्र आदि शामिल थे।

### फाइलेरिया उन्मूलन के लिए तीन करोड़ ने खाई दवा

**अमृत विचार :** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए संचालित सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान में बुधवार तक दो करोड़ 95 लाख 76 हजार 242 यानि 83 प्रतिशत लोगों ने दवा का सेवन कर लिया है। कुल तीन करोड़ 55 लाख 69 हजार 434 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य है। अभियान अभी पांच मार्च तक चलेगा। अपर निदेशक डॉ भानु प्रताप सिंह कल्याणी ने गुरुवार को समीक्षा बैठक में बताया कि प्रदेश 51 जिलों में संचालित अभियान में 56 हजार 728 स्वास्थ्यकर्मी, 28 हजार 364 टीमें और सात हजार पर्यवेक्षक लगाए गए हैं। दवा सेवन के हर दिन के आंकड़े ई-कवच पोर्टल पर दर्ज किए जा रहे हैं।

# कल्याण साथी एप करेगा अध्यापकों का मूल्यांकन

राजीव शुक्ला, लखनऊ

▶▶ अभ्युदय योजना से छात्रों को दी जाती है आईएएस और पीसीएस परीक्षा की कोचिंग

▶▶ समाज कल्याण विभाग की योजना का लाभ लेने वाले 19 छात्रों का हुआ था चयन

▶▶ बेहतर शिक्षा मिल सके इसके लिए कल्याण साथी एप से मानीटरिंग की जाएगी

▶▶ अध्यापक कैसी शिक्षा दे रहे हैं और किस समय पर आ रहे हैं हो सकेगी जांच

**अमृत विचार :** कल्याण साथी कमांड सेंटर और कल्याण साथी मोबाइल एप से शिक्षकों का मूल्यांकन किया जाएगा। इस एप से पता चलेगा कि शिक्षक किस समय आ रहे और कक्षा में कितना समय छात्रों को दे रहे हैं। मानकों पर खरे न उतरने वाले शिक्षकों को बाहर कर दिखा जाएगा। अभी एप को तकनीकी रूप से विकसित किया जा रहा है इसलिए योजना को धरातल में उतरने में अभी कुछ समय लगेगा।

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से ग्रामीण क्षेत्र और निर्बल आय वाले परिवारों के मेधावी बच्चों को आईएएस, पीसीएस, इंजीनियरिंग, मेडिकल आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। प्रदेश के 75 जिलों में 27 हजार से अधिक छात्र ऐसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।

| कोर्स | छात्रों की संख्या |
|---|---|
| सिविल सर्विस | 12872 |
| नीट | 6274 |
| जेईई व आईआईटी | 2143 |
| सीडीएस व एनडीए | 1918 |
| बैंकिंग एवं अन्य | 4428 |

"कल्याण साथी मोबाइल एप को अपग्रेड किया जा रहा है। एप को इस तरह विकसित किया जा रहा है जिससे मानीटरिंग की जा सके। साथ ही एप के माध्यम से मातहतों को निर्देश भी जारी किए जा सकेंगे।

-कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण

1944 विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को तैयारी कराने का जिम्मा दिया गया है। इन कोचिंग की तैयारी से 19 छात्रों का चयन हाल ही में यूपीपीसीएस के परीक्षा के जरिये डिप्टी कलेक्टर, डिप्टी एसपी, डिप्टी जेलर, ट्रेजरी आफिसर आदि पदों पर हुआ था।

कल्याण साथी कमांडर सेंटर और कल्याण साथी मोबाइल एप का समाज कल्याण निदेशालय में शुभारंभ किया गया। एप के माध्यम से बायोमैट्रिक उपस्थिति की तैयारी है। इससे पता चलेगा कि कोचिंग में कितने छात्र और शिक्षक पहुंचे। छात्रों को परीक्षाओं के लिए कैसी तैयारी कराई जा रही है। मानकों के अनुरूप तैयारी न कराने वाले शिक्षकों को बाहर किया जाएगा।

## वर्ग पहेली-358

**बाएं से दाएं**

1. 1. व्यभिचारिणी स्त्री 2. बिना विवाह किए रखी हुई स्त्री, रखैल, उपपत्नी।

4. 1. सूत्र 2. नियम, नुस्खा 3. विधि; सिद्धांत 4. किसी काम को करने का तरीका, गुर, तरकीब; जैसे- फ़िल्म हिट करने का फ़ॉरमूला 5. सांकेतिक भाषा में तथ्यों का विवरण 6. औषधि या दवाई के घटक तथा उसे बनाने की विधि 7. मतभेद सुलझाने या समझौता कराने का उपाय।

5. 1. वह कर्मचारी जिसपर किसी कार्य का दारोमदार या पूरा दायित्व हो 2. स्तंभ 3. राज्य का प्रमुख

6. नट, कलाबाज़ी दिखाने वाला व्यक्ति।


**ऊपर से नीचे**

1. धरती पर गिरा हुआ, भूमिसात।

2. 1. नागरमोथा घास की एक जाति 2. एक तृण जिससे चटाई बनाई जाती है 3. गोनरा या गोनी नामक घास।

3. 1. जिसमें ज़ोर या शक्ति हो, ज़ोरवाला, बलशाली 2. तेज़, प्रबल, तीव्र 3. ज़बरदस्त, उत्साहवर्धक 4. आग्रहयुक्त, जैसे- ज़ोरदार अनुशंसा।

5. सामूहिक रूप से नमाज़ अदा करने के लिए मस्जिद से होने वाली पुकार या बुलावा।



### वर्ग पहेली - 357 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 के | | 2 धू |
| | 3 र | | फ़े | | पि |
| | स | | 4 टि | कि | या |
| | धा | | रि | | |
| 5 क | र | छि | या | | 6 दि |
| रे | | | | | खा |
| 7 ल | घु | चे | ता | | ना |

## सुडोकू-75

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 1 | | | | 4 | | 3 |
| | | | 2 | | | 7 | | |
| 5 | 6 | | | 1 | | 9 | | |
| 9 | | 6 | | 3 | | | | 8 |
| | | 4 | | | | 6 | | |
| 1 | | | | 7 | | | | 5 |
| | | 7 | | 4 | | | 2 | |
| | | 2 | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 1 | 3 | 9 | |

### सुडोकू - 74 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 9 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 |
| 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 2 | 3 | 7 | 8 |
| 4 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 5 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 7 | 5 | 9 | 3 | 1 | 6 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 6 |
| 2 | 7 | 8 | 6 | 3 | 5 | 9 | 4 | 1 |
| 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 3 |

# टेक्सटाइल सेक्टर में दुनिया को है भारत का इंतजार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

▶▶ नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित ''भारत टेक्स 2024'' में शामिल हुए योगी

▶▶ भारत टेक्स 2024 में उप्र के 66 एग्जिबिटर्स ने लगाई हैं अपने हुनर की प्रदर्शनियां

**अमृत विचार :** टेक्सटाइल सेक्टर में हमारे हुनर, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी का इंतजार दुनिया का बाजार कर रहा है।

भारत से 17 हजार करोड़ का कार्पेट एक्सपोर्ट होता है, जिसमें से 60 प्रतिशत कार्पेट उप्र. के भदोही, मीरजापुर और वाराणसी से भेजा जाता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित ''भारत टेक्स 2024'' के चौथे दिन मीडिया से बातचीत के दौरान कही। वहीं प्रगति मैदान में योगी आदित्यनाथ को देखते ही लोगों ने भारत माता की जय और जय श्रीराम का नारा लगाकर उनका स्वागत किया।

योगी ने ''भारत टेक्स 2024'' के यूपी पॉवेलियन में आए सभी बायर्स और विजिटर्स का अभिनंदन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतने महत्वपूर्ण इवेंट में यूपी को पार्टनर स्टेट के रूप में भागीदार होने का अवसर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने यहां बताया कि लखनऊ की चिकनकारी, सीतापुर की दरी, बरेली की जरी जरदोजी और भदोही की कालीन को प्रमोट करने के लिए बीते सात साल में काफी कार्य हुआ है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने यहां देश के अलग अलग हिस्सों से आए और उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्पियों एवं कारीगरों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। इस मौके पर एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी पूर्ण रात्रि तक।

**मेष:** आज नए व्यवसाय में आप निवेश कर सकते हैं। धन संबंधित परेशानियां सुलझ सकती हैं। रुके हुए कार्यों को पूरा करने के लिए दिन शानदार है। दूसरों के दबाव में आकर काम न करें। अधिकारी आपके काम की प्रशंसा करेंगे।

**वृष:** आज पारिवारिक जीवन काफी सामान्य रहेगा। अपने विचारों को सदैव सकारात्मक बनाए रखें। शाम के समय परिवार के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से मन हतोत्साहित हो सकता है।

**मिथुन:** आज प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आएंगे। आगामी लक्ष्यों को लेकर थोड़े संशय में आ सकते हैं। संतान को लेकर मन अप्रसन्न हो सकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। शिक्षा में आ रही परेशानियों का निवारण होगा।

**कर्क:** आज जिन लोगों का वजन बढ़ा हुआ है उनको स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। अपने काम में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। ऐश्वर्य के साधनों पर आपका धन खर्च होगा। विवादों को समझदारी पूर्वक सुलझाने में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** आज मनोरंजन में समय बीत सकता है। तकनीकी संबंधी परेशानियों का निवारण होगा। उत्साह और प्रसन्नता के समाचार प्राप्त होंगे। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी। परिवार के हित को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं।

**कन्या:** आज जॉब में आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा। पूर्व में लिए गए निर्णयों के कारण हानि हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी पहचान अच्छी बनेगी। मन की चंचलता दूर होगी। आय में अचानक कमी आ सकती है। पार्टनर के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**तुला:** आज आपका मन शांत रहेगा। धन संबंधित समस्या सुलझ सकती है। कीमती वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आय के नए साधनों में वृद्धि होगी। भाग्य आपका भरपूर साथ देगा। अचानक आए खर्चों में कमी आएगी।

**वृश्चिक:** आज मानसिक रूप से अशांत महसूस करेंगे। दूसरों से अपनी तुलना न करें। इससे आपमें हीन-भावना घर कर सकती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। दौड़-धूप के कारण आपको समस्या होगी। शरीर में दर्द की शिकायत हो सकती है।


**धनु:** आज जॉब में काम का दबाव बढ़ने के बावजूद उसे अच्छी संभाल लेंगे। शेयर मार्केट के माध्यम से आपको धन लाभ हो सकता है। विपरीत लिंग के जातकों के प्रति आकर्षित रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है।

**मकर:** आज गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। अटके हुए काम तेजी से पूरे होंगे। इससे आपका मनोबल बढ़ेगा। घर की महिलाओं की सेहत का ध्यान रखें। आप सभी कार्य संभल कर करेंगे। व्यापार में सहकर्मियों पर विश्वास करें।

**कुंभ:** आज बेवजह की चर्चाओं और विवादों से दूर रहें। बुद्धि व विवेक से काम करने से आपको लाभ होगा। मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे। सामाजिक क्रियाकलापों में आपकी गतिविधियां बढ़ेंगी। आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं।

**मीन:** आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। सेहत थोड़ी कमजोर रहेगी। यात्रा के दौरान आपको परेशानी होने की आशंका है। विवाहेतर संबंधों को लेकर थोड़े असहज हो सकते हैं। टालमटोल की प्रवृत्ति के कारण काम बिगड़ सकते हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 12.48 तक तत्पश्चात विशाखा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
घर में राम गली में श्याम — सुबह : 10.56
सत्य — शाम : 06.31

**Sony Max**
एबीसीडी 2 — सुबह : 10.44
ता रा रम पम — रात : 07.02

**Sony Pix**
एक्वामैन — सुबह : 09.08
एज ऑफ टूमारो — रात : 08.50

**Zee Cinema**
कुछ लव जैसा — सुबह : 10.30
जवान — शाम : 04.30

**Colors Cineplex**
बेमिसाल — दोपहर : 12.33
रंगून — रात : 09.28

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-04.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू नजर चेक करवाने गया। डॉक्टर ने एक नोट देकर पूछा- ये कितने का नोट है।
सोनू ने कहा- बाहर धूप में देखकर आता हूं।
बाहर निकला तो नोट 2000 का था।
बस फिर क्या डॉक्टर आज तक सोनू को ढूंढ रहा है।

चिंटू- तुम्हारी बेटी की सगाई को पूरे दो साल हो गए हैं, विवाह में इतनी देरी क्यों?
पिंटू- दरअसल लड़का एक वकील है, जैसे ही विवाह की तारीख पास आती है, वह कोई न कोई बहाना करके तारीख आगे बढ़ा देता है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 875 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5200-5400 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4200-4300 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14500-14700 |
| अरहरस्पेशल1 | 12000-12000 |
| चनादाल | 7050-7150 |
| मटरदाल | 4950-5000 |
| मसूरमलका | 6875-6925 |
| मसूरदाल | 6975-7025 |
| उड़ददाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900-4950 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# देश में 3 सेमीकंडक्टर संयंत्र होंगे स्थापित

## मंजूरी के बाद दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा-1.26 लाख करोड़ रुपये का होगा निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी



सरकार ने बृहस्पतिवार को 1.26 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ गुजरात और असम में तीन सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। इनमें टाटा समूह और जापान की रेनेसस इलेक्ट्रॉनिक्स की परियोजनाएं शामिल हैं। चिप की जरूरत को पूरा करने के लिए भारत की आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए यह कदम महत्वपूर्ण है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल के प्रस्तावों को मंजूरी देने के बाद दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रक्षा, ऑटोमोबाइल और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों के लिए चिप बनाने वाली इन इकाइयों का निर्माण कार्य अगले 100 दिनों में शुरू हो जाएगा। तीनों इकाइयां 'सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण परिवेश का विकास' कार्यक्रम के तहत स्थापित की जाएंगी। इस कार्यक्रम के तहत 76,000 करोड़ रुपये तक की सरकारी सहायता दी जाती है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प (पीएसएमसी) के साथ साझेदारी में एक सेमीकंडक्टर फैब स्थापित करेगी। इस संयंत्र की स्थापना गुजरात के धोलेरा में की जाएगी। इसमें 91,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

### बाघों के संरक्षण के लिए 'इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस' का होगा गठन

केंद्रीय कैबिनेट ने बाघों और ऐसे अन्य वन्यजीवों के संरक्षण के लिए एक वैश्विक नेटवर्क 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' (आईबीसीए) के गठन को मंजूरी दी। इस संस्था का मुख्यालय भारत में होगा। इसमें वन्यजीवों से संबंधित 96 देशों की बहु-एजेंसी संस्था के रूप में आईबीसीए की कल्पना की गई है। कुल सात वन्यजीवों (बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, प्यूमा, जगुआर और चीता) में से पांच बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ और चीता भारत में पाए जाते हैं। मंत्रिमंडल ने 2023-24 से 2027-28 तक पांच साल की अवधि के लिए आईबीसीए की खातिर 150 करोड़ रुपये की एकमुश्त बजटीय सहायता को मंजूरी दी है।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय की

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को 12 महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय करने के लिए एमएमडीआर अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दे दी। खान मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस बारे में फैसला किया गया। बयान के मुताबिक-केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों के संबंध में रॉयल्टी की दर निर्दिष्ट करने के लिए खान एवं खनिज विकास और विनियमन (एमएमडीआर) अधिनियम, 1957 की दूसरी अनुसूची में संशोधन को मंजूरी दे दी है।

### डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मुंबई हवाई अड्डे पर एक 80 साल के यात्री को व्हीलचेयर उपलब्ध नहीं कराने के मामले में एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। व्हीलचेयर नहीं मिलने के कारण यात्री को विमान से टर्मिनल तक चलना पड़ा था और वह गिर गया था। बाद में इस यात्री की मृत्यु हो गई थी। यह घटना 12 फरवरी को हुई थी। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है क्योंकि वह बुजुर्ग यात्री को व्हीलचेयर उपलब्ध कराने में विफल रही थी। अधिकारी ने कहा-इसके अलावा एयर इंडिया ने इस मामले में गलती करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ हुई कार्रवाई की भी जानकारी नहीं दी है।

# सरकार ने गेहूं खरीद का लक्ष्य 3 से 3.2 करोड़ टन किया तय

नई दिल्ली, एजेंसी

- खाद्य मंत्रालय ने फैसले के बारे में दी जानकारी



सरकार ने 2024-25 रबी विपणन सत्र के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य 3 से 3.2 करोड़ टन तय किया है। खाद्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सरकार के गेहूं खरीद के लक्ष्य को कुछ कम माना जा रहा है।

कृषि मंत्रालय को फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में 11.4-11.5 करोड़ टन के रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन की उम्मीद है। इसके बावजूद सरकार द्वारा खरीद का लक्ष्य कम रखा गया है। बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा की अध्यक्षता में में राज्यों के खाद्य सचिवों की बैठक हुई थी। इसी बैठक में विचार-विमर्श के बाद गेहूं खरीद का लक्ष्य तय किया गया है। मंत्रालय ने बयान में कहा-विचार-विमर्श के बाद आगामी रबी विपणन सत्र 2024-25 के दौरान गेहूं की खरीद का अनुमान तीन से 3.2 करोड़ टन का तय किया गया है। गेहूं के अलावा, मंत्रालय ने चावल के मामले में रबी धान खरीद का लक्ष्य 90 लाख से एक करोड़ टन तय किया है। सरकार ने रबी मोटे अनाज/बाजरा (श्रीअन्न) के लिए 6,00,000 टन का खरीद लक्ष्य भी निर्धारित किया है। केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से फसलों के आहार में पोषण बढ़ाने के लिए बाजरा की खरीद पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 71,850 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,025 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,700-47,900 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 71,500 |
| चांदी तैयार | 71,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 708 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,050 |
| चांदी आभूषण | 71,800। |

# देश में एफडीआई प्रवाह 13% घटकर 32 अरब डॉलर पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह यानी अप्रैल-दिसंबर-2023 में 13 प्रतिशत घटकर 32.03 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

मुख्य रूप से कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, वाहन और फार्मा क्षेत्रों में कम निवेश के कारण एफडीआई घटा है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में देश में 36.74 अरब डॉलर का एफडीआई आया था। हालांकि, चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान एफडीआई प्रवाह 18 प्रतिशत बढ़कर 11.6 अरब डॉलर रहा है, जो 2022-23 की समान तिमाही के दौरान 9.83 अरब डॉलर था। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार, कुल एफडीआई प्रवाह (जिसमें इक्विटी प्रवाह, पुनर्निवेश आय और अन्य पूंजी शामिल है) अप्रैल-दिसंबर, 2022 के 55.27 अरब डॉलर के मुकाबले चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में सात प्रतिशत घटकर 51.5 अरब डॉलर रह गया है।


### राजकोषीय घाटा वार्षिक लक्ष्य के 63.6 प्रतिशत पर आ गया

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में जनवरी के अंत तक सरकार का राजकोषीय घाटा 11 लाख करोड़ रुपये के साथ संशोधित वार्षिक लक्ष्य के 63.6 प्रतिशत पर पहुंच गया है। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। एक साल पहले की समान अवधि में सरकारी व्यय और राजस्व के बीच का अंतर यानी राजकोषीय घाटा केंद्रीय बजट 2022-23 के संशोधित अनुमान (आरई) का 67.8 प्रतिशत था। मौजूदा वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार का राजकोषीय घाटा 17.35 लाख करोड़ रुपये यानी जीडीपी का 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

# 8 बुनियादी उद्योगों की वृद्धि 15 माह के निचले स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- आंकड़ों के अनुसार-जनवरी में सुस्त पड़कर 3.6% पर आ गई



आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि जनवरी में सुस्त पड़कर 3.6 प्रतिशत पर आ गई। यह इसका 15 माह का निचला स्तर है। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात और बिजली जैसे क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन के कारण वृद्धि धीमी हुई।

गौरतलब है कि आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन दिसंबर, 2023 में 4.9 प्रतिशत बढ़ा था। एक साल पहले जनवरी, 2023 में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार 9.7 प्रतिशत थी। इन आठ क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। जनवरी, 2024 से कम वृद्धि दर अक्टूबर, 2022 में 0.9 प्रतिशत थी। चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह अप्रैल-जनवरी के दौरान बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 8.3 प्रतिशत थी। जनवरी, 2024 में रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरक का उत्पादन घट गया है।

समीक्षाधीन महीने में कोयला, इस्पात और बिजली के उत्पादन में वृद्धि की गति धीमी हो गई। हालांकि, इस दौरान कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और सीमेंट के उत्पादन में सालाना आधार पर सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में आठ प्रमुख क्षेत्रों का योगदान 40.27 प्रतिशत है।

## राष्ट्रीय

# 400 पार का नारा जनता ने दिया, हमारी गारंटी पर देश को विश्वास: नरेंद्र मोदी

## मध्य प्रदेश के लिए प्रधानमंत्री ने 17,551 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

भोपाल, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में उतर रही है तथा चारों ओर एक ही बात सुनाई दे रही है कि भाजपा के नेतृत्व वाला राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) इस बार 400 सीट का आंकड़ा पार कर जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मोदी की गारंटी पर देश को भरोसा है। उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा हमने नहीं, जनता ने दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के



उनके कार्यकाल में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की साख कई गुना बढ़ी है, जिससे देश में निवेश आकर्षित करने में मदद मिली है और दुनिया भर के देश भारत के साथ अच्छे संबंध बनाने के इच्छुक हैं।

मोदी ने भाजपा शासित मध्य प्रदेश में 17,551 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करने के बाद 'विकसित भारत, विकसित मध्य प्रदेश' कार्यक्रम को वर्चुअल तौर पर संबोधित किया।

### प्रधानमंत्री बिहार, झारखंड और बंगाल में करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार और शनिवार को झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे और करोड़ों रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ के मुताबिक प्रधानमंत्री एक मार्च को लगभग 11 बजे झारखंड के सिंदरी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे, जहां वह राज्य में 35,700 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वह करीब तीन बजे पश्चिम बंगाल के हुगली में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। अगले दिन शनिवार को प्रधानमंत्री लगभग 10 :30 बजे पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के कृष्णानगर पहुंचेंगे, जहां वे 15,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

### राष्ट्रपति ने केरल लोकायुक्त विधेयक को मंजूरी दी

**तिरुवनंतपुरम।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्य विधानसभा द्वारा पारित केरल लोकायुक्त विधेयक को मंजूरी दे दी है लेकिन उन्होंने तीन विश्वविद्यालय कानून विधेयकों पर अपनी स्वीकृति अभी नहीं दी है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राष्ट्रपति को ये विधेयक उनकी स्वीकृति के लिए भेजे थे। राजभवन ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ने केरल विश्वविद्यालय कानून (संशोधन संख्या 2) विधेयक 2022 पर अभी अपनी स्वीकृति नहीं दी है। बयान के अनुसार इसके अलावा विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक, 2022 और विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक, 2021 को भी राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली है। राष्ट्रपति को भेजे गए सात विधेयकों में से केवल एक विधेयक केरल लोकायुक्त संशोधन विधेयक, 2022 को सहमति दी गई है।




**बीकानेर :** महाजन फील्ड फायरिंग रेंज (एमएफएफआर) में संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन' के पांचवें संस्करण के दौरान भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के जवान। ● एजेंसी

## एक नजर

### भाजपा में शामिल हुए बीआरएस सांसद रामुलु

**नई दिल्ली।** तेलंगाना से भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के सांसद व दलित नेता पी रामुलु बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। वह लोकसभा में नागरकुरनूल (आरक्षित) संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य के लक्ष्मण, राष्ट्रीय महासचिव व तेलंगाना के प्रभारी तरुण चुघ और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी के अरुणा की मौजूदगी में रामुलु ने भाजपा की सदस्यता ली।

### ड्रग तस्कर की अवैध संपत्ति की गई कुर्क

**श्रीनगर।** केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिला पुलिस ने गुरुवार को एक ड्रग तस्कर की "अवैध संपत्ति' को कुर्क किया। पुलिस ने बताया कि इस कुख्यात ड्रग तस्कर का एक मंजिला आवासीय घर करीब 15 लाख रुपये का है। नशे की तस्कारी करने वाली की पहचान अफरोजा बेगम उर्फ अफरी के रूप में की गई है, जो गनी हमाम निवासी फयाज अहमद डार की पत्नी है। वर्तमान में वह ट्रुमगुंड ह्यगम सोपोर में रहती है। पुलिस ने कहा, विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत यह कार्रवाई की गई है।

# कोर्ट ने शाहरुख पठान की जमानत याचिका पर पुलिस से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शाहरुख पठान की जमानत याचिका पर बृहस्पतिवार को शहर पुलिस से जवाब मांगा। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 2020 में हुए दंगों के दौरान पठान पर एक पुलिसकर्मी पर खुलेआम बंदूक तानने का आरोप है। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने पठान की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया और उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया। उच्च न्यायालय ने पठान के जेल में उसके आचरण का विवरण देने का भी आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी।

अदालत ने कहा-नोटिस जारी किया जाता है। लोक अभियोजक ने नोटिस स्वीकार कर लिया है और स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय मांगा है।'' पठान के वकील ने सुनवाई के दौरान कहा कि उस पर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया है, जिसके लिए अधिकतम सजा 10 साल है। उन्होंने इस आधार पर जमानत मांगी कि पठान पिछले चार साल से हिरासत में हैं। अभियोजक ने अदालत से आग्रह किया कि वह आरोपी के आचरण पर जेल से भी रिपोर्ट मांगे।

**दिल्ली में वर्ष 2020 में हुए दंगों का मामला**




पठान ने निचली अदालत के पिछले साल 14 दिसंबर के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। पठान के वकील ने कहा कि उसने इस आधार पर राहत मांगी थी कि वह मार्च 2020 से हिरासत में हैं और लगभग 90 गवाहों से पूछताछ की जानी बाकी है। जाफराबाद में 24 फरवरी, 2020 को सांप्रदायिक दंगों के दौरान पठान पर दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल पर पिस्तौल तानने और गोलीबारी करने का आरोप है। पठान को तीन मार्च, 2020 को उत्तर प्रदेश के शामली जिले से गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में वह यहां एक जेल में बंद है। उत्तर पूर्वी दिल्ली में 24 फरवरी, 2020 को नये नागरिकता कानून का समर्थन और इसका विरोध करने वालों के बीच सांप्रदायिक झड़पें हुईं थीं। इन झड़पों में 53 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे।

# मणिपुर में शांति बनाए रखने के लिए असम राइफल्स की मांगी मदद

इंफाल, एजेंसी

- सरकार ने हिंसा प्रभावित छह जिलों के लिए बनाई रणनीति

मणिपुर सरकार ने राज्य के हिंसा प्रभावित छह जिलों में शांति कायम रखने और जनता का विश्वास बहाल करने के लिए असम राइफल्स से मदद मांगी है।

इंफाल पश्चिम के जिला मजिस्ट्रेट ने बृहस्पतिवार को कानून व्यवस्था के उल्लंघन की खबरों, खासतौर पर भीड़ हिंसा की घटनाओं का उल्लेख किया। आदेश में कहा गया, हालात जिला प्रशासन और पुलिस के नियंत्रण से बाहर हो गए हैं। इसमें कहा गया है कि जिले के विभिन्न हिस्सों में 29 फरवरी से पांच मार्च तक असम राइफल्स की सेवाएं मांगी गई हैं। इससे पहले बुधवार रात को इंफाल पश्चिम में हजारों महिलाओं ने मशाल जुलूस निकालकर केंद्र सरकार और कुकी उग्रवादी समूहों के बीच अभियानों का निलंबन (एसओओ) समझौते को समाप्त करने की मांग की। करीब 200 हथियारबंद लोगों ने 27 फरवरी को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एम अमित सिंह के आवास में गोली चलाईं और तोड़फोड़ की थी।

# राजस्थान में लव जेहाद के मामले में दो लड़कियों सहित तीन लोग गिरफ्तार

**अलवर।** राजस्थान में अलवर शहर के कोतवाली थाना अंतर्गत एक मोहल्ले में किराए पर रहने वाली हिंदू लड़कियों से दोस्ती कर 'लव जेहाद' कराने के मामले में पुलिस ने दो लडकियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि गत 27 फरवरी को अलवर में कॉलेज में पढने वाली दो लड़कियों ने थाना कोतवाली में एक शिकायत दी कि उनकी दो रूममेट काजल उर्फ बबीता और सकीना मेव है जो धर्म परिवर्तन करने की बात कहती हैं और जबरन वसीम नामक युवक से दोस्ती करने की बात कहती है। शिकायत के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### रोहिंग्या शरणार्थियों की रिहाई संबंधी याचिका पर कोर्ट करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने देश भर की जेलों और हिरासत केंद्रों में 'अवैध और मनमाने ढंग से' हिरासत में रखे गये रोहिंग्या शरणार्थियों को रिहा करने के लिए सरकार को निर्देश देने संबंधी याचिका की मार्च में सुनवाई करने पर बृहस्पतिवार को सहमति जता दी। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ वकील प्रशांत भूषण द्वारा मामले का विशेष उल्लेख किये जाने के बाद याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमत हुई। भूषण ने दलील दी थी कि इस मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं किया गया है। भूषण ने कहा कि केंद्र को नोटिस जारी करने के बावजूद, भारत सरकार ने आज तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है।

# असम : विपक्ष ने राष्ट्रपति से सीएए रद करने का किया आग्रह

गुवाहाटी, एजेंसी

असम में विपक्षी दलों ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को रद करने के लिए बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से हस्तक्षेप करने की मांग की और कहा कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे राज्य भर में 'लोकतांत्रिक जन आंदोलन' करेंगे। सोलह दलों वाले संयुक्त विपक्षी मंच असम (यूओएफए) ने मुर्मू को राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा।

यूओएफए ने कहा-यह अधिनियम न केवल असंवैधानिक है बल्कि यह इतिहास, संस्कृति, सामाजिक ताने-बाने, अर्थव्यवस्था और असमिया लोगों की पहचान को खतरे में डालकर 1985 के ऐतिहासिक असम समझौते को भी रद करने वाला है। यूओएफए ने राष्ट्रपति से मामले में हस्तक्षेप करने और केंद्र को असम में नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 को लागू करने के अपने फैसले से बचने व इस 'असंवैधानिक और राष्ट्र-विरोधी' अधिनियम को रद्द करने का निर्देश देने का आग्रह किया। ज्ञापन में कहा गया, ''हम आपको सूचित करते हैं कि अगर भारत सरकार इन मांगों पर ध्यान नहीं देती है तो हम विपक्षी राजनीतिक दलों और असम के लोगों के पास सरकार को मजबूर करने के लिए लोकतांत्रिक जन आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

**हस्तक्षेप की मांग**

- सोलह दलों वाले संयुक्त विपक्षी मंच यूओएफए ने लागू करने पर आंदोलन की दी चेतावनी




### असम में राज्यव्यापी बंद से होने वाले नुकसान की भरपाई आंदोलनकारियों से की जाएगी: पुलिस महानिदेशक

असम के विपक्षी दलों द्वारा नागरिकता (संशोधन) अधिनियम लागू होने पर राज्यव्यापी बंद की धमकी देने के एक दिन बाद पुलिस महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने बृहस्पतिवार को चेतावनी दी कि प्रतिदिन 1,643 करोड़ रुपये का वित्तीय नुकसान होने का अनुमान है, जिसकी वसूली आंदोलन के आयोजकों से की जा सकती है। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की तर्ज पर राज्य में गठित संयुक्त विपक्षी मंच असम (यूओएफए) ने बुधवार को घोषणा की कि विवादास्पद अधिनियम लागू होने के अगले ही दिन राज्यव्यापी बंद बुलाया जाएगा। सोशल मीडिया मंच पर 'एक्स' पर एक पोस्ट में, सिंह ने 2019 में बंद पर सुनाए गए गौहाटी उच्च न्यायालय के आदेश के दो पेज साझा किए और जून 2022 के मुद्दे पर अपना बयान फिर से पोस्ट किया।

# दिल्ली कैपिटल्स 25 रन से जीता, आरसीबी की लय टूटी

## आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना की 74 रन की शानदार पारी पर भारी पड़ा शेफाली वर्मा का अर्धशतक

बेंगलुरु, एजेंसी



कप्तान स्मृति मंधाना की अर्धशतकीय पारी भी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के काम नहीं आ सकी, जिससे दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी-20 मैच में 25 रन से जीत दर्ज की।

शेफाली वर्मा (50) के अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने 5 विकट पर 194 रन बनाया। मंधाना ने 43 गेंद में 74 रन की तेज पारी खेली, जिसमें 10 चौके और 3 छक्के जड़े थे लेकिन उनके अर्धशतक के बावजूद आरसीबी की टीम 9 विकेट पर 169 रन ही बना सकी। इससे आरसीबी की जीत की लय टूट गई। मंधाना और सोफी डेविने (23) ने पहले विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी की। नौंवे ओवर में डेविने आउट हो गई। मंधाना ने ऋचा घोष (19) के साथ 45 रन जोड़े पर वह मारिजाने काप (2 विकेट) की गेंद पर बोल्ड हो गई। घोष 15वें ओवर की पहली गेंद पर आउट हुई, तब स्कोर 3 पर 138 था। टीम ने इसके बाद 6 विकेट 30 रन के अंदर गंवा दिए। बाए हाथ की स्पिनर जेस जोनासेन ने 21 रन देकर 3 और अरूंधती रेड्डी ने दो विकेट लिए।




शेफाली ने 31 गेंद पर 3 चौके और 4 छक्के जड़े। उन्होंने कप्तान मेग लेनिंग के शुरू में आउट होने के बाद एलीस कैप्से के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन की भागीदारी निभाई। मरिजाने काप ने 16 गेंद में 32 रन तथा जेसन जोनासेल ने 16 गेंद में नाबाद 36 रन बनाए। इन दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 58 रन की भागीदारी की। आरसीबी में एलिसे पैरी के बीमार होने से नादिने डि क्लर्क को शामिल किया गया। शेफाली ने बाएं हाथ की स्पिनर सोफ मोलिनेक्स की गेंद पर 1 चौका और 1 छक्का जड़ा। शेफाली ने इस सत्र में दूसरा अर्धशतक ऑफ स्पिनर श्रेयंका पर मिड विकेट पर छक्का जड़कर पूरा किया। लेकिन वह अगली ही गेंद पर आउट हो गयी। वह ऊंचा शॉट खेलने के प्रयास में मिड विकेट पर जॉर्जिया वारेहैम को कैच दे बैठीं। डि क्लर्क ने फिर शानदार यॉर्कर से कैप्से को आउट किया और जेमिमा रोड्रिग्स एक भी रन जोड़े बिना आउट हो गयीं। पर काप और जोनासेन ने 14वें से 18वें ओवर तक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की गेंदबाजों का डटकर सामना किया और टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाने में मदद की।

**पूर्व सीईओ नोर्मन के पद त्यागने का मामला**

# हॉकी इंडिया प्रमुख टिर्की ने कहा- एलेना ने सीईओ के रूप में शानदार काम किया

राउरकेला, एजेंसी



एलेना नोर्मन भले ही विवादास्पद हालात में पद छोड़कर गई हों लेकिन हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पूर्व सीईओ की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह खेल के विकास में इस ऑस्ट्रेलियाई अधिकारी के योगदान की सराहना करते हैं।

टिर्की ने हॉकी इंडिया में गुटबाजी के नोर्मन के दावे को खारिज कर दिया। टिर्की ने कहा कि पद संभालने के बाद हमने अच्छा काम किया है और मैं इसकी सराहना करता हूं। हमने दो साल में टीमों का प्रदर्शन देखा है। हमारी सीईओ ने भारतीय हॉकी के लिए शानदार काम किया है। हम उनके प्रयासों और योगदान की सराहना करते हैं। टिर्की और सचिव भोलानाथ सिंह ने इससे एक दिन पहले संयुक्त बयान जारी कर नोर्मन के दावे को खारिज किया था। नोर्मन ने मंगलवार को इस्तीफा दिया था और आरोप लगाया कि संघ में गुटबाजी है। एक में दिलीप टिर्की और मैं व दूसरे में भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आरके श्रीवास्तव और शेखर जे मनोहरन हैं।

**खेल डायरी**

### यूवेंटस के मिडफील्डर पॉल पोग्बा डोपिंग के लिए प्रतिबंधित, खेल पंचाट में करेंगे अपील



रोम, एजेंसी। इटली की डोपिंग रोधी अदालत ने यूवेंटस के मिडफील्डर पॉल पोग्बा पर टेस्टोस्टेरॉन का पॉजिटिव पाए जाने के बाद गुरुवार को 4 साल के लिए प्रतिबंध लगाया। पोग्बा ने कहा कि वह स्विट्जरलैंड स्थित खेल पंचाट में अपील करेंगे, लेकिन पोग्बा ने पॉजिटिव आने के लिए कोई कारण नहीं बताया। खेल पंचाट के फैसले में एक साल लग सकता है। विश्व कप विजेता फुटबॉलर पोग्बा के सितंबर में पॉजिटिव पाए जाने के बाद इस अधिकतम प्रतिबंध की घोषणा की गई। पोग्बा ने कहा कि उनका मानना है कि यह फैसला गलत है। मैं इस फैसले से दुखी हूं क्योंकि मैंने अपने पेशेवर खेल करियर में जो कुछ भी हासिल किया, वो सब मुझसे छीन लिया गया है। उन्होंने कहा कि मैंने कभी भी जानबूझकर कोई सप्लीमेंट नहीं लिया है, जिससे डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन हुआ हो। 20 अगस्त को उडिनेसे में यूवेंटस के मैच के बाद उनकी जांच हुई थी। वह सीरी ए के इस मैच में नहीं खेले थे। पोग्बा ने इटली की डोपिंग रोधी एजेंसी से कोई समझौता नहीं करने का फैसला किया जिसके बाद मामला डोपिंग रोधी अदालत में गया। पोग्बा की सजा को सार्वजनिक नहीं किया गया।

### प्रज्ञानानंदा ने की चूक प्राग में दूसरे दौर में हारे

प्राग, एजेंसी। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ईरान के परहाम मघसूडलू से पराजित होना पड़ा। साथ ही क्लासिकल शतरंज में उनका 47 मैचों का अपराजेय अभियान खत्म हो गया। इस खिलाड़ी ने लाइव रेटिंग में शीर्ष स्थान भी गंवा दिया जो विश्वनाथन आनंद ने फिर हासिल कर लिया है। डी गुकेश ने चेक गणराज्य के एंगुयेन थाई दाइ वान को हराया। टूर्नामेंट के सात दौर बाकी हैं जबकि परहाम दो अंक लेकर शीर्ष पर है। गुकेश और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव उनसे आधा अंक पीछे हैं। उजबेक खिलाड़ी ने भारत के विदित गुजराती से ड्रा खेला। प्रज्ञानानंदा, गुजराती, रोमानिया के रिचर्ड रैपो और चेक गणराज्य के डेविड नवारा चौथे स्थान पर हैं।

### अश्लील इशारे पर रोनाल्डो 1 मैच के लिए निलंबित

रियाद, एजेंसी। सउदी प्रो लीग फुटबॉल में अल नासर के लिए खेलते हुए अश्लील इशारे करने की वजह से पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक मैच के लिए निलंबित कर दिए गए हैं। अल नासर ने स्थानीय प्रतिद्वंद्वी अल शबाब को रविवार को 3-2 से हराया, जिसके बाद रोनाल्डो ने विरोधी टीम के समर्थकों को देखकर अभद्र इशारे किए। दर्शक उनके चिर प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेस्सी के नाम से 'मेस्सी मेस्सी' के नारे लगा रहे थे। सउदी अरब फुटबॉल महासंघ की अनुशासन और नैतिकता समिति ने सोशल मीडिया पर गुरुवार को निलंबन की घोषणा की। अल नासर को अगले मैच में अल हजम से खेलना है। रीयाल मैड्रिड और मैनचेस्टर युनाइटेड के पूर्व स्टार रोनाल्डो को 5 हजार डॉलर अल शबाब को और आधी राशि महासंघ को जुर्माने के तौर पर देनी होगी।

### खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट जारी होंगे: खेल मंत्री



नई दिल्ली, एजेंसी। खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को घोषणा की कि सरकार देश भर में रजिस्टर्ड खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट देगी। इससे खिलाड़ियों के प्रदर्शन और प्रतिभागिता को लेकर पारदर्शिता बनी रहेगी। डिजिटल सर्टिफिकेट में खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धाओं में भागीदारी की तारीख रहेगी और यह उनकी उपलब्धियों का सबूत होगा। ठाकुर ने एक्स पर लिखा, हमारे खेल ढांचे की धुरी खिलाड़ी हैं और इसे ध्यान में रखकर खेल मंत्रालय ने इन्हें डिजिटल सर्टिफिकेट देने का फैसला किया है। खेलमंत्री ने खिलाड़ियों और राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिए चीजें आसान करने की योजना का ऐलान पिछले साल 29 अगस्त को किया था। उस समय एनएसएफ पोर्टल भी शुरू हुआ था। ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ी सर्वोपरि नीति के अनुरूप राष्ट्रीय खेल महासंघों को डिजिलॉकर के जरिए खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट देने के लिए कहा गया है। यह फैसला एनएसएफ के खेल प्रशासन में पारदर्शिता और कुशलता को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के दस्तावेजों की सुरक्षा, पहुंच और सत्यता सुनिश्चित करने को लिया गया है।

# राहुल पांचवें टेस्ट से बाहर, बुमराह की वापसी

## बीसीसीआई ने कहा- चोट के कारण धर्मशाला के टेस्ट में नहीं खेलेंगे राहुल, टीम में भागीदारी फिटनेस पर थी निर्भर

नई दिल्ली, एजेंसी






भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को कहा कि केएल राहुल चोट के कारण धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में नहीं खेलेंगे जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टीम में वापसी करेंगे। राहुल के दाएं पैर की जांघ में सूजन है और वह विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं। यह विकेटकीपर बल्लेबाज जनवरी में हैदराबाद में श्रृंखला के पहले मैच के बाद से ही उपलब्ध नहीं है और बीसीसीआई के अनुसार वह राजकोट में तीसरे टेस्ट से पहले 90 प्रतिशत फिट थे। बीसीसीआई ने कहा कि राहुल की आईडीएफसी फर्स्ट बैंक श्रृंखला के अंतिम टेस्ट में भागीदारी फिटनेस पर निर्भर थी लेकिन वह धर्मशाला में पांचवें और अंतिम टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी चोट पर नजर रखे है और लंदन में विशेषज्ञों से सलाह लेने की कोशिश कर रही है। टीम की कार्यभार प्रबंधन नीति के तहत रांची में चौथे टेस्ट के लिए टीम से रिलीज बुमराह 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले अंतिम टेस्ट के लिए टीम से जुड़ेंगे। भारत ने चौथे टेस्ट में जीत के बाद श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त बनाई है। अंतिम टेस्ट में राहुल की अनुपस्थिति से रजत पाटीदार टीम में रहेंगे, लेकिन अंतिम एकादश में उनका होना निश्चित नहीं है क्योंकि वह 6 पारियों में 63 रन ही बना सके हैं। वाशिंगटन सुंदर को भी टीम से रिलीज किया गया है।

बीसीसीआई ने कहा कि वह दो मार्च से मुंबई के खिलाफ शुरू होने वाले रणजी सेमीफाइनल मैच के लिए अपनी टीम तमिलनाडु में शामिल होंगे और जरूरत पड़ी तो घरेलू मैच पूरा होने के बाद पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम में जुड़ जाएंगे। राहुल आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स का नेतृत्व करेंगे और उन्हें आईपीएल से पहले फिट होना होगा। चोट से राहुल पिछले साल भी 4 महीने तक टीम से बाहर थे। आईपीएल में चोटिल होने के बाद राहुल ने पिछले सितंबर में एशिया कप के दौरान वापसी की। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट दौरे में राहुल भारत के लिए शतक बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। यह श्रृंखला ड्रा थी। बीसीसीआई ने बताया कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी 26 फरवरी को सर्जरी के बाद अच्छी तरह उबर रहे हैं। वह रिहैबिलिटेशन शुरू करने के लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) जाएंगे।

### रोहित और कोहली को भी घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए : आजाद



नई दिल्ली। भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य कीर्ति आजाद ने क्रिकेटरों के लिए रणजी खेलने के बीसीसीआई के निर्देश का समर्थन करते हुए कहा कि यह अच्छी पहल है और रोहित शर्मा तथा विराट कोहली समेत भारतीय टीम के हर सदस्य पर लागू होनी चाहिए। ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को रणजी नहीं खेलने से केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा है। आजाद ने कहा कि यह निर्देश बहुत अच्छी पहल है। हर किसी को रणजी खेलनी चाहिए। पांच दिन का क्रिकेट ही असली क्रिकेट है। घरेलू क्रिकेट खेलना अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि जब भी खिलाड़ी खाली हो तो उन्हे अपने प्रदेश के लिए रणजी खेलना चाहिए। चाहे वह रोहित शर्मा हो या विराट कोहली। प्रदेश ने आपको खिलाड़ी बनने का मौका दिया, जिससे आप देश के लिए खेल सके। उन्होंने कहा कि सिर्फ ईशान और श्रेयस को सजा देना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि सिर्फ दो को सजा देना सही नहीं है। हर किसी को सजा मिलनी चाहिए। सभी को समान नजर से देखा जाना चाहिए। आजाद ने इस पर टिप्पणी से इनकार कर दिया कि क्या ईशान और श्रेयस के लिए रास्ते अब बंद हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि मेरा सवाल यह है कि क्या वे पर्याप्त घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं। वे टी-20 खेल रहे हैं और हर प्रदेश में टी-20 लीग है। जब हम खेलते थे तब सारे सदस्य प्रदेश के लिये खेलते थे और इसमें गर्व महसूस करते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है।

### पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

### अय्यर-ईशान को लेकर इरफान ने उठाए सवाल



नई दिल्ली। पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने रणजी खेलने के आदेश का पालन नहीं करने पर ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध नहीं देने के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा है कि हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ियों के लिए यह मानदंड नहीं था। बीसीसीआई ने ईशान और श्रेयस के केंद्रीय अनुबंध रद कर दिए जबकि 2018 से एक भी टेस्ट नहीं खेले पंड्या को ग्रेड 'ए' का अनुबंध दिया गया। इरफान ने एक्स पर लिखा, अगर हार्दिक जैसे खिलाड़ी लाल गेंद का क्रिकेट नहीं खेलना चाहते तो क्या उन्हें और उनके जैसे दूसरों को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने पर सफेद गेंद का घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए। अगर यह सब पर लागू नहीं होता तो भारतीय क्रिकेट को इच्छित नतीजे नहीं मिलेंगे। ईशान पिछले साल दिसंबर में द. अफ्रीका दौरा छोड़ने के बाद झारखंड के लिए रणजी खेलने नहीं आए। उन्होंने आईपीएल की तैयारी शुरू कर दी जिसमें वह मुंबई इंडियंस के लिए खेलेंगे।

### जॉली-गोपीचंद जर्मन ओपन के क्वार्टरफाइनल में

मुलहेम अन डेर रूर (जर्मनी), एजेंसी। भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने गुरुवार को जर्मन ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। इस जोड़ी ने राउंड 16 के मैच में चेक गणराज्य की सोना होरिंकोवा और कैटरीना जुजाकोवा की जोड़ी पर जीत हासिल की। अब क्वार्टरफाइनल में उनका सामना फ्रांसेस्का कोर्बेट और एलिन ली तथा जिंग यि और जु मिन लुओ की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। महिला और पुरुष एकल स्पर्धाओं में हालांकि भारतीय चुनौती समाप्त हो गई।

# पहलवानों का राष्ट्रीय शिविर ट्रायल के बाद : डब्ल्यूएफआई

## 15 महीने बाद शिविर की तैयारी कर रहा है महासंघ, किसान आंदोलन के कारण दिल्ली में हो सकता है आयोजन

नई दिल्ली, एजेंसी

- इंदिरा गांधी स्टेडियम में 10-11 मार्च के ट्रायल के बाद शिविर

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) 15 महीने बाद सीनियर राष्ट्रीय शिविर की तैयारी कर रहा है और किसान आंदोलन से शिविर पटियाला की बजाय दिल्ली में आयोजित हो सकता है। डब्ल्यूएफआई के राष्ट्रीय शिविर जनवरी 2023 के बाद से बंद है जब देश के तीन शीर्ष पहलवानों ने तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर प्रदर्शन किया था।

इंदिरा गांधी स्टेडियम में 10 और 11 मार्च को होने वाले ट्रायल के तुरंत बाद राष्ट्रीय शिविर शुरू होगा। डब्ल्यूएफआई के निलंबन के बाद कुश्ती का काम देख रही तदर्थ समिति ने जयपुर में अपनी राष्ट्रीय चैंपियनशिप कराने के बाद रोहतक (पुरुष) और पटियाला (महिला) में अभ्यास शिविर शुरू किए। युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वारा निलंबन वापिस लेने के बाद डब्ल्यूएफआई ने बिशकेक में 11 से 16 अप्रैल तक होने वाली एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप और 19 से 21 अप्रैल तक उपमहाद्वीपीय ओलंपिक क्वालीफायर के लिए राष्ट्रीय टीम चुनने को ट्रायल का ऐलान किया। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि ट्रायल के बाद हर वर्ग के शीर्ष 4 पहलवानों को राष्ट्रीय शिविर में बुलाया जाएगा।

### ट्रायल में उतरने से बजरंग का इंकार, अदालत की ली शरण



नई दिल्ली। आगामी राष्ट्रीय ट्रायल में भाग लेने के भारतीय कुश्ती महासंघ के न्योते को ठुकराते हुए पहलवान बजरंग पूनिया ने दिल्ली हाईकोर्ट में आपात संयुक्त याचिका दायर करके 10-11 मार्च को आयोजित चयन ट्रायल पर रोक की मांग की है। बजरंग, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान ने अदालत की शरण ली है। मामले की सुनवाई शुक्रवार को होगी। बजरंग ने याचिका दायर करने की पुष्टि नहीं की लेकिन भारतीय कुश्ती पर सरकार की चुप्पी पर सवाल दागे। दो महीने से रूस में अभ्यास कर रहे बजरंग ने कहा कि अगर ट्रायल संजय सिंह की अगुवाई वाली डब्ल्यूएफआई करा रही है तो वह इसमें हिस्सा नहीं लेंगे। उन्होंने कहा अगर मुझे ट्रायल में भाग नहीं लेना होता तो मैं अभ्यास पर 30 लाख खर्च नहीं करता लेकिन निलंबित डब्ल्यूएफआई ट्रायल कैसे करा रहा है।




# मई में आ सकती है जॉली एलएलबी 3




मुंबई। अभिनेता अक्षय कुमार-अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3 मई 2024 में फ्लोर पर जा सकती है। 2013 में 'जॉली एलएलबी रिलीज हुई थी, जिसमें अरशद वारसी थे। वहीं, दूसरे पार्ट यानी 'जॉली एलएलबी' में अक्षय कुमार ने लीड रोल किया था। अब तीसरे पार्ट में अक्षय और अरशद दोनों नजर आएंगे। इसको सुभाष कपूर निर्देशित कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि जॉली एलएलबी 3 को मई में फ्लोर पर लाया जाएगा। वहीं 2025 में इसे सिनेमाघरों में रिलीज कर दिया जाएगा। जॉली एलएलबी 3 में अक्षय और अरशद दोनों का रोल बराबर का होगा। इससे पहले दोनों 'बच्चन पांडे' में साथ नजर आए थे।

### दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जल्द बनने वाले हैं माता-पिता



बॉलीवुड की स्टार जोड़ी दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। यह जानकारी खुद अभिनेता दंपति ने दी है। कुछ दिन पहले से ही सोशल मीडिया पर दीपिका पादुकोण के गर्भवती होने की खबरें सामने आ रही थीं। दंपति ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट में यह खबर साझा की है। उन्होंने अपने पोस्ट में तस्वीर साझा की, जिसमें बच्चे के जूते और कपड़े बने हैं और उसमें लिखा है सितंबर 2024। अभिनत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस, श्रेया घोषाल, विक्रांत मैसी और आलिया भट्ट सहित बॉलीवुड के कई अभिनेताओं ने उन्हें बधाई दी। दीपिका-रणवीर की पोस्ट के कमेंट सेक्शन में प्रियंका ने लिखा, 'मुबारक', वहीं आलिया ने कई सारे दिल वाले इमोजी साझा किए। घोषाल ने कहा कि वह जोड़ी के लिए उत्साहित और खुश हैं, वहीं विक्रांत ने लिखा, आप दोनों को बहुत बहुत शुभकामनाएं। दीपिका और रणवीर 2018 में इटली में शादी के बंधन में बंधे थे।

# तेरा क्या होगा लवली में इलियाना और रणदीप




नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज इन दिनों अपनी मां बनने की जर्नी को एन्जॉय करती हुई नजर आ रही है। फैंस अक्सर उनसे ऑनस्क्रीन वापसी कब करेंगी सवाल कर रहे हैं। इसी बीच उनकी अपकमिंग फिल्म तेरा क्या होगा लवली का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें उनका अलग अंदाज देखने को मिला है। इतना ही नहीं उनके साथ रणदीप हुड्डा भी हैं, जिनकी हाल ही में लिन लैशराम से शादी हुई है। फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है क्यों इलियाना का हटकर अंदाज और रणदीप हुड्डा का हरियाणवी लुक फैंस का ध्यान खींच रहा है। तेरा क्या होगा लवली का ट्रेलर त्वचा के रंग और दहेज के साथ भारत के स्थाई निर्धारण को दिखाता है। बलविंदर सिंह जांजुआ द्वारा निर्देशित, यह अपकमिंग फिल्म गोरी त्वचा के जुनून और दहेज प्रथा से जुड़ी जटिलताओं के बारे में बातचीत शुरू करने का वादा करती है। मूवी में इलियाना डिक्रूज, रणदीप हुड्डा और करण कुंद्रा अहम किरदार में हैं, जिसका ट्रेलर सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। इस फिल्म में एक महिला की कहानी दिखाई गई है, जो दूल्हा खोजने के सामाजिक दबाव से जूझ रही है। यह किरदार इलियाना डिक्रूज़ का है, जिसकी यात्रा ने केवल उसके रंग के आधार पर आंके जाने की कठोर वास्तविकताओं का खुलासा किया है। फिल्म 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। निर्देशक बलविंदर सिंह जंजुआ की फिल्म में रणदीप हुडा एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभा रहे हैं, जिसे दहेज चुराने वाले चोरों को पकड़ने का काम सौंपा गया है। कहानी में नायक और पुलिस अधिकारी के बीच की लव स्टोरी को दिखाया गया है, जिसमें भी कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# श्रेयस ने बताई गोलमाल 5 की रिलीज डेट



बॉलीवुड की कॉमेडी फिल्मों ने दर्शकों में खास जगह बना रखी है। इनमें से एक गोलमाल की फ्रेंचाइजी भी है। इसी बीच गोलमाल 5 को लेकर अपडेट सामने आई है। एक्टर श्रेयस तलपड़े ने खुलासा किया है कि गोलमाल 5 कब रिलीज होगी। फिल्म की शूटिंग को लेकर भी एक्टर ने जानकारी साझा कर दी है। बॉलीवुड की कई फिल्मों के अगले पार्ट का फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस लिस्ट में एक नाम फिल्म 'गोलमाल 5' का भी है। 'गोलमाल' फ्रेंचाइजी सुपरहिट है। मल्टी स्टारर इस फ्रेंचाइजी की दर्शकों के दिल में एक खास जगह हैफ्रेंचाइजी 'गोलमाल 5' को लेकर एक नई अपडेट सामने आई है। एक बार फिर से अजय देवगन अपनी पलटन के साथ लोगों को हंसाते हुए नजर आएंगे। 2020 में रोहित शेट्टी ने बताया था कि वह 'गोलमाल 5' पर काम कर रहे हैं, लेकिन इस बीच अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आ गई है। फिल्म में लक्ष्मण का रोल निभाने वाले श्रेयस तलपड़े ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बताया है कि ये फिल्म कब आ सकती है। श्रेयस ने बताया कि 'गोलमाल 5' की शूटिंग अगले साल शुरू हो सकती है और दीवाली 2025 पर इसे रिलीज भी किया जा सकता है। श्रेयस की मानें तो 'गोलमाल 5' पैंडेमिक के दौरान अनाउंस की गई थी, लेकिन तब हालातों के चलते सारे प्लान को बदलना पड़ा था। एक्टर ने कहा कि उन्हें फिल्म के सेट पर काफी मजा आता है।

### प्रभास के चक्कर में रणबीर की एनिमल पार्क अटकी



रणबीर कपूर की 'एनिमल' के बाद अब हर किसी को 'एनिमल पार्क' का इंतजार है। पता चला था कि इसमें विक्की कौशल विलेन होंगे, हालांकि, ये फिल्म अभी नहीं बनने वाली है। संदीप रेड्डी वांगा ने प्रभास की फिल्म के लिए कुछ प्लानिंग कर रखी है। उसे पूरा करने के बाद ही 'एनिमल पार्क' के बारे में सोचेंगे। रणबीर कपूर की 'एनिमल' ने बीते साल 915 करोड़ का कारोबार किया है। थिएटर्स के बाद ओटीटी पर भी फिल्म को शानदार रिस्पॉन्स मिला। फिल्म को लेकर रोजाना नए-नए अपडेट्स आ रहे हैं। मेकर्स ने फिल्म की प्लानिंग कर ली है। हालांकि, इसे शुरू कब किया जाएगा, ये पता नहीं चल पाया है। विक्की कौशल इस पार्ट में विलेन बने हैं, लेकिन इसी बीच खबर आ रही है कि प्रभास के चक्कर में ये फिल्म अटक गई है। संदीप रेड्डी वांगा ने 'एनिमल' को डायरेक्ट किया था। इस फिल्म को जो रिस्पॉन्स मिला। उसके बाद 'एनिमल' के सीक्वल का ऐलान किया गया था। इस वक्त संदीप कई सुपरस्टार्स के साथ फिल्म बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। इसमें प्रभास और अल्लू अर्जुन का नाम भी है। पहले ऐसी चर्चा थीं कि संदीप पहले रणबीर की एनिमल पार्क की शूटिंग खत्म करेंगे। इसको कंप्लीट करने के बाद उन्हें प्रभास की स्पिरिट पर काम करना था, लेकिन अब डायरेक्टर ने प्लानिंग बदल दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार संदीप जल्द ही स्पिरिट की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। इस पिक्चर में प्रभास लीड रोल में हैं। वो फिल्म में कॉप का किरदार निभा रहे हैं, इसकी शूटिंग अक्टूबर से शुरू होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### प्रवासी भारतीयों से जुड़ने के लिए शुरू की लेबर इंडियंस पहल

**लंदन।** इस साल के आखिर में होने वाले आम चुनाव में विपक्षी लेबर पार्टी अपनी नैया पार लगाने के लिए ब्रिटिश भारतीयों को साधने में जुट गई है। लेबर पार्टी ने प्रवासी भारतीयों से जुड़ने और सत्ता में आने के बाद एक साल में भारत के साथ बातचीत को मजबूत करने के मकसद से नया प्रवासी आउटरीच कार्यक्रम शुरू किया है। लेबर पार्टी के विदेश मामलों के सचिव डेविड लैमी ने लंदन में संसद भवन परिसर में लेबर इंडियंस' पहल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी हालिया भारत यात्रा का जिक्र किया।

### छत्तीसगढ़ के प्रख्यात पुरातत्वविद अरुण कुमार शर्मा का निधन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पुरातत्ववेत्ता पद्मश्री अरुण



कुमार शर्मा का गुरुवार को निधन हो गया। 92 साल की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली। अरुण शर्मा वही शख्स हैं जिनकी मांग पर अयोध्या में राम जन्म भूमि पर खुदाई कराई गई थी। उन्होंने ही खुदाई में मिले अवशेषों के रिसर्च के आधार पर कोर्ट में मंदिर होने के सबूत पेश किए थे। अरुण के बेटे मनीष ने बताया कि रायपुर स्थित आवास पर पिता ने अंतिम सांस ली। बता दें, वह छत्तीसगढ़ सरकार के पुरातत्व सलाहकार भी रहे थे।



### चाय वाले के साथ छा गई बिल गेट्स की जुगलबंदी

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर और समाजसेवी बिल गेट्स बड़े कारोबार के अलावा अपने अनोखे अंदाज के लिए जाने जाते हैं। इस समय वह अपने भारत दौरे के कारण सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में बिल गेट्स का नागपुर के फेमस डॉली चायवाले के साथ एक वीडियो वायरल हुआ है। इंस्टाग्राम हैंडल पर डॉली चाय वाले के साथ वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने भारत की तारीफ की है।

### पाकिस्तान में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** उत्तर पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में छह आतंकियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा ने कहा- सुरक्षा बलों ने खुफिया सूचना पर एक अभियान चलाया। आईएसपीआर ने कहा, अभियान के दौरान सैनिकों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई जिसमें छह आतंकवादी मारे गए, एक सैनिक भी घायल हुआ है।

## डब्ल्यूटीओ में भारत ने कहा ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क स्थगन की समीक्षा करने की जरूरत

**अबू धाबी, एजेंसी।** भारत ने गुरुवार को कहा कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के विकासशील और अल्प विकसित सदस्य देशों के लिए ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क स्थगन की फिर से समीक्षा करने की जरूरत है। भारत ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क स्थगन को आगे जारी रखने के पक्ष में नहीं है, इसका असर विकासशील देशों पर पड़ रहा है।

यह मुद्दा विश्व व्यापार संगठन के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में ई-कॉमर्स सत्र के दौरान उठा। बता दें, मंत्रिस्तरीय सम्मेलन का गुरुवार को अंतिम दिन रहा। भारत ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का यह उभरता हुआ खंड अल्प विकसित देशों (एलडीसी) सहित विकासशील देशों के लिए आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं लाता है। ऐसे में भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि डिजिटल औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क लगाने सहित सभी नीतिगत विकल्प डब्ल्यूटीओ सदस्यों के पास होने चाहिए। वाणिज्य मंत्रालय ने बयान में कहा, भारत ने बताया कि विकसित और विकासशील देशों के बीच एक बड़ी डिजिटल खाई है। इससे वैश्विक ई-कॉमर्स में विकासशील देशों की भागीदारी बढ़ाना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

## सर्वाधिक संख्या के साथ मध्य प्रदेश के सिर सजा 'तेंदुआ स्टेट' का ताज

मध्य प्रदेश का तेंदुआ स्टेट का तमगा इस बार भी बरकरार है। देश में तेंदुओं की सर्वाधिक संख्या 3,907 मध्य प्रदेश में है, वर्ष 2018 में 3421 थी। इसके बाद महाराष्ट्र में 1985, कर्नाटक में 1,879 और तमिलनाडु में 1,070 रही। टाइगर रिजर्व या सबसे अधिक तेंदुए की आबादी वाले स्थल आंध्रप्रदेश के श्रीशैलम में नागार्जुन सागर और इसके बाद मध्य प्रदेश में पन्ना और सतपुड़ा हैं। यह तथ्य गुरुवार को नई दिल्ली में भारत में तेंदुओं की स्थिति पर जारी रिपोर्ट में रेखांकित हुआ है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने इसकी रिपोर्ट जारी की।

**3,907**

के साथ मध्य प्रदेश देश में तेंदुओं की सर्वाधिक संख्या वाला प्रदेश है, वर्ष 2018 में 3421 थी संख्या





### तेंदुओं की आबादी का अनुमान

वहीं वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि वन्य जीव हमारे जंगल की शान है। उल्लेखनीय है कि पांचवें चक्र में तेंदुओं की आबादी का अनुमान राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और भारतीय वन्य जीव संस्थान द्वारा, राज्य वन विभागों के सहयोग से किया जा रहा है। चतुर्वर्षीय "बाघों की निगरानी, शिकारियों, शिकार और उनके आवास की निगरानी" अभ्यास के एक भाग के रूप में यह प्रयास किया गया था। इससे बाघ संरक्षण प्रयासों को गति मिली है।

### तेंदुओं के वर्गीकरण और संरक्षण चुनौतियां

बाघ रेंज वाले राज्यों और विविध परिदृश्यों को शामिल करते हुए, व्यापक सर्वेक्षण में तेंदुए की बहुतायत का आकलन करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करके मजबूत वैज्ञानिक पद्धतियों का इस्तेमाल किया गया। इस दौरान कैमरा ट्रैपिंग, आवास विश्लेषण और जनसंख्या के संयोजन की एक सावधानीपूर्वक प्रक्रिया के माध्यम से, तेंदुओं के वर्गीकरण और संरक्षण चुनौतियों में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि का पता चला।

### भारत में तेंदुओं की कितनी है आबादी

भारत में तेंदुओं की आबादी 13,874 (रेंज: 12,616 – 15,132) व्यक्ति होने का अनुमान है। यह 2018 में 12852 (12,172–13,535) व्यक्तियों के समान क्षेत्र की तुलना में स्थिर आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। यह अनुमान तेंदुए के निवास स्थान की 70 प्रतिशत आबादी को दर्शाता है। इसमें हिमालय और देश के अर्धशुष्क हिस्सों का नमूना नहीं लिया गया है, क्योंकि यह बाघों का निवास स्थान नहीं हैं।

### सबसे बड़ी वृद्धि दर मध्य भारत

मध्य भारत में तेंदुओं की आबादी की स्थिर या थोड़ी बढ़ती दिखाई देती है। शिवालिक पहाड़ियों और गंगा के मैदानी इलाकों में गिरावट देखी गई। यदि हम उस क्षेत्र को देखें जिसका पूरे भारत में 2018 और 2022 दोनों में नमूना लिया गया था, तो प्रतिवर्ष 1.08 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शिवालिक पहाड़ियों में, प्रतिवर्ष -3.4 % की गिरावट हो रही है।

## पाकिस्तान नेशनल असेंबली का पहला सत्र शुरू, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

### संविधान की शक्तियों का हुआ इस्तेमाल, 21 दिनों के भीतर होगा सत्र चुनाव

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की नवनिर्वाचित संसद ने गुरुवार को अपना पहला सत्र शुरू कर दिया है। कार्यवाहक सरकार के साथ चल रहे मतभेदों के बाद राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने आखिरकार विधानसभा सत्र बुलाया है। दोनों के बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को आरक्षित सीटें आवंटित किए जाने के मुद्दे को लेकर विवाद चल रहा था। पिछली संसद के निवर्तमान अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ की अध्यक्षता में उद्घाटन सत्र एक घंटे से अधिक की देरी के बाद शुरू हुआ।

एक्स अकाउंट पर जारी बयान में कहा गया, 'कुछ आपत्तियों के अधीन, राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने इस्लामिक गणराज्य पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 54(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 29 फरवरी को नेशनल असेंबली बुलाई है।' बता दें कि कि राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 91 (2) में दी गई समयसीमा के जनादेश और निहितार्थों को ध्यान में रखते हुए और कुछ आरक्षणों के अधीन और 21वें दिन से पहले आरक्षित सीटों के मुद्दे के समाधान की उम्मीद करते हुए अपनी मंजूरी दे दी। गौरतलब है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को अल्वी द्वारा उठाई गई आपत्तियों को सीरे से खारिज कर दिया था। साथ ही कहा कि पाकिस्तान के संविधान के मुताबिक, नेशनल असेंबली सत्र चुनाव के 21 दिनों के भीतर होना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 91 के तहत, नेशनल असेंबली के पहले सत्र की जरूरी तारीख 29 फरवरी है। इस मीडिया रिपोर्ट में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने मंगलवार को कहा कि संविधान की अवज्ञा करने पर अल्वी के खिलाफ कई कानूनी कार्रवाई की जाएंगी।

### नवाज शरीफ सहित कई नवनिर्वाचित सांसदों ने ली शपथ कल होगा प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव



पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी द्वारा नेशनल असेंबली का सत्र बुलाए जाने के बाद देश के नवनिर्वाचित सांसदों ने गुरुवार को शपथ ली। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को आरक्षित सीट आवंटित करने के मुद्दे पर कार्यवाहक सरकार के साथ मतभेद के कारण अल्वी के शुरुआती इनकार के बाद नई संसद का पहला सत्र आयोजित किया गया। इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित सांसदों ने चुनाव में धांधली के नारे लगाए। चुनाव में धांधली के आरोपों के बीच नवाज शरीफ, पीएमएल-एन अध्यक्ष शहबाज शरीफ, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी और पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी अन्य सांसदों ने शपथ ली। बता दें, चुनाव में पार्टी का अच्छा प्रदर्शन नहीं होने के कारण उन्होंने रिकॉर्ड चौथी बार प्रधानमंत्री बनने का अपना प्रयास छोड़ दिया। नवनिर्वाचित सांसद नेशनल असेंबली के नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव करेंगे। प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव शनिवार को होने की उम्मीद है और पीएमएल-एन तथा पीपीपी के बीच चुनाव बाद समझौते के तहत नवाज शरीफ के छोटे भाई एवं पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को सदन का नया नेता चुना जाना तय है।

## रूस के परमाणु हथियार इस्तेमाल को पूरी तरह तैयार: पुतिन

**मॉस्को।** रूस-यूक्रेन युद्ध के दो साल पूरे हो चुके हैं। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों पर भड़ास निकाली है।



पुतिन ने गुरुवार को राष्ट्र के नाम वार्षिक संबोधन में आरोप लगाया है कि पश्चिमी देश परमाणु संघर्ष के हालात पैदा करने चाहते हैं, जो मानव सभ्यता को नष्ट कर देगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देश परमाणु युद्ध का 'वास्तविक' खतरा पैदा कर रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि रूस के परमाणु हथियार उपयोग के लिए पूरी तरह तैयार में हैं। पुतिन ने आगाह किया है कि यूक्रेन युद्ध में दखलअंदाजी करने वालों के लिए परिणाम बहुत ही दुखद होंगे...उन्हें (पश्चिम) समझना चाहिए। मैंने उनसे कहा है कि हमारे पास भी ऐसे हथियार हैं जो उनके क्षेत्रों पर लक्ष्यों को नष्ट कर सकते हैं। पुतिन ने कहा कि रूस किसी को भी अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने की इजाजत नहीं देगा।

## यूएनएचआरसी: भारत ने कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को फटकारा

संयुक्त राष्ट्र/ जिनेवा

- जिनेवा में स्थायी सचिव अनुपमा ने कहा- भारत का यह आंतरिक मामला, टिप्पणी करना गलत

भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में बुधवार को डिबेट के दौरान कश्मीर के मुद्दे को उठाने के लिए पाकिस्तान को फटकार लगाई। साथ ही भारत ने इसे झूठ फैलाने के लिए हताश प्रयास बताया।

परिषद में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान जवाब देने के अधिकार में कहा, 'आज जब हम यूएनएससी सुधारों पर चर्चा करने के लिए मिल रहे हैं, तो पाकिस्तान के एक प्रतिनिधि ने फिर से जम्मू-कश्मीर का बेफिजूल संदर्भ उठा दिया। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है, भले ही पाकिस्तान का प्रतिनिधि कुछ भी मानता हो।

अनुपमा सिंह ने यूएनएचआरसी के 55वें सत्र में दोनों देशों द्वारा अपने बयानों में कश्मीर का मुद्दा उठाने के बाद भारत ने तुर्किये और पाकिस्तान को जवाब दिया। अनुपमा ने कहा, हमें तुर्किये द्वारा ऐसे मामले पर की गई टिप्पणी को लेकर खेद है जो भारत का आंतरिक मामला है और हम उम्मीद करते हैं कि वह भविष्य में हमारे आंतरिक मामलों पर अवांछित टिप्पणी करने से बचेगा।



### भारत के खिलाफ झूठे आरोप लगाना दुर्भाग्यपूर्ण

हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकी सरगनाओं के बारे में भारत ने कहा, एक ऐसा देश जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा घोषित आतंकवादियों को पनाह देता है, उसका भारत पर टिप्पणी करना जिसकी लोकतांत्रिक साख दुनिया के लिए एक मिसाल हैं, हर किसी के लिए एक विरोधाभास है। भारत के व्यापक संदर्भों के लिए पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा कि परिषद के मंच का इस्तेमाल एक बार फिर भारत के खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

## पति को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी नहीं ठहराया जा सकता, तीन दशक बाद आरोपी बरी

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट फैसला सुनाते हुए बोला- पत्नी की आत्महत्या के लिए पति के खिलाफ ठोस सबूत जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने 1993 के एक केस में अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में दर्ज एक पति की सजा को रद करते हुए व्यक्ति को बरी कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने तीन दशक पहले अपनी पत्नी को सुसाइड के लिए उकसाने के आरोप से एक व्यक्ति को बरी करते हुए कहा है कि शादी के सात साल के भीतर अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने पर किसी व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता, जब तक कि उसके खिलाफ उत्पीड़न या क्रूरता के ठोस सबूत न हों।

भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 113ए उन मामलों में पति और ससुराल वालों द्वारा उकसाने की धारणा स्थापित करती है, जहां शादी के सात साल के भीतर एक महिला की आत्महत्या होती है और वह क्रूरता का शिकार हुई है।

इस मामले में, आदमी की शादी 1992 में हुई थी। अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि शादी के तुरंत बाद, आदमी और उसके माता-पिता ने पैसे की मांग करना शुरू कर दिया क्योंकि वह राशन की दुकान शुरू करना चाहता था। रिकॉर्ड के अनुसार, 19 नवंबर 1993 को महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, उसने अपने पति के लगातार उत्पीड़न के कारण आत्महत्या कर ली। शीर्ष अदालत ने कहा कि अदालतों को शादी के सात साल के भीतर किसी महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के विषय पर कानून के सही सिद्धांतों को लागू करने में बहुत सावधान और सतर्क रहना चाहिए, अन्यथा यह धारणा बन सकती है कि दोषसिद्धि कानूनी नहीं बल्कि नैतिकता है।

पीठ ने कहा, "इस अदालत ने माना है कि शादी के सात साल के भीतर आत्महत्या के तथ्य से, किसी को तब तक उकसाने के नतीजे पर नहीं पहुंचना चाहिए जब तक कि क्रूरता साबित न हो जाए। उत्पीड़न या क्रूरता के किसी ठोस सबूत के अभाव में, किसी आरोपी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है।

### एटमी हथियार केंद्र बंद...





**टेक्सास:** सैन फ्रांसिस्को अमेरिका में टेक्सास के जंगलों में लगी आग विकराल हो गई है। 5 स्थानों पर लगी इस आग ने 3.7 लाख एकड़ क्षेत्र को चपेट में ले लिया है। इससे अमेरिका का परमाणु हथियार सुविधा संचालन केंद्र खतरे में पड़ गया है। आग के बेकाबू होने के बाद अमेरिका के परमाणु शस्त्रागार को जोड़ने और अलग करने वाली मुख्य सुविधा ने मंगलवार रात टेक्सास में काम करना बंद कर दिया। आग बढ़ती देख छोटे शहरों को खाली करने के आदेश दिए गए हैं। गवर्नर ग्रेग एबॉट ने इसे आपदा घोषित कर दिया है। ● एजेंसी

## विकास साझेदारी हमारे संबंधों का प्रमुख स्तंभ

- मॉरीशस में परियोजनाओं के उद्घाटन पर मोदी बोले- 10 वर्षों में संबंधों को अभूतपूर्व दिशा मिली

नई दिल्ली, एजेंसी





मॉरीशस समकक्ष प्रविंद जुगनाथ के साथ वर्चुअली माध्यम से विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मॉरीशस समकक्ष प्रविंद जुगनाथ ने गुरुवार को मॉरीशस के अगालेगा द्वीप पर छह सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके साथ ही नई हवाई पट्टी (एयरस्ट्रिप) और सेंट जेम्स जेट्टी का भी संयुक्त रूप से लोकार्पण किया।

पीएम कार्यालय के एक बयान के अनुसार, यह कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया था। इन कई परियोजनाओं का उद्घाटन दोनों देशों, भारत और मॉरीशस के बीच मजबूत और दशकों पुरानी विकास साझेदारी का प्रमाण है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, 'पिछले 10 वर्षों में, भारत-मॉरीशस संबंधों को अभूतपूर्व दिशा मिली है। हमने इस रिश्ते में नई ऊंचाइयां हासिल कीं।

हमने वैज्ञानिक और ऐतिहासिक संबंधों को एक नया रूप दिया। विकास साझेदारी हमारे संबंधों का प्रमुख स्तंभ रही है। भारत ने हमेशा मॉरीशस की जरूरतों का सम्मान किया है'। आधिकारिक बयान के अनुसार, ये परियोजनाएं मुख्य भूमि मॉरीशस और अगालेगा के बीच बेहतर कनेक्टिविटी की मांग को पूरा करने में मदद करेंगी। पीएमओ के अनुसार इससे समुद्री सुरक्षा मजबूत होगी और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

दरअसल, कुछ सप्ताह पहले दोनों नेताओं ने मॉरीशस में यूपीआई और रुपे कार्ड सेवाओं के शुभारंभ किया था। इसके बाद अब इन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन इस क्षेत्र में बहुत महत्व रखता है।

**विज्ञान** वैज्ञानिकों ने जताई थी तीन ग्रहों पर जीवन की संभावना, कम हो रही दूसरे ग्रह पर जीवन की उम्मीद


## खत्म हो रहा बाहरी सौरमंडल के ग्रह ट्रैपिस्ट-1ई का वातावरण

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** सात ग्रहों का ट्रैपिस्ट एक्सोप्लैनेट (बाहरी ग्रहों) का सौरमंडल खत्म हो जाएगा। कुछ ऐसी ही संभावनाएं खगोल वैज्ञानिक जता रहे हैं। ताजा शोध में पता चला है कि रहने योग्य इस इस सोलर सिस्टम का एक ग्रह ट्रैपिस्ट-1ई का वारावरण नष्ट हो रहा है। इस जानकारी के बाद किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की उम्मीद जाती रही।

ट्रैपिस्ट सात ग्रहों वाला सौर मंडल है। जिसके तीन ग्रहों पर जीवन की संभावना वैज्ञानिकों ने जताई थी। मगर अब जो जानकारी मिली है, उससे पता चलता है कि इस बाहरी सिस्टम में रहने योग्य ग्रहों को उसके लाल बौने तारे से निकलने वाले कठोर विकिरण उसके वायुमंडल से खत्म कर रहा है। जिसमे ट्रैपिस्ट-1ई जीवन के लिए दुर्गम बना सकती है।

वैज्ञानिकों के अनुसार प्रतीत होता है कि इस ग्रह के अपने लाल बौने मेजबान तारे के चारों ओर विद्युत धाराएं उत्पन्न हो रही हैं। इस सोलर सिस्टम के ग्रह लाल बौने तारे की परिक्रमा करते हैं। इस सिस्टम में सभी सात ग्रह पृथ्वी के समान चट्टानी हैं। जिनमें 3 रहने योग्य क्षेत्र में स्थित हैं। यह क्षेत्र न तो बहुत गर्म है और न ही बहुत ठंडा है और इनमें तरल पानी की प्रबल संभावना थी। ट्रैपिस्ट-1ई पृथ्वी से 40 प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित है। ट्रैपिस्ट-1 ई एक्सोप्लैनेट में वायुमंडल की विस्तृत जानकारी के लिए नासा की जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद ली गई थी और गहन अध्ययन के बाद वैज्ञानिकों को निराश होना पड़ा है। अमेरिका के सेसिलिया गैराफो, हार्वर्ड और स्मिथसोनियन के वैज्ञानिक इस सौर मंडल का सामूहिक अध्ययन कर रहे हैं।



ट्रैपिस्ट-1 का सौरमंडल।

### पृथ्वी के आकार का है ट्रैपिस्ट 1ई, 0.7 गुना है द्रव्यमान

ट्रैपिस्ट-1ई लगभग पृथ्वी के आकार का है। इसका द्रव्यमान हमारे ग्रह के लगभग 0.7 गुना है। यह अपने तारे से चौथे नंबर का ग्रह है, जो पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी से केवल 0.028 गुना दूरी पर परिक्रमा करता है, और केवल 6.1 पृथ्वी दिनों में एक चक्कर लगाता है। एक्सोप्लैनेट ट्रैपिस्ट-1बी का अपना वातावरण पहले ही खो चुका है। इस सौरमण्डल के सातों ग्रहों के नाम ट्रैपिस्ट-1बी, 1ई, 1सी 2डी आदि रखे गए हैं।

## गाजा में राहत सहायता की प्रतीक्षा कर रहे लोगों पर हमला, 70 की मौत

**राफा।** गुरुवार को गाजा शहर में मानवीय सहायता की प्रतीक्षा कर रहे फिलिस्तीनियों की भीड़ पर इजराइली हमले में दर्जनों लोग मारे गए और घायल हो गए। स्थानीय अस्पताल के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी।

शिफा अस्पताल के नर्सिंग विभाग के प्रमुख डॉ. जदल्लाह शफाई ने अल जजीरा नेटवर्क को बताया कि लगभग 70 लोग मारे गए और 250 घायल हो गए। उन्होंने सटीक मरने वालों की संख्या नहीं बताया। अल जजीरा ने फुटेज चलाया जिसमें कई शव और घायल लोग शिफा पहुंचते हुए दिखाई दे रहे थे। कमल अदवान अस्पताल में एम्बुलेंस सेवा के प्रमुख फारेस अफाना ने कहा कि घटनास्थल पर पहुंचने वाले चिकित्सकों ने सैकड़ों को जमीन पर पड़ा हुआ पाया। उन्होंने कहा कि मृतकों और घायलों को गधे द्वारा खिंची जाने वाली गाड़ियों पर अस्पतालों में लाया जा रहा था।

## एच-1बी वीजा प्रक्रिया में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतीय-अमेरिकियों को लेकर बोला-व्हाइट हाउस

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन एच1बी वीजा प्रक्रिया, 'ग्रीन कार्ड' बैकलॉग और देश की कानूनी आव्रजन प्रणाली से संबंधित अन्य मुद्दों में सुधार के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। एच1बी वीजा एक गैर-आप्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी श्रमिकों को विशेष व्यवसायों में नियोजित करने की अनुमति देता है जिनके लिए सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ने बुधवार को कहा, अगर हम एच1बी वीजा प्रक्रिया को देखें, तो हमने उसमें सुधार करने के लिए कार्रवाई की है और वैध स्थायी निवासियों (ग्रीन कार्ड) के लिए प्रक्रिया और बैकलॉग जो अमेरिकी नागरिक बनने के लिए पात्र हैं।

### भारत की अध्यक्षता में क्वाड की प्रगति बरकरार रहेगी : व्हाइट हाउस

व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन को उम्मीद है कि क्वाड 2024 में भारत की अध्यक्षता में अपने पिछले तीन वर्षों की गति को बरकरार रखेगा। क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) में भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान चार देश शामिल हैं। जीन-पियरे ने कहा, राष्ट्रपति पिछले तीन वर्षों में क्वाड की प्रगति पर बहुत गर्व महसूस करते हैं। क्वाड के सदस्यों ने मार्च 2021 में व्हाइट हाउस में अपना पहला शिखर सम्मेलन आयोजित किया था। उन्होंने कहा- क्वाड की 2024 में वर्षगांठ आ रही है, हम उम्मीद कर रहे हैं अमेरिका के बारे में नहीं, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बारे में भी बात कर रहे हैं।

## ट्रंप एक और राज्य के प्राथमिक चुनाव के लिए अयोग्य घोषित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बुधवार को कैपिटल हिल हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली। शीर्ष अदालत उनकी दलीलों को सुनने पर सहमत हुआ।



वहीं दूसरी ओर, इसी मामले को लेकर इलिनॉय राज्य में एक स्थानीय अदालत से उन्हें झटका लगा। अदालत ने ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव के लिए होने वाले प्राथमिक मतदान से बाहर करने का आदेश दिया है। इससे पहले मेन और कोलाराडो राज्य भी ट्रंप को राज्य के प्राथमिक मतदान के लिए अयोग्य घोषित कर चुके हैं। इलिनॉय में 19 मार्च को प्राथमिक चुनाव होंगे। कोर्ट ने कहा- ट्रंप ने एक विद्रोह में भाग लिया था। इसलिए उन्हें राज्य के मतपत्र में रहने की अनुमतिनहीं है।